
# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित | www.lagatar.in

एक राज्य - एक अखबार

मंगलवार 27 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 03 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 310 * * आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

जिएं तो जिएं कैसे..
बिन आपके...

जन्म
17 मई 1951

मृत्यु
26 फरवरी 2024

# दुनिया को अलविदा कह गए 'चिट्ठी आई है' गाने वाले पंकज उधास


शुभम संदेश नेटवर्क

लीजेंड्री सिंगर पंकज उधास का निधन हो गया. 72 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली. पंकज की बेटी नायाब उधास ने सिंगर की मौत की खबर शेयर की है. नायाब उधास ने पोस्ट में लिखा- बहुत दुख के साथ हमें ये आपको बताना पड़ रहा है कि पद्मश्री पंकज उधास का 26 फरवरी 2024 को निधन हो गया है. वो लंबे समय से बीमार थे. वो उम्र संबंधी बीमारियों और कैंसर रोग से जूझ रहे थे. 10 दिन पहले अस्पताल में भर्ती हुए थे. उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा. पंकज उधास का निधन सोमवार की सुबह 11 बजे ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुआ. पंकज जैसे गजल गायक का यूं दुनिया छोड़ जाना फैंस को गमगीन कर गया है.

हर कोई सोशल मीडिया पर नम आंखों से सिंगर को आखिरी श्रद्धांजलि दे रहा है. पंकज का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जीतपुर में हुआ था. उनके पिता किसान थे. दोनों भाई भी सिंगर थे. पंकज बहुत सिंपल लाइफ जीते थे. साल 2006 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था. पर्सनल लाइफ की बात करें तो, पंकज ने फरीदा से शादी की. उनकी तीन बेटियां हैं. -शेष पेज 7 पर

### पद्मश्री से सम्मानित थे पंकज उधास

- संगीत की दुनिया में शानदार योगदान के लिए साल 2006 में भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया गया था- उनकी पत्नी फरीदा एक एयरहोस्टेस थीं, लेकिन उनकी दोनों बेटियां संगीत से जुड़ी हुई हैं
- पहली बेटी नायाब क्लासिकल सिंगर हैं और दूसरी बेटी रिवा भी म्यूजिक इंडस्ट्री से ही जुड़ी हैं.



### पंकज उधास की हिट गजलें

*चिट्ठी आई है...चांदी जैसा रंग है तेरा...*
*ना कजरे की धार, न मोतियों की हार...*
*घूंघट को मत खोल...*
*थोड़ी थोड़ी पिया करो...*
*चुपके चुपके सखियों से वो बातें करना भूल गई...*
*और आहिस्ता कीजिए बातें...*
*निकलो न बेनकाब...*
*दीवारों से मिलकर रोना अच्छा लगता है...*
*एक तरफ उसका घर...*

---

2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण विस में पेश: 7.7% की विकास दर से दौड़ेगा झारखंड

# प्रतिव्यक्ति आय 1 लाख के पार

रवि भारती/प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य की आय 7.7 फीसदी की औसत वार्षिक दर से बढ़ेगी. चालू वित्तीय वर्ष में यह 7.1 फीसदी रहा. वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को सदन में 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण रिर्पोट पेश किया. रिर्पोट में कहा गया है कि वर्ष 2020-21 में राज्य की प्रतिव्यक्ति आय में 51,464 रुपए स्थिर कीमत पर और 69963 मौजूदा कीमत पर थी. वर्ष 2022-23 में यह बढ़ कर के 60,033 स्थिर कीमत पर और 91874 मौजूदा दर पर पहुंच गयी. वर्ष 2023-24 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय रुपए 63443 स्थिर कीमतों पर और रुपए 98649 मौजूदा कीमत पर अनुमानित है. इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में वर्तमान कीमतों पर 107027 रुपए तथा स्थिर कीमत पर इसका रुपए 98649 होने का अनुमान है.

**झारखंड में मुद्रास्फीति दर 6 फीसदी से हो रही कम :** झारखंड में, मुद्रास्फीति दर अधिकांशतः इस उच्चत्तम सीमा से कम रही है. झारखंड में मुद्रास्फीति की औसत दर वर्ष 2022-23 में 6.1 प्रतिशत थी. 2023-24 में (अक्टूबर, 2023 तक), जुलाई और अगस्त 2023 के महीनों को छोड़ कर, मुद्रास्फीति दर 6 प्रतिशत से कम रही है. झारखंड में, पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) अन्य वस्तुओं की तुलना में ईंधन और प्रकाश और कपड़ों और जूतों के मूल्य में बहुत तेजी से वृद्धि हुई हैं. इस अवधि के दौरान ईंधन मुद्रास्फीति 12.1 प्रतिशत औसत वार्षिक दर पर और कपड़े और जूते के मूल्य 9.1 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़े. इन दो कमोडिटी समूहों का योगदान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 13.4 प्रतिशत (क्रमशः 6.84 और 6.53) है, इसलिए इनके मूल्यों में वृद्धि ने इस अवधि के दौरान राज्य की मुद्रास्फीति दर को प्रभावित किया.

**ग्रामीण अर्थव्यस्था ने पकड़ी तेजी :** रिर्पोट के अनुसार राज्य के ग्रामीण विकास विभाग ने अच्छी प्रगति की है. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, ग्रामीण इलाकों में आजीविका की सुरक्षा प्रदान करता है.

राज्य में कुल श्रमिकों के सक्रिय श्रमिकों का आंकड़ा वर्ष 2021-24 में 25 जनवरी, 2024 को करीब 45.9% था. मनरेगा के तहत जाति-जनजाति परिवारों के 14.4% परिवार 2023-24 (25 जनवरी, 2024 को) में इस योजना में कार्य कर रहे थे. इस अवधि में मनरेगा के तहत सृजित संपत्ति में झारखंड का अंश 4.34% रहा है. जनवरी 2024 में शुरू किये गए कामों की लगभग 47.67 लाख थी, जिनमें 40.77 लाख काम पूर्ण हो गए है. -शेष पेज 7 पर



### रामेश्वर उरांव आज पेश करेंगे राज्य का बजट

**रांची।** भाजपा विधायकों के वॉकआउट के बीच झारखंड सरकार का तीसरा 4981 करोड़ का अनुपूरक बजट सोमवार को सदन से पास हो गया. अब राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव 27 फरवरी को आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट विधानसभा में पेश करेंगे. यह बजट चंपाई सोरेन सरकार का पहला और विधानसभा चुनाव के पहले अपना अंतिम वार्षिक बजट होगा. इस बजट में किसानों, ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई अहम घोषणा होने की उम्मदी है. बजट का योजना आकार बढ़ने की संभावना है.

### पंचायती राज संस्थानों की प्रगति संतोषजनक

राज्य में स्थानीय स्वशासन और पंचायती राज संस्थानों की प्रगति काफी संतोषजनक रही है. 14वें वित्त आयोग के तहत कुल अनुदानों का लगभग 92 प्रतिशत प्राप्त हुआ है और 15वें वित्त आयोग के अनुदानों से ग्राम पंचायतों को लगभग 646.5 करोड़ रुपए का भुगतान भी शुरू किया गया है. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के तहत प्रगति भी प्रेरणादायक हैं. आने वाले वित्तीय वर्ष में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास की दिशा में वृद्धि होगी.

#### शहरी पेयजल पहुंचाने में आई तेजी



झारखंड में पाइप से जल आपूर्ति लेने वाले शहरी आवासों का अनुपात 2021-2022 में 20% जो 2022-2023 में बढ़कर 21.25% हो गया और सितंबर 2023 के अनुसार 2023-2024 में 22.43% तक बढ़ गया है. झारखंड के शहरी घरों का प्रतिशत जो शौचालय सुविधा का उपयोग करता है, वह 2021-2022 में 90.97 प्रतिशत के आंकड़े से आंगिक रूप से बढ़कर 2022-2023 में 91 प्रतिशत और फिर 2023-2024 (सितंबर 2023 तक) में 91.03 प्रतिशत हो गया है. शहरों और नगरों में नाली की व्यवस्था में भी सुधार हुआ है. कुल मिलाकर, झारखंड में 8262 किलोमीटर की नाली है, जिसमें से 6838 किलोमीटर पक्की नाली है.

#### फसल गहनता में उतार-चढ़ाव



झारखंड की फसल गहनता में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. तीन वर्षों तक लगभग 144% के आस-पास स्थिर रहने के बाद, इसमें वर्ष 2021-22 में एक अल्प गिरावट दर्ज की गयी. तथापि 2022-23 ने एक रिकॉर्ड ऊंची छलांग लगाकर 71.58% दर्ज की जो राज्य की कृषि गहनता में वृद्धि को दर्शाती है. सिंचाई के साथ खाद्य फसलों की खेती के लिए कुल क्षेत्र 2020-21 में 2,37,862 हेक्टेयर से बढ़कर 2021-22 में 2,67,951 हेक्टेयर हो गया. यह राज्य में संसाधनों के उपयोग में सुधार की ओर इंगित करता है.

#### कृषि ऋण में सकारात्मक वृद्धि



2022-23 में केसीसी योजना के माध्यम से कृषि ऋण ने सकारात्मक वृद्धि दिखाई है. नए खातों की संख्या 1.87% बढ़ी है. इसमें 1,133 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के साथ 9.91% बढ़ गई है. 8 लाख से अधिक रुपे कार्ड जारी किए गए, जिससे 66.5% खाता और 66.7% राशि के लक्ष्यों की पूर्ति हुई जिससे भविष्य में कृषि ऋण की उपलब्धता में सुधार और सुगमता की संभावना है. फसल बीमा योजना ने 19.4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को 10,733 करोड़ रुपए से आच्छादित किया. 44 लाख से अधिक किसानों ने इसमें भाग निया, जिन्होंने 75 करोड़ रुपए का प्रीमियम भुगतान किया. 572 करोड़ रुपए का दावा होने के बावजूद, कार्यक्रम ने 98 करोड़ रुपए का था, जिससे यह योजना प्रभावशाली साबित हुई.

#### बेरोजगारी दर में आई कमी



5 वर्षों में श्रम शक्ति भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात ने सभी आयु समूहों में और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बढ़ोत्तरी की है. बेरोजगारी दर में कमी हुई है. सभी आयु समूहों में, वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक, श्रमिक- अनुपात ने 7.8% की औसत वार्षिक दर वृद्धि की है, जबकि श्रम शक्ति भागीदारी दर 2017-18 से 2022-23 के बीच 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है. इसी समय सामान्य स्थिति में झारखंड में सभी आयु समूह में बेरोजगारी दर 2017-18 में 7.7 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 1.7 प्रतिशत हो गई है.

### 87.58 फीसदी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का काम पूरा



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत, झारखंड की सड़क पूर्ण करने की दर 87.58 प्रतिशत थी. राज्य सरकार उच्च और समरूपी तक मानकों को स्थापित करने और ग्रामीण सड़क नेटवर्क के सतत प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर योजना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. झारखंड में कुल स्वीकृत घरों का निर्माण पूर्ण करने का प्रति 18 दिसम्बर, 2023 को 97.8% था. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सृजन मिशन के तहत प्रदर्शन-आधारित सूचकांक पर राज्य की रैंकिंग और डेल्टा रंकिंग 82.25 के स्कोर के साथ थी. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या वर्षों के साथ कई 2018-19 वित्तीय वर्ष में राज्य में कुल लाभार्थियों की संख्या 2.72 करोड़ थी, यह आंकड़ा 2023-34 वित्तीय वर्ष (दिसम्बर) में 36 तक बढ़ गया है. वहीं जोहार परियोजना का लक्ष्य 17 जिलों के 68 ब्लॉक के 2 लाख ग्रामीण उत्पादक परिवारों की आय को दुगुना करना है.

---

कांग्रेस को लगा झटका, इकलौती सांसद बोलीं : बाय-बाय

# गीता कोड़ा भाजपा में शामिल

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा अब भाजपा की हो गई हैं. सोमवार को गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया. भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद गीता कोड़ा ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी सहित अन्य भाजपा नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया. गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस परिवारवादी पार्टी है, ऐसे में उसके साथ रहने का अब औचित्य नहीं रह गया था. इस लिए मैंने भाजपा में आने का फैसला किया. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने जनभावनाओं का कभी सम्मान नहीं किया. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में यह राज्य बना. कांग्रेस केवल एसटी के कल्याण के नाम पर सिर्फ झूठी रट लगाती है.

**मधु कोड़ा को सीएम बना कर कांग्रेस ने खुद मधु खाया :** बाबूलाल ने कहा कि मधु कोड़ा को सीएम बना कर कांग्रेस ने खुद मधु खाया, पर उन्हें कोड़ा खाने को छोड़ दिया. गीता और मधु कोड़ा हो समाज से आते हैं. वे सब चाईबासा के सीमित क्षेत्र में ही रहते हैं. पर कांग्रेसियों ने उनका साथ कभी नहीं दिया. हेमंत सोरेन ने यहां की संपदा लूटी. इसके लिए दिल्ली तक लोग बचाने में लगे हैं. महंगी -महंगी फीस देकर वकीलों की सेवा ले रहे हैं, जबकि सोरेन परिवार के पास तो इतनी जमीन है, जितनी रातू और पद्मा और अन्य पुराने महाराजों के पास भी नहीं होगी. मधु कोड़ा गरीब आदिवासी थे, उन्हें अकेला छोड़ दिया गया था.

**गीता के आने से पार्टी को मिलेगी ताकत :** बाबूलाल मरांडी ने गीता कोड़ा का पार्टी में स्वागत करते कहा कि वे पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी हैं. दो बार जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं. यह महत्वपूर्ण है कि जिस राज्य में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस की सरकार है, गीता उस पार्टी को छोड़ कर भाजपा में आयी हैं. यह बताता है कि मोदीजी के कामों के प्रति लोगों का झुकाव कितना है. अब गीता के आने से कोल्हान समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी पार्टी को ताकत मिलेगी. अब भाजपा की सभी 14 सीटों पर जीत तय है. मधु कोड़ा के पार्टी में शामिल होने के सवाल पर कहा कि वे और गीता तो साथ ही रहते हैं. ऐसे में वह भी अब भाजपा के साथ हैं. मधु कोड़ा से उनकी पुरानी पहचान है. कई लोग समय के साथ बिछुड़ गये थे, अब सब साथ जुट रहे हैं.

- बोलीं गीता कोड़ा- कांग्रेस में रहने का कोई औचित्य नहीं रह गया
- बोले बाबूलाल मरांडी- गीता और मधु तो साथ ही रहते हैं, दोनों पार्टी में



**स्वागतम** : गीता कोड़ा को सदस्यता दिलाते बाबूलाल मरांडी

### भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ को हरा कर बनीं थीं सांसद

पति के जेल जाने के बाद गीता कोड़ा सक्रिय राजनीति में आईं थीं. वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरी थीं. उन्होंने भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को हराया और पहली बार सांसद बनीं. वे झारखंड में कांग्रेस की एकमात्र प्रत्याशी थीं, जिन्होंने जीत हासिल की थी. गौरतलब है कि 2009 के विधानसभा चुनाव में गीता कोड़ा पहली बार चुनावी मैदान में उतरीं. वो जगन्नाथपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी को हराकर पहली बार विधायक बनीं. 2014 में उन्होंने सिंहभूम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं. 2014 में ही हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने एकबार फिर जीत दर्ज की. 2018 में वे कांग्रेस में शामिल हुईं. गीता कोड़ा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं. उनका जन्म 26 सितंबर 1983 को झारखंड के मेघहातुबुरु में हुआ था. उन्होंने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की. फिर मधु कोड़ा से शादी की. मधु कोड़ा के जेल जाने के बाद गीता कोड़ा सक्रिय राजनीति में आईं.



गीता थाम सकती हैं भाजपा का दामन, सरयू की वापसी भी संभव

**शुभम संदेश ने 25 अक्टूबर 2023 को ही छापी थी खबर**

---

हाइवे पर गुड़गुड़ाया हुक्का, जमी चौपाल, बोले किसान-

# हमारे लिए अब दिल्ली दूर नहीं...

कुमार माधवन

किसान आंदोलन के 15वें दिन यानी सोमवार को किसानों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा ने देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला. पंजाब में किसानों ने नेशनल हाइवे पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां खड़ी कीं. वहीं हरियाणा में टोल प्लाजों पर किसानों ने प्रदर्शन किया. इसके साथ किसानों ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के पुतले भी फूंकें.

बता दें कि किसान दिल्ली कूच का फैसला 29 तक टाल चुके हैं. हालांकि एमएसपी सहित कई मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन 15वें दिन भी जारी है. भाकियू और अन्य किसान संगठनों ने सोमवार को ट्रैक्टरों के सहारे अपनी ताकत दिखाई. साथ ही किसानों ने डब्लूटीओ का पुतले फूंका. इस दौरान दिल्ली-देहरादून हाइवे पर ट्रैक्टरों की श्रृंखला बना कर हुंकार भरी. हरियाणा में टोल प्लाजा पर किसानों ने प्रदर्शन किया. किसान ट्रैक्टर श्रृंखला बनाकर यह बताने बताने का प्रयास कर रहे है कि किसान गुस्से में हैं.



### कृषि कर्ज माफी तक जारी रहेगा आंदोलन

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सोमवार को हमने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर डब्ल्यूटीओ के पुतला दहन का आयोजन किया. यह कार्यक्रम 13 राज्यों में आयोजित किया गया. हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह आंदोलन एमएसपी गारंटी कानून बनने और कृषि कर्जमाफी तक जारी रहेगा.

---

झारखंड को तोहफा | कई रेल परियोजनाओं का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

# मजबूत रेलवे से ही पूरा होगा नए भारत का संकल्प: मोदी

शुभम संदेश टीम ।रांची/धनबाद

पीएम नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोमवार को देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलने की आधारशिला रखी. इस योजना के तहत झारखंड के विभिन्न जिलों के कई स्टेशनों का भी पुनर्विकास किया जाएगा. इस दौरान रांची रेल मंडल की 26 और धनबाद रेल मंडल की 20 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया. इसके लिए रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ मांझी, मंत्री दीपक बिरूवा, डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा समेत कई रेलवे अधिकारी मौजूद थे.



**रेलवे स्टेशनों पर मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं :** शिलान्यास के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रेलवे को मजबूत करके ही हम नए भारत का संकल्प पूरा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि एक दशक पहले तक वंदे भारत जैसी ट्रेन के बारे में किसी ने नहीं सोचा था. लेकिन आज यह रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल हो गया है. अब भारतीय रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी. उन्होंने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले रेल बजट 45 हजार करोड़ रुपये था लेकिन अब रेल बजट 2.5 लाख करोड़ रुपये है. उन्होंने देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सपना मोदी का संकल्प है. पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में एनडीए सरकार ने भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से काबू पा लिया है, इसलिए विकास कार्य जमीन पर दिख रहे हैं. -शेष पेज 7

### झारखंड के 18 स्टेशनों पर खर्च होंगे 578 करोड़

अमृत भारत योजना के तहत झारखंड के 18 स्टेशनों में नए स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण होना है, जिसमें कुल 578.95 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इनमें टाटानगर रेलवे स्टेशन सहित चक्रधरपुर, गम्हरिया, सीनी, चाईबासा, डांगवापोसी, बड़ाजामदा, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ कैंट, गोविंदपुर रोड, ओरगा, मुरी, सिल्ली, लोहरदगा, टाटीसिलवाई व नामकुम स्टेशन शामिल हैं. इसके अलावा झारखंड परिक्षेत्र में 44 ओवरब्रिज व अंडर पास का भी निर्माण होना है जिसमें 546.01 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

### टाटानगर में 335 करोड़ से बनेगी नई स्टेशन बिल्डिंग

रेल प्रोजेक्ट के तहत टाटानगर स्टेशन की नई बिल्डिंग का 335 करोड़ से बनेगी. यह एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा. इसमें सभी तरह की व्यवस्था जैसे बड़ी पार्किंग, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, लिफ्ट, एसक्लेटर, फूड कोर्ट, गेम जोन की सुविधा रहेगी. तीन मंजिली बिल्डिंग तीन साल में बन कर पूरी होगी.

**इन प्रोजेक्ट को मिली हैं मंजूरी**

- अब आठ प्लेटफॉर्म का होगा टाटानगर रेलवे स्टेशन
- बर्मामाइंस छोर पर बनाए जाएंगे तीन नए प्लेटफार्म, योजना को मिली स्वीकृति

## झारखंड सरकार का तीसरा 4981 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास

# राज्य को सूद मुक्त बनाना प्राथमिकता : डॉ. रामेश्वर उरांव

**विशेष संवाददाता/रांची।** भाजपा विधायकों के वॉकआउट के बीच झारखंड सरकार का तीसरा 4981 करोड़ का अनुपूरक बजट सोमवार को सदन से पास हो गया. अब राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव 27 फरवरी को सदन में चंपाई सोरेन सरकार का पहला और विधानसभा चुनाव के पहले अपना अंतिम वार्षिक बजट पेश करेंगे. तीसरे अनुपूरक बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम केवल बजट का आकार नहीं बढ़ा रहे हैं बल्कि उसे खर्च का पाई-पाई का हिसाब भी देते हैं. 2019 के पहले भले ही बजट का योजना आकर बढ़ा दिया जाता था, मगर राज्य के खजाने में बचत और खर्च का ब्योरा नहीं दिया जाता था. 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार बनने के बाद हमने कई चीजों पर ध्यान देना शुरू किया. हमने खर्च बढ़ाया तो रेवन्यू भी बढ़ाया. खजाने पर भी ध्यान दिया. कम से कम लोन लेना पड़े और लिए गए लोन का सूद कम और खत्म करने की दिशा में काम शुरू किया. हमारा मकसद है कि न जनता पर एक भी लोन रहे और न सूद. झारखंड को सूद मुक्त राज्य बनाना पहली प्राथमिकता है. बचत किसी भी राज्य का अहम पार्ट होता है. हमें इस बात की खुशी है कि हमने बचत के तौर पर सिंक्रिंग फंड के तहत आरबीआई खाते में 1600 करोड़ रुपये रखें, ताकि कभी भी मुसीबत में उसका इस्तेमाल किया जा सके. 2020 के पहले खर्च का ऑडिट नहीं होता था, हमारी सरकार बनने के बाद हमने ऑडिट कराना शुरू किया ताकि खर्च का हिसाब दिया जास सके. हमारी सरकार दो मोर्चे पर एक साथ काम कर रही है. पहला लोककल्याणरी योजनाएं और आधारभूत संरचना को खड़ा करना, जिसे जो बोलना है बोल ले, जिसे लिखना है लिख ले, मगर चालू वित्तीय वर्ष का हमने 31 जनवरी तक 75,684 करोड़ रुपये खर्च कर लिए और इस वित्तीय वर्ष में कुल 25 हजार करोड़ खर्च करने का लक्ष्य है. इससे साबित होता है कि हम केवल पैसा लेते ही नहीं, उसे खर्च भी करते हैं और खर्च करने के बाद उसका ऑडिट और उचित मॉनिटरिंग भी करते हैं.

**किसने क्या कहा**

### आज झारखंड में भी संदेशखाली जैसे हालात उत्पन्न हो रहे हैं : अनंत ओझा

तीसरे अनुपूरक बजट पर भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कटौती प्रस्ताव रखते हुए कहा कि राज्य सरकार



वित्तीय वर्ष 2023-24 में जब बजट का 54 प्रतिशत ही राशि खर्च कर पाई है तो तीसरा अनुपूरक बजट लाने का औचित्य क्या है. पिछले बजट में घोषणा हुईं 59 योजनाओं में केवल 10 पर काम हुआ. वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के सरकार में राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था काफी अच्छी थी को आधार बता कर अनंत ओझा ने सरकार पर उठाया सवाल. उन्होंने कहा कि झारखंड को पश्चिम बंगाल की तर्ज पर धकेला जा रहा है. आज यहां संदेशखाली की स्थिति बनती जा रही है. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए लाए अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव को लेकर पुलिस प्रशासन पर उठाया सवाल. कहा कि सत्ता संरक्षण में अवैध खनन और खनिज संपदा की लूट हुई है. आदिवासी बच्चियों को प्रलोभन देकर लव जिहाद के लिए टारगेट किया जा रहा है और पुलिस प्रशासन चुप है. सब कुछ सरकार के संरक्षण में हो रहा है.

### यूपी में प्रश्न पत्र लीक मामले में भाजपा सीबीआई जांच की मांग क्यों नहीं करती: सुदिव्य

सत्ता पक्ष से झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल से घुसपैठ हो रहा है तो केंद्र



सरकार चुप क्यों बैठी है. भाजपा का काम केवल सरकार को बदनाम करना है. झारखंड में महिला के खिलाफ शोषण की बात करने वाले भाजपा नेता क्यों नहीं बताते हैं कि गुजरात में पिछले 5 सालों में 40,000 महिला गायब है. यह आंकड़ा एनसीआरबीआर का है. जेएसएससी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक मामले में सवाल उठाने वाले भाजपा वाले रिकॉर्ड समय में हुई 7वीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा की बात क्यों नहीं करते. सभी जानते हैं कि इस परीक्षा में ग्रिल बनाने वाले, पेपर बेचने वाले और आंगनबाड़ी सेविका के बच्चे अफसर बने हैं. उन्होंने सदन में भरोसा दिलाया कि जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक मामले में सभी आरोपी पर सरकार कार्रवाई करेगी. उत्तर प्रदेश में पुलिस सेवा भर्ती के प्रश्न पत्र लीक हुए. 48 लाख बच्चे का भविष्य अधर में पड़ गया. वहां जाकर सीबीआई जांच की मांग क्यों नहीं करते हैं.



आज चंपाई सोरेन सरकार अपना पहला और विस चुनाव के पहले अंतिम वार्षिक बजट पेश करेगी

### सरकार श्वेत पत्र जारी करके वित्तीय स्थिति स्पष्ट करे : लंबोदर


आजसू पार्टी विधायक लंबोदर महतो ने सरकार को खराब वित्तीय स्थिति का आरोप लगा कर घेरा. उन्होंने



कहा कि वित्तीय वर्ष 2023–2024 को खत्म होने को केवल 34 दिन बचे हैं. सरकार बताए कि इन 34 दिनों में कैसे अपने कुल बजट का 48 प्रतिशत कैसे खर्च करेगी. सरकार 34 दिनों में 38 राजस्व प्राप्ति कैसे करेगी. इससे अच्छा तो होता कि सरकार श्वेत पत्र जारी कर वित्तीय स्थिति स्पष्ट करती.

### बंद सारे 500 स्कूलों को सरकार फिर से खोले : उमाशंकर अकेला

कांग्रेस विधायक उमा शंकर अकेला ने अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सुदूर गांव



में चलने वाले 500 से अधिक स्कूलों को बंद दिया. इसके कारण हमारे गरीब बच्चों की पढ़ाई बंद हो गयी. इसलिए सरकार पूववर्ती सरकार द्वारा बंद किए गए सारे स्कूलों को खोलने का काम करे. सरकार विस्थापन आयोग बनाकर विस्थापन का दंश झेल रहे लोगों को उनका हक व अधिकार देने का काम करे.

### बजट का हो आंतरिक अंकेक्षण वित्तीय प्रबंधन जरूरी : सरयू राय

निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि सरकार को खर्च करने के लिए अनुपूरक लेना पड़ता है. सरकार को



वित्तीय प्रबंधन की ओर भी ध्यान देना चाहिए. सीएजी तो ठीक है, मगर सरकार को अपने आंतरिक अंकेक्षण भी कराना चाहिए. इससे लिए जाने वाले पैसे और खर्च किए जाने वाले पैसा सही से ऑडिट हो पाएगा. आज बाघ पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं. पर सच्चाई है कि केवल पर्यटकों के लिए बाघ रखे जाते हैं.

## जेएसएससी पेपर लीक मामले में सदन में हंगामा

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन 11 बजकर 9 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू हुई. सत्र शुरू होते ही सदन में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा. भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की. इस बीच प्रश्नकाल में विरंची नारायण ने भी जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला उठाया. भाजपा विधायक ने कहा कि 25 से 30 लाख रुपये में पेपर बेचा गया. यह पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना है. यही नहीं आयोग के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया. आखिर इस मामले का किंग पिन कौन है, राज्य की जनता यह जानना चाहती है. सरकार इस मामले की सीबीआई जांच कराये. इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नौजवानों की जिंदगी से कोई खिलवाड़ नहीं होगा. एसआईटी का गठन किया गया है. अगर एसआईटी जांच सफल नहीं होती है तो आगे की कार्रवाई की जायेगी.

**सरकार अपने लोगों को बचाने के लिए सीबीआई जांच से भाग रही : अमर बाउरी :** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बावरी ने कहा कि एसआईटी के बड़े लोगों तक पहुंचने से पहले मामले को दबा दिया जायेगा. इस मामले में विधानसभा के कर्मचारी भी संलिप्त है. गिरफ्तारी भी हो चुकी है। सरकार अपने लोगों को बचाने के लिए सीबीआई जांच से भाग रही है. इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए. कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि जल्द से जल्द परीक्षा ली जानी चाहिए. इसके बाद भाजपा विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे. भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

**वित्त मंत्री ने 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में पेश किया :** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में पेश की. सदन कार्यवाही दोपहर 12-34 बजे शुरू होते ही बीजेपी विधायक हंगामा करने लगे. वेल में घुस गए. पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग करने लगे. हंगामे के बीच ही स्पीकर ने शून्यकाल लिया.

**सदन के बाहर भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया :** बजट सत्र शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान भाजपा विधायकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. नौजवानों को धोखा दे, रोजगार दे ना सके, वो सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है, चंपाई सोरेन सरकार हाय-हाय और हेमंत पार्ट 2 हाय-हाय के नारे लगाये.

**शून्य काल**

**उमाशंकर अकेला :** हजारीबाग में 2019 में हुई होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की. कहा कि चार साल से बहाली की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है.

**इरफान अंसारी :** मदरसों की स्थित बदतर हो गई है. विद्यार्थियों की संख्या कम हो गई है. किताब, पोशाक, छात्रवृति नहीं मिल रही है. शिक्षकों की भी नियमित नियुक्ति नहीं हो पा रही है. सभी सुविधा उपलब्ध कराई जाए.

**मंगल कालिंदी :** पटंबा में मॉडल इंग्लिश स्कूल का भवन बन कर तैयार हो गया है. इसका जल्द संचालन शुरू किया जाए.

**अंबा प्रसाद :** जेएसएससी की पुन: परीक्षा तीन माह के अंदर ली जाए. साथ ही त्रुटिरहित परीक्षा के लिए कानून बनाया जाए.

**शिल्पी नेहा तिर्की :** राज्य की 42 हजार सहियाओं को सम्मानजनक मानदेय दिया जाए.

**दीपिका पांडेय सिंह :** पोषण सखियों को नियोजित किया जाए.

**सरयू राय :** जमशेदपुर औद्योगिक नगरी में मजदूरों के लिए एएसआई हॉस्पीटल खोला जाए.

**समीर महंती :** प्राथमिक शिक्षकों का गृह जिला में अविलंब स्थानांतरण किया जाए.

**लंबोदर महतो :** पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराई जाए.

**भूषण तिर्की :** राज्य में बने लैंड बैंक को रद्द किया जाए.

**सुनीता चौधरी :** अनिकेत के मौत के मामले की न्यायिक जांच हो.

### इरफान की सरकार से मांग, 15 दिन के अंदर लें सारी परीक्षा

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में कार्यवाही चल रही है. सदन के बाहर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सरकार से 15 दिन के अंदर सारी नियुक्तियों की परीक्षा लेने की मांग की. कहा कि सदन में राज्य की जर्जर मदरसा भवन का मामला भी रखा है. कहा कि राज्य में हमारी सरकार है, लेकिन मदरसा पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. वह कभी भी गिर सकता है. सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए. वहीं बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में जल्द से जल्द सरकार कार्रवाई करने की मांग की. कहा कि बच्चे सड़क पर हैं. सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए.

### जमशेदपुर की 1800 एकड़ में बसी बस्ती का मामला उठा

**रांची।** बजट सत्र के दूसरे दिन की पहली पाली में विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में 1800 एकड़ में बसी बस्ती का मामला उठाया, जिसे टाटा सबलीज से अलग कर दिया गया है. सरयू राय ने दिल्ली और इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि इस मामले में 2018 को जारी की गई अधिसूचना रद्द कर दी जाये. सरकार अगर इस मामले में नई नीति बनाएगी तो सरकार को 500 करोड़ रुपये की आमदनी भी होगी. इस पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि अवैध कब्जा के सेटलमेंट के दो तरीके हैं. पहला अवैध कब्जाधारी को कुछ जमीन दे दी जाए. दूसरा सरकार नियमितीकरण कर दे. लेकिन 2018 में जो नीति बनी, उसमें 10 डिसमिल देने की ही बात कही गई है. इस पर सरयू राय ने कहा कि किसी का घर 15 डिसमिल में बना हुआ है तो पांच डिसमिल कौन देगा. इस जमीन पर 17986 आवास बने हुए हैं. इस मामले में अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति बनाई जाए. रामेश्वर उरांव ने कहा कि जब तक नई नीति नहीं बनती, तब तक यही नीति लागू रहेगी. किसी का घर टूटे नहीं, इस पर सरकार विचार कर सकती है.

मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, 3 मार्च तक मौसम गड़बड़ रहेगा

## आज फिर सूबे में बारिश की संभावना

संवाददाता। रांची

झारखंड में आने वाले कुछ दिनों तक बारिश का असर जारी रहेगा. ऐसे में लगातार बदलते मौसम और ठंड गर्मी के एहसास के बीच लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जा रहा है. इससे राज्य में तीन मार्च तक बारिश और थंडरिंग की संभावना है. मौसम केंद्र की मानें तो 27 फरवरी को राज्य के दक्षिणी, पश्चिमी और मध्य हिस्से में बारिश की संभावना है. इस दौरान इन जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है. इसमें पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, लोहरदगा, गुमला, रांची, खूंटी, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग जिला शामिल है. इन जिलों के मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में इस दौरान 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है. वहीं, 28, 29 फरवरी और एक मार्च को राज्य में बादल छाए रहेंगे. दो और तीन मार्च को राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से में बारिश की संभावना है.

## बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित

संवाददाता। रांची

- बैद्यनाथ कुमार ने अब तक आठ हजार नाबालिगों का कराया है रेस्क्यू

बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार को दिल्ली में रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है. बैद्यनाथ कुमार ने पिछले कई वर्षों से बाल तस्करी पर कार्य कर रहे हैं. अबतक उन्होंने आठ हजार से अधिक नाबालिग लड़के व लड़कियों को देश के अलग-अलग राज्यों से रेस्क्यू कराया है. साथ ही कई मानव तस्करों को जेल के सलाखों के पीछे भी भिजवाया है. बैद्यनाथ कुमार अपने शुरुआती दौर में खुद एक चाइल्ड लेबर थे.



## पीएम झारखंड में रेल नेटवर्क विकसित करने के लिए हैं प्रतिबद्ध : राज्यपाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''स्वच्छ भारत अभियान'' जैसे उल्लेखनीय पहलों से रेलवे स्टेशनों, प्लेटफार्मों, प्रतीक्षा क्षेत्रों और स्टेशन परिसरों की स्वच्छता और कार्यक्षमता में अहम सुधार हुए हैं. पीएम झारखंड में रेलवे नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. झारखंड में टाटानगर एवं अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास इसी दिशा में एक सार्थक कदम है. राज्यपाल सोमवार को ''अमृत भारत स्टेशन योजना'' के अंतर्गत 551 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवरब्रिज-अंडरपास का शिलान्यास-उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम के अवसर पर टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'अमृत भारत स्टेशन योजना' भारतीय रेलवे नेटवर्क की दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है.



विश्वस्तरीय है भारतीय रेलवे नेटवर्क

भारतीय रेलवे नेटवर्क विश्व स्तर पर सबसे बड़ी व सबसे विकसित प्रणालियों में से एक है, जो देश भर में लोगों व वस्तुओं के आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है. ''अमृत भारत स्टेशन योजना'' जैसी पहल विकसित भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है. उन्होंने विकसित भारत के लिए अन्य योजनाओं यथा– ''प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'', ''जल जीवन मिशन योजना'', ''प्रधानमंत्री आवास योजना'' इत्यादि की शुरुआत की है जिससे लोगों को काफी सुविधा प्राप्त हो रही है. इस अवसर पर साउथ ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, टाटा में आयोजित '2047 का विकसित भारत विकसित रेल' विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया. इस कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल महोदय ने अन्नामृत फाउंडेशन में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को देखा व वृक्षारोपण भी किया. अन्नामृत फाउंडेशन द्वारा बच्चों को मिड डे मील उपलब्ध कराया जाता है.

### अपराधों की रोक को लेकर सीआईडी डीजी करेंगे समीक्षा

**रांची।** एनडीपीएस कांडों के सही ढंग से अनुसंधान और अपराध की रोकथाम को लेकर सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता समीक्षा करेंगे. इसको लेकर सीआइडी के द्वारा सभी जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी को पत्र लिखा गया हैं. लिखे गये पत्र में कहा गया है कि 12 जनवरी को एनडीपीएस कांडों के सही ढंग से अनुसंधान और अपराध की रोकथाम के संदर्भ में एक ऑन-लाईन समीक्षा बैठक आयोजित की गयी थी. राज्य में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत पिछले पांच वर्षों में दर्ज कांडों का आंकड़ा देते हुए एनडीपीएस कांडों के अनुसंधान और अपराध की रोकथाम के संदर्भ में कुल 10 बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करने का निर्देश दिया गया था. इन दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा हेतु के लिए 27 फरवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की जायेगी.

CLASSIFIED

स्वास्तिक हॉस्पिटल
अरगडा रोड, बिन्झार, रामगढ 829117
OPD, IPD, PATHOLOGY, GENERAL PHYSICIAN, GENERAL SURGEON, PHYSIOTHERAPY
24/7 SERVICE
24 घंटे इमरजेंसी सेवा
8252458675
7050959489
प्रो. दिलीप कुमार

BAKSHI HEALTH CARE & DIAGNOSITC CENTRE
4D COLOR ULTRASOUND | ECG | OPD | PATHOLOGY
All Types of Surgery Male & Female
डॉ मिसेज बी. के. बक्सी M.B.B.S, DGO, GYNECOLIGIST SURGEON, GENERAL PHYSSICIAN, SONOLOGIST
स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
नॉर्मल डिलीवरी मात्र 10,000/-
हाईड्रोसील ऑपरेशन 12,000/-
ऑपरेशन डिलीवरी मात्र 25,000/-
हर्निया ऑपरेशन 20,000/-
College Road GHATSILA
For Quiery Please Call 9199504443

इंटर साइंस कॉलेज
कोर्रा जबरा रोड हजारीबाग
शत प्रतिशत सफल रिजल्ट
प्रत्येक वर्ष दर्जनों टॉपर

बैष्णवी हार्डवेयर एण्ड प्लाई
हमारे यहां भवन निर्माण और रंगरोगन से संबंधित सभी सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
प्रो0 विवेक कुमार गुप्ता गैरेज लेन, मेन रोड चंदवा

Admission Open
Hzb Nano Kids School
Run Under Hazaribagh Educational Trust
CLASS: NURSERY TO V
Facility


EDUCATION TO-LET BUSINESS REAL ESTATE RECRUITMENT MATRIMONY & Many More
Book your CLASSIFIED ADS IN हिन्दी दैनिक शुभम संदेश
एक राज्य-एक अखबार
Contact : 9835511272, 9905709361, 9546277001, 7004715743

# रांची टेस्ट में जीत : दिग्गजों के बगैर टीम इंडिया ने इंग्लैंड को किया परास्त

शुभम किशोर। रांची

भारत ने रांची टेस्ट जीत इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है. रांची में खेले गए सीरीज़ के चौथे टेस्ट में टीम इंडिया ने सोमवार को इंग्लैंड को 5 विकेट से शिकस्त दी. भारतीय टीम सीरीज़ में विराट कोहली, मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ बगैर ही मैदान पर उतरी थी. पहले ही टीम इंडिया अनुभवी खिलाड़ियों की कमी से जूझ रही थी, जिसमें कुछ खिलाड़ियों की चोट ने और इज़ाफा कर दिया. हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के बाद रवींद्र जडेजा और केएल राहुल इंजरी के चलते बाहर हो गए. हालांकि जडेजा ने राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट के ज़रिए वापसी कर ली, लेकिन केएल राहुल चौथे टेस्ट तक टीम इंडिया से बाहर रहे. इसी बीच दूसरे टेस्ट के बाद श्रेयस अय्यर भी भारत का हिस्सा नहीं रहे. तो इन सब मुश्किलों के बावजूद कैसे भारत ने इंग्लैंड को सीरीज़ में शिकस्त दी. यहां हम आपको भारत के सीरीज़ जीतने पांच मुख्य कारण बताएंगे.

## जानिए ये 5 वजहें, जिनसे भारत ने इंग्लैंड से जीत ली सीरीज




### 1. रोहित शर्मा की बेहतरीन कप्तानी

रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले जा चुके चारों टेस्ट में ही शानदार कप्तानी का मुज़ाहिरा पेश किया है. रांची टेस्ट में रोहित ने शानदार कप्तानी बदौलत इंग्लैंड से हारी हुई बाज़ी जीती. इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में स्पिनर्स के साथ शुरुआत कर रोहित शर्मा ने बड़ी चाल चली थी, जिसमें वो कामयाब भी रहे थे. स्पिनर्स ने ही सभी 10 विकेट लेकर इंग्लैंड को 145 रन के स्कोर पर समेट दिया था. इस दौरान भारत की तरफ से तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज ने सिर्फ 3 ओवर डाले थे. वहीं दूसरे पेसर आकाश दीप को एक भी ओवर करने का मौका नहीं मिला था.



### 2. यशस्वी जायसवाल ने संभाला मोर्चा

इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबलों में यशस्वी जायसवाल ने शानदार बैटिंग कर अच्छी शुरुआत दिलाई. चार मैच में जायसवाल 2 दोहरे शतक जड़ चुके हैं, जिसके साथ वो सीरीज़ में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं. भारतीय ओपनर 8 पारियों में 93 .57 की शानदार औसत से 655 रन बना चुके हैं.



### 3. युवा खिलाड़ी ध्रुव जुरेल का आना

शुरुआती दो टेस्ट में केएस भरत टीम इंडिया के लिए बतौर विकेटकीपर खेले, लेकिन तीसरे मुकाबले से उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर किया गया और ध्रुव जुरेल को मौका मिला. जुरेल ने राजकोट टेस्ट के ज़रिए भारतीय टेस्ट टीम के लिए डेब्यू किया, जिसके बाद वो दोनों ही मुकाबले में भारत के लिए उपयोगी साबित हुए. राजकोट टेस्ट में जुरेल ने इकलौती पारी में 46 रन बनाए और फिर रांची टेस्ट में उन्होंने 90 और 39* रनों की अहम पारियां खेलीं.



### 4. बुमराह ने की सटीक गेंदबाजी

जहां भारतीय पिचों पर स्पिनर्स का बोलबाला होता है, वहां जसप्रीत बुमराह तीसरे टेस्ट तक सीरीज़ में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे. जहां तेज़ गेंदबाज़ विकेट को तरस रहे थे, वहां बुमराह इंग्लिश बैटर्स का जीना हराम किए हुए थे.



### टीम का एकजुट होना

"अब तक खेले गए सभी चार मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी एकजुट दिखाई दिए. यानी, भारतीय खिलाड़ियों का सभी मुकाबलों में टीम के लिए योगदान रहा, जो सीरीज़ जीतने में भारत के लिए बड़ा प्वाइंट रहा."

# रेप केस में फंस गया है बेटा 50 हजार दो, रफा-दफा कर देंगे

## ठगी : छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग कर रहे छात्र के पिता को लगाई 50 हजार की चपत

संवाददाता। धनबाद

आपका बेटा रेप केस में फंस गया है. उसके साथ मारपीट हो रही है. ये कॉल किसी भी माता-पिता के मोबाइल पर आए और उसका पुत्र दूसरे राज्य में पढ़ाई करता हो तो उनका दिमाग काम करना बंद कर देगा, और इसी बीच फोन पर ही मारने पीटने के साथ बच्चे के रोने की भी आवाज आने लगी. अब माता-पिता के पास कोई चारा नहीं था, फोन करने वाला जैसा बताते गया, परिजन वैसा करते गए और पचास हजार रुपये की चोट खा ली.

जी हां, साइबर ठगी का ये अंदाज भी अक्सर देखने को मिल रहा है. धनबाद के तेतुलमारी निवासी राजेंद्र यादव का पुत्र छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग कर रहा है. दोपहर करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया और कहा गया कि आपका बेटा रेप केस में फंस गया है. रेप करने वालों के साथ वो भी था, लेकिन उसने कुछ गलत नहीं किया है, लेकिन उसके उपर भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा. अगर पचास हजार रुपये तत्काल भेज दो फिर उसे बचा लेंगे. कालिंग के दौरान स्क्रीन पर एक वर्दी और टोपी पहने एक पुलिस अधिकारी का फोटो आ रहा था, इस कारण घर वाले डर ही गए. तुरंत ही मारपीट और रोने की आवाज भी आने लगी. फिर मोबाइल पर ही कहा गया कि रुकिए... क्यों मार रहे हैं, उसके माता-पिता से बात हो रही है न. ये सुनकर राजेंद्र और उनकी पत्नी दोनों बदहवास हो गए और उससे बेटे के साथ नहीं मारपीट करने की बात कहने लगे.

तब फोन करने वाले ने कहा कि जल्द से जल्द से भेजे गए अकाउंट नंबर में रकम डाल दो, राजेंद्र ने भी तत्काल अपने दूसरे बेटे को बुलवाया और उसे पचास हजार रुपये देकर साइबर कैफे भेजा, जहां से पचास हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए गए. इसके बाद फोन करने वाला फिर से एक लाख रुपये की मांग करने लगा. तब राजेंद्र और उसके घर वालों को शक हुआ, इन लोगों ने कहा कि मेरे बेटे से बात कराओ , दूसरी तरफ से आना-कानी की जाने लगी और धमकी देते हुए फोन काट दिया गया. तब तक दूसरे बेटे ने फोन कर अपने भाई से बात कर ली, जहां कहा गया कि उसे तो कुछ नहीं हुआ है. इसके बाद राजेंद्र सीधे तेतुलमारी थाने पहुंचे और वहां मामले की जानकारी दी. वहां से साइबर थाना धनबाद भेजा गया.




### लोकल और साइबर के फेर में फंसते हैं पीड़ित

दो लाख या उससे अधिक की साइबर ठगी हो तो मामले की शिकायत साइबर थाने में ली जाती है. इससे कम रकम की बात हो तो फिर संबंधित क्षेत्र के थाने में शिकायत देनी होती है. यह नियम पिछले साल से ही चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी लोकल थाने वाले पीड़ितों को सीधे साइबर थाने भेज देते हैं. यहां भी ध्यान रखने की बात है यदि साइबर ठगी के मामलों में समय पर शिकायत मिल जाती है तो पीड़ित की रकम को वापस लौटाया जा सकता है. लेकिन थाने वाले पीड़ितों को साइबर थाने भेजते हैं, साइबर थाने आने के बाद इन्हें फिर लोकल थानों में भेजा जाता है. ऐसे में न सिर्फ पीड़ितों को नाहक परेशानी होती है बल्कि उनका वक्त भी बर्बाद होता है. पुलिस के वरीय अधिकारियों को इस मामले में विचार करने की आवश्यकता है.

## झारखंड में प्रेम का जंजाल: जमशेदपुर में प्रेमी ने बात करना बंद किया

# प्रेमिका ने काट डाली हाथ की नस

संवाददाता। जमशेदपुर

प्रेमी ने फोन पर बात करना बंद किया, तो प्रेमिका ने उसके घर जाकर अपने हाथ की नस काट ली. सिदगोड़ा के बारीडीह का मामला है. प्रेमिका रिंकी तीयू गंभीर रूप से घायल है. आनन-फानन में प्रेमी दक्षिण टुडू के परिजनों ने 100 डायल पर सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रिंकी को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी स्थिति रही है. रिंकी बेहोश है, जिससे कुछ भी बताने में असमर्थ है.

**रिंकी ने की थी महिला थाने में लिखित शिकायत :** प्रेमी दक्षिण टुडू के पिता ने बताया कि वे लोग बारीडीह गोलचक्कर के पास रहते है जबकि रिंकी बाबूडीह लाल भट्टा की रहने वाली है. एक साल पूर्व दोनो के प्रेम संबंध के बारे में पता चला था. उस वक्त रिंकी को मना किया था पर वह नही मानी थी. कुछ दिनों पूर्व रिंकी ने महिला थाना में लिखित शिकायत कर दी थी. थाने से बुलावा आने के बाद आज वे लोग महिला थाना जाने की तैयारी कर रहे थे. इसी बीच रिंकी घर आ गई. उससे बात करने के दौरान उसने घर पर रखा चाकू उठाया और अपने दोनो हाथों को नस काट ली. उन्होंने 100 डायल पर इसकी सूचना दी जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर आए.

### सिदगोड़ा में पूर्व प्रेमी ने युवती का सिर फोड़ा

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा के बागुननगर में एलआईसी एजेंट ने बात न मानने पर पूर्व प्रेमिका से मारपीट की. बीच सड़क पर ईंट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया. घटना को अंजाम देकर पूर्व प्रेमी फरार हो गया. घटना के बाद घायल महिला एमजीएम अस्पताल में इलाज कराने पहुंची. घायल किरण और उसके पिता ने कहा कि वे बागुन नगर के हैं. किरण बारीडीह बजरंग चौक के एलआईसी एजेंट राहुल अग्रवाल के वहां मसाला पैकिंग करती थी. इसी बीच राहुल के घर वालों ने राहुल के साथ विवाह कर लेने की इच्छा जताई. फिर राहुल ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया था, जिसके बाद किरण राहुल से अलग हो गई. सोमवार सुबह वह राशन लेकर जा रही थी, तभी राहुल ने उसे रोक कर बदतमीजी की और दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई. इसी बीच राहुल ने पीछे से ईंट उठा कर किरण पर हमला कर दिया. मामले में किरण ने राहुल के खिलाफ सिदगोड़ा थाने में मामला दर्ज कराया है.



### शादी में बाधक बनने पर प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पाटन के सैनी गांव से बरामद युवती के शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. यूपी के प्रेमी ने ही शादी में बाधक बनने पर प्रेमिका की हत्या कर शव को पेड़ से टांग दिया था. पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ कर रही है. सैनी की रेशम कुछ दिनों से लापता थी. परिजनों ने उसके गायब होने की जानकारी पुलिस को दी थी. रेशम का मोबाइल बंद था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. इस बीच रविवार को ग्रामीणों ने देखा कि नीम के पेड़ से लड़की का शव लटका हुआ है. शव की पहचान रेशम के रूप में होने के बाद जानकारी पाटन पुलिस को दी गई. पाटन थानेदार ने कहा कि अरविंद से युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा था. अरविंद का परिवार इस शादी के खिलाफ था. अरविंद की शादी दूसरी जगह तय हो गई. शादी में रेशम बाधक थी. पुलिस ने आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच भेज दिया.

## लोहरदगा जिले के बिशुनपुर ब्लॉक के हारूप गांव का किया दौरा

# शोधकर्ता प्राचीन तकनीक से लोहा बनाएंगे

संवाददाता। आदित्यपुर

एनआईटी जमशेदपुर के मेटलर्जिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रो रंजीत प्रसाद और डॉ. राम कृष्ण के नेतृत्व में बीटेक के द्वितीय वर्ष के छात्र 24 फरवरी को लोहरदगा के बिशुनपुर के हारूप गांव का दौरा किया. उद्देश्य था प्राचीन लोहा बनाने की तकनीक सीखना और उसका पता लगाना.

एनआईटी लोगों की आमदनी बढ़ाने के लिए आधुनिक के साथ इन प्राचीन तकनीकों को जोड़ना है. भारतीय ज्ञान प्रणाली, दिल्ली के साथ एक परियोजना शुरू की गई है. इस विधि में संक्षारण प्रतिरोधी लोहा बनाने के लिए निम्न-श्रेणी के अयस्क का उपयोग करना शामिल है. गांव में इस प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता है, जैसे कि ब्लूमरी फर्नेस में लोहा बनाने के लिए निम्न श्रेणी का लौह अयस्क और लकड़ी का कोयला. इस प्रथा की लोकप्रियता में गिरावट के बावजूद हारूप गांव आत्मनिर्भर रहना चाहता है और एनआईटी जमशेदपुर इसमें मदद कर रहा है. वर्तमान में, गांव में केवल एक व्यक्ति इस तकनीक का अभ्यास करता है, जो बिरुजिया परिवार में पीढ़ियों से चली आ रही है. इस तकनीक के प्रति श्री बाफाया के समर्पण ने इसकी निरंतरता को प्रेरित किया है. प्रोफेसरों और छात्रों की टीम आधुनिक तकनीक के साथ इस पारंपरिक तकनीक को और अधिक खोज और एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है.



### पीएम की सभा को लेकर एसएसपी ने की बैठक

**धनबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के 1 मार्च को होनेवाले कार्यक्रम को ले एसएसपी एचपी जनार्दनन ने सोमवार को पुलिस अफसरों के साथ बैठक की. इस दौरान जिले के सभी एसपी और डीएसपी के अलावा थानेदार मौजूद थे. एसएसपी ने अफसरों को यातायात दुरुस्त रखने, सुरक्षा चाक चौबंद रखने पर फोकस करने को कहा. एसएसपी ने बताया कि एसओपी का पालन कराने को कहा गया है. एसपीजी की गाइडलाइन के मुताबिक फोर्स की तैनाती की जाएगी. कार्यक्रम स्थल और पीएम के रूट की चेकिंग और सिक्योरिटी में एसपीजी के निर्णय पर काम करना है. पुलिस बल में पैरामिलिट्री फोर्स के चुनिंदा जवानों को भी शामिल किया जाता है.

## गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई से बिहार, यूपी व झारखंड का सिंडिकेट परेशान

# 5 महीने में 1061 पशु बरामद, 108 तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। रांची/गिरडीह

जिला पुलिस के की ओर से गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई से बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के रैकेट परेशान हैं. एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पिछले पांच महीने के दौरान जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र से पिछले पांच महीने में 1061 पशुओं को बरामद किया है. इसके अलावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी में शामिल 108 व्यक्तियों को गिरफ्तार और 82 वाहन को जब्त किया है.

### ऐसे होती है तस्करी

बिहार के अलग-अलग स्थानों से पशु तस्कर पिकअप वैन और ट्रक से पशुओं को बंगाल भेजते हैं. पहले धंधा देर रात में चलता था. रात के दो बजे से लेकर चार बजे तक कई वाहन गुजरते थे. इसमें कई वाहनों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता भी हासिल की है. पुलिस की सक्रियता को देखते हुए तस्करों ने सब्जी वाहन का सहारा लेना शुरू कर दिया. मवेशियों को पिकअप में लोड करने के बाद चारो तरफ सब्जी के कैरेट को बांध देते हैं, ताकि किसी को शंका नहीं हो की वाहन में पशु लोड हैं. पशुओं को लेकर जाने वाली पिकअप वैन के आगे-पीछे अन्य वाहनों से तस्कर भी चलते हैं. स्थानीय सहयोगी पुलिस पेट्रोलिंग की टीम पर नजर रखते हैं और मैसेज आगे बढाते हैं, जिससे तस्कर सतर्क हो जाते हैं. वहीं, कुछ घटना होने को स्थिति में मदद के लिए भी खड़े रहते हैं.



### बड़ा है सिंडिकेट

पशु के कारोबार का सिंडिकेट काफी बड़ा है. पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश व झारखंड के कई जिलों तक फैला हुआ है. पशु तस्कर बिहार के शेरघाटी. गया शिवली और उत्तर प्रदेश के जौनपुर. गाजीपुर कानपुर इलाहाबाद चंदौली पशु को ट्रक में लोड कर सभी पशुओं को जीटी रोड से और गिरिडीह जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से वेस्ट बंगाल स्लोटिंग के लिए ले जाते हैं. पिछले कुछ महीनो से गिरिडीह पुलिस के द्वारा एक के बाद एक की जा रही कार्रवाई से पशु तस्करी का सिंडिकेट में शामिल लोग परेशान हैं.

## हाल एसएनएमएमसीएच के आईसीयू का — आईसीयू में एक-एक मरीज के बेड पर बैठे रहते हैं तीन-तीन रिश्तेदार

# एक बीमार के तीन तीमारदार ,मशीन बोले सिर्फ टें..टें...

राजा गुप्ता। धनबाद

मरीजों का इलाज करनेवाले सबसे बड़े अस्पताल एसएनएमएमसीएच के आईसीयू का मॉनिटर भर्ती मरीज का हाल नहीं बताता, बल्कि बार-बार 24 घंटे करता है टेंटें. सरकार की ओर से अस्पताल के हर साल सुविधा व दवा पर करोड़ों खर्च हो रहे. फिर भी मरीजों को सुविधा नहीं मिल रही. इलाज व दवा के अभाव में मरीजों की जान चली जाती है. आईसीयू की तरह इमरजेंसी का भी यही हाल है. यहां भी मॉनिटर की स्थिति ऐसी ही है. गंभीर मरीजों के परिजनों को लगता है कि इलाज बेहतर ढंग से हो रहा है. हृदय गति, ऑक्सीजन संतृप्ति, श्वसन दर, शरीर का तापमान और रक्तचाप आदि मॉनिटर पर लगातार रीडिंग होती रहती है.

### परिजनों को लगता है रि सबकुछ ठीक ही है

मरीज व उनके परिजन को लगातार मॉनिटर सबकुछ सही-सही बता रहा है. नर्स भी पूछने पर मरीज या उनके परिजन को मॉनिटर पर दिखनेवाले रीडिंग के बारे में मरीज की हालत बताते हैं. हृदय गति की सही रीडिंग 61 से 99 होनी चाहिए. मरीज की हृदय गति लगातार गिरता जाए और रीडिंग 61 से 99 के बीच बताए, तो मरीज की हालत काफी गंभीर हो सकती है या फिर जान भी जा सकती है. ऑक्सीजन संतृप्ति भी 95 से 100 होनी चाहिए. यह भी काफी हो और मीनिटर पर 100 बताएं तो भी मरीज काल के गाल में समा सकता है.



### एक-एक बेड पर मरीजों से साथ तीन तीमारदार

लोगों का कहना है कि इमरजेंसी हो या फिर आईसीयू, यहां एक-एक बेड पर दो से तीन तीमारदार बैठे रहते हैं. इससे इनफेक्शन हो सकता है. जिसे रोकने वाला कोई नहीं है. इमरजेंसी व आईसीयू में भी सामान्य वार्ड की तरह दुर्गंध आती है. लोग बताते हैं कि आईसीयू व इमरजेंसी में सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन यहां सालों भर यही हाल रहता है. सिर्फ मंत्री के आने पर ही व्यवस्था में बदलाव दिखता है. चिकित्सक भी सभी रहते हैं और सफाई चकाचक रहता है. बेड पर बिस्तर व तकिया भी नजर आता है.

### आईसीयू और सेंट्रल इमरजेंसी में नहीं दिखते सीनियर डॉक्टर

जानकारों का कहना है कि आईसीयू और सेंट्रल इमरजेंसी में रेजिडेंट, वार्ड बॉय व नर्स ही रहते हैं. गंभीर मरीजों का इलाज इन्हीं पर निर्भर है. जबकि नियमत: 24 घंटे सीनियर डॉक्टर का रहना अनिवार्य है. कुछ मरीज व इनके परिजन कहते हैं कि सुबह से रात तक वे लोग रेजिडेंट, नर्स व वार्ड बॉय को ही देखते हैं. सीनियर डॉक्टर को कभी नहीं देखते हैं. आईसीयू व इमरजेंसी में गंभीर मरीज ही भर्ती रहते हैं. यहां 24 घंटे सीनियर डॉक्टर को रहना चाहिए. गोपालीचक से गोली लगा घायल युवक और चाकू से गला रेता गया जख्मी महिला इमरेंजी में आई थी, लेकिन उस समय सीनियर डॉक्टर नहीं थे, रेजिडेंट, वार्ड बॉय व नर्स ने ही मरीजों का इलाज किया. सीनियर डॉक्टर सिर्फ मोटी तनख्वाह लेते हैं और निजी प्रैक्टिस में लगे रहते हैं.

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व सीएम और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें उन्होंने विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी थी. सोमवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब अदालत क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा. दरअसल हेमंत सोरेन ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने उन्हें बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, पीयूष चित्रेश और श्रेय मिश्रा ने बहस की.

### ब्रीफ खबरें

#### झामुमो ने चिरकुंडा में न्याय मार्च निकाला

**मैथन ।** चिरकुंडा नगर पंचायत झामुमो कमेटी की ओर से हारी कुली से सुंदरनगर तक न्याय मार्च निकाला गया. झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने 2019 में अपार बहुमत के साथ झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ मिलकर झारखंड में झामुमो के नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया. पर भाजपा की केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठे केस में ईडी को आगे कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया. जिससे झारखंड में रहने वाला हर नागरिक ऐसे षड्यंत्र के खिलाफ माकूल जवाब देगा.

#### बिजली बिल को लेकर अभियंता ने की बैठक

**कतरास ।** लोयाबाद विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने तिलाटाड़ विद्युत सब स्टेशन में अपने अधीनस्थ कर्मचारी तथा मीटर रीडरों के साथ सोमवार को बिजली बिल डोर टू डोर मुहैया कराने को लेकर बैठक की गई. उन्होंने उपस्थित मीटर रिडरों को निर्देश देते हुए कहा कि तिलाटाड़ विद्युत सब स्टेशन के इलाके के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल प्रतिमाह समय पर उपलब्ध करवाए. बिजली बिल समय पर उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उपभोक्ता बिजली बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं.

#### राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की कमेटी का गठन

**धनबाद ।** राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की कुसुंडा एरिया 6 की क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया है. केंद्रीय सचिव प्रशांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें कुसुन्डा क्षेत्र सं 6 के क्षेत्रीय कमिटी का गठन किया गया. राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के कुसुन्डा क्षेत्र सं0-06 के क्षेत्रीय कमेटी पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव किया गया. जिसमें गुप्तेश्वर सिंह (तुफानी) को अध्यक्ष बनाया गया है.

#### मनरेगा में समाजिक अंकेक्षण व ग्राम सभा

**मधुबन ।** बाघमारा प्रखंड के सिनीडीह पंचायत के वित्तीय वर्ष-2020-21, 2021-22, 2022-23 के 19 मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण की ग्राम सभा व जन सुनवाई पंचायत सचिवालय में सोमवार को की गई. इसके पूर्व सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा उक्त योजनाओं का कार्य स्थल की सत्यापन करते हुए सम्बंधित योजनाओं के अभिलेखों की भी जांच की गई. जिसमें कार्य स्थल पर योजना पट्ट न होना, योजना धरातल पर न दिखना, समय पर भुगतान न होना, कई दस्तावेज की कमी जैसी अनियमितता होने की बातें सामने आई है.

#### सड़क हादसे में युवक घायल, स्थिति गंभीर

**बरोरा ।** बरोरा थाना इलाके के बाघमारा कतरास मुख्य मार्ग दरीदा आमटांड के समीप चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन में सोमवार को जोरदार टक्कर हो गई. घटना में दो पहिया वाहन सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर अचेत अवस्था में गिर गया. वहीं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. राहगीरों ने घटना की बरोरा थाना को सूचना दी जिसके बाद बरोरा पुलिस मौके पर पहुंच आनन फानन में घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बाघमारा सी एच सी ले गई जहां घायल की स्थिति नाजुक बताई जा रही है.

### केन्द्र की अमृत मित्र योजना में महिला सशक्तीकरण की दिशा में हो रहा है काम, मिलेगा रोजगार

# राजेन्द्र सरोवर पार्क होगा एसएचजी महिलाओं के जिम्मे

**शुभम संदेश विशेष**

संवाददाता । धनबाद

बेकारबांध स्थित राजेन्द्र सरोवर पार्क अब एसएचजी महिलाओं के जिम्मे रहेगा . इस पार्क की देखरेख, रखरखाव अब महिलाएं करेंगी . केंद्र सरकार की नई योजना अमृत मित्र के अंतर्गत सरोवर एवं पार्क की जिम्मेदारी महिलाओं को देनी है. इसमे अमृत सरोवर 2.0 योजना के अंतर्गत बने सभी सरोवर एवं पार्क शामिल हैं . सरकार की योजना के बाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा के निर्देश पर राजेन्द्र सरोवर पार्क के संचालन का जिम्मा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को देने की तैयारी लगभग पूरी होने वाली है . इस दौरान एसएचजी महिलाओं के कई ग्रुप का इंटरव्यू भी लिया गया है. जिसके बाद किसी एक ग्रुप को चुन कर पूरे पार्क के संचालन का जिम्मा उन्हें दे दिया जाएगा. मालूम हो कि एक ग्रुप में दस से बारह महिलाएं होती है. इस योजना के तहत इन महिलाओं को रोजगार मिलेगा. सहायक नगर आयुक्त संतोषिणि मुर्मू ने बताया कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में सरकार ने इस योजना की शुरुआत की है. जिसके तहत नगर निगम महिला समूह को राजेन्द्र सरोवर के रखरखाव एवं संचालन का कार्य सौंपेगा .



**पार्क के टिकट काउंटर पर दिखेंगी महिलाएं**

राजेंद्र सरोवर पार्क के संचालन के लिए जिस महिला समूह का चयन किया जाएगा . उस समूह की महिलाएं ही अब पार्क के भीतर जाने के लिए टिकट काउंटर पर टिकट काटेगी . बता दें कि वर्तमान में इस पार्क में प्रतिदिन 2500 से 3000 रुपये का टिकट काटा जाता है . साथ ही विशेष मौकों पर यह राशि दोगुनी हो जाती है . पार्क के टिकट काउंटर पर अब महिलाएं नजर आएंगी .

**जिला परिषद कर चुका है दावेदारी**

राजेन्द्र सरोवर पार्क पर जिला परिषद पहले ही अपनी दावेदारी कर चुका है . जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि राजेन्द्र सरोवर पार्क पर निगम द्वारा कब्जा किया हुआ है . जिला परिषद इसे वापस लेगी . इसके लिए पत्राचार भी किया गया है . उन्होंने बताया कि सरोवर के सौंदर्यीकरण के समय जिला परिषद ने इस शर्त पर एनओसी दिया था कि सौंदर्यीकरण के बाद इसे जिला परिषद को सौप दिया जाएगा . बावजूद इसके निगम द्वारा पार्क में टिकट काटा जा रहा है . जो पूरी तरह अवैध है .

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर निगम ने शुरू की सफाई

### चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



संवाददाता । धनबाद

प्रधानमंत्री के एक मार्च को संभावित कार्यक्रम को लेकर नगर निगम ने सफाई अभियान के साथ ही अतिक्रमण हटाओ अभियान भी शुरू कर दिया है. इसी क्रम में सोमवार को 8 लेन स्थित मेमको मोड़ से बिरसा मुंडा पार्क तक साफ सफाई की गई. इसके साथ ही मेमको मोड़ से बिरसा मुंडा पार्क तक सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से बने दुकानों को तोड़ा गया. निगम द्वारा अवैध रूप से बने गुमटी को भी जब्त किया गया है. मालूम हो कि प्रधानमंत्री की 8 लेन पर रोड शो का कार्यक्रम होने की संभावना है. इसके बाद बरवाअड्डा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

### लोयाबाद रेलवे स्टेशन के पास कनकनी रेलवे फाटक के समीप

# अंडरपास पुल का पीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

संवाददाता । लोयाबाद

केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत धनबाद के लोयाबाद रेलवे स्टेशन के पास कनकनी रेल फाटक के समीप बनने वाले एलएचएस अंडर पास पुल का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन शिलान्यास किया. अंडरपास पर 8.5 करोड़ रुपये लागत आएगी. इस मौके पर लोयाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बासुदेव गांधी उच्च विद्यालय और ज्ञान गुरुकुल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से अतिथियों का मन मोह लिया. इस दौरान बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया. वरिष्ठ पत्रकार दीपक अंबष्ठ ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया.

**लोगों को काफी सहूलियत होगी :** प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर मन्ना ने कहा कि अंडरपास बनने से यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी. क्योंकि ट्रेन के समय फाटक बंद होने से लोगों को काफी देर रुकना पड़ता है. समारोह में आद्रा रेल डिवीजन के सहायक कॉमर्शियल प्रबंधक राजकिशोर मोहंती, डीटीआई अरविंद सिंह, लोयाबाद स्टेशन मास्टर अचिन कुमार बाउरी, नीरज पांडे, सौरभ तिवारी, अनिल मिर्धा, अवधेश मिश्रा, आरती देवी, साबिर आलम, नागो पासवान उपस्थित थे.



**महुदा में भी रेलवे अंडर पास ब्रिज का किया गया उद्घाटन**

**महुदा ।** आद्रा रेल डिविजन के महुदा तलगडिया रेल मार्ग स्थित लालबंग्ला मुरलीडीह को जोड़ने वाली रेल लाइन पर रेलवे अंडर पास ब्रिज का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शिलान्यास वीडियो कांफ्रेसिंग के मध्यम से सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया गया . महुदा रेलवे ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के मंच लगे एलइडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री को उद्घाटन करते देख लोगों के तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा . कार्यक्रम से पूर्व स्कूली बच्चो ने रंगारंग कार्यकर्म भी प्रस्तुत किया सभी बच्चो को बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सांसद सीपी चौधरी ने सम्मानित किया . मीडिया से बात चीत के दौरान



सांसद सीपी चौधरी ने बताया कि स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है, लोगों को फटक बंद रहने के कारण जो परेशानी का सामना करना पड़ता था . अब उससे राहत मिलेगी समय पर सभी स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल जा सकते है, आने वाले समय में बुलेट ट्रेन चलने वाली है . जिसमें इन अंडरपास ओवर पास की अहम भूमिका होने वाली है, महुदा को 7 करोड़ से अधिक रुपए की योजना का शिलान्यास किया गया है, मौके पर जिला परिषद धनबाद के अध्यक्ष शारदा सिंह, जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रींकु देवी, डीएन आद्रा राजेश कुमावत , एडीईएन महुदा सुशील अहिरवार, डॉ . पीके रजक, मुखिया महेश कुमार पटवारी, सूर्यकान्त महतो, बदरूद्दीन अन्सारी, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, सम्पद घोषाल, दिनेश प्रमाणिक, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शैखर सिंह उपस्थित थे .

## लापरवाही के विरोध में कल चक्का जाम

### मोदीडीह कोलियरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी

संवाददाता । कतरास

सिजुआ इलाके के मोदीडीह कोलियरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन की लापरवाही व कोलियरी प्रबंधन के तानाशाही रवैया से त्रस्त तेतुलमुड़ी 22/12 के ग्रामीणों ने 28 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना व चक्का जाम करने की घोषणा की है.

सोमवार को ग्रामीणों ने बैठक कर कहा कि हैवी ब्लास्टिंग के कारण गांव में खतरा मंडरा रहा है प्रबंधन कोयला उत्खनन तो कर रही है. लेकिन ग्रामीणों को सुरक्षा व सुविधा देने में आनाकानी कर रही है. ग्रामीणों को अब जान का डर



सताने लगा है. बैठक में शामिल भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद जलालुद्दीन अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रबंधन ग्रामीणों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है. पूरा गांव कस्बा तबाह हो चूका है. गांव का एकमात्र मस्जिद की अस्तित्व भी खतरे में है. वजू खाना, हुजरा सहित मस्जिद का एक बड़ा हिस्सा जमींदोज हो चुका है. मस्जिद की हालत ऐसी हो गई है कि लोग नमाज भी डर के साए में अदा करते है.

रमजान का पाक महीना आने को है मगर प्रबंधन कुछ कर नही रहा है. कहा कि प्रबंधन को ग्रामीणों की समस्या को लेकर लगातार अवगत कराया जा रहा है. लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हुई.

#### झामुमो का स्मारक निर्माण में अनियमितता का आरोप

**तेतुलमारी ।** शक्ति चौक पर सड़क निर्माण कंपनी द्वारा शहीद शक्ति नाथ महतो का स्मारक बनाने में अनियमितता की शिकायत मिली है. सोमवार को झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद महतो ने निर्माण कार्य का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को खूब खरी खोटी सुनाई . वहीं शहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के सदस्य सह झामुमो किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल ने कहा कि कंपनी स्मारक बनाने में मनमानी कर रही है. किसी तरह लिपापोती कर स्मारक निर्माण करने के फिराक में हैं. कंपनी द्वारा पुर्व में भी अनियमितता बरतने पर समिति द्वारा स्मारक निर्माण कार्य बाधित कर आंदोलन किया गया था.

## डॉ. एके सहाय की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



संवाददाता । धनबाद

सोमवार को धनबाद के न्यू श्री क्लिनिक में डाक्टर ए के सहाय की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इसमें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झामुमो केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय ने भी रक्त दान किये और सबों को रक्त दान करने की अपील की. मौके पर अमितेश सहाय ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है. रक्त की कमी को दूर करने का कोई दूसरा विकल्प नहीं है. करोड़ों की कीमत चुका कर भी एक यूनिट ब्लड नहीं बनाया जा सकता है. इसलिए जीवन रक्षा के लिए रक्तदान करना चाहिए. इस अवसर पर डाक्टर विभास सहाय, डाक्टर नीतू सहाय मौजूद थी.

### 50 सीएचओ को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

## सीएस कार्यालय का घेराव, मिला भरोसा-एक सप्ताह में मिलेगी राशि

संवाददाता । धनबाद

बलियापुर के 50 सीएचओ को एक साल से 90 लाख प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है. हर सीएचओ का एक लाख 80 हजार बकाया है. प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने और डॉक्टर की ओर से बलियापुर सीएचसी में दुर्व्यवहार किए लोगों में काफी आक्रोश देखा गया. सोमवार को झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव संजूत सहाय के नेतृत्व में 50 सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया और अधिकारियों व सीएचसी बलियापुर प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. फिर सभी सीएचओ सीएस डॉ. चंद्रभानु प्रतापन से मिले और अपनी समस्या बताते हुए लिखित आवेदन दिया. सीएस ने सभी को भरोसा दिलाया कि उन्हें एक सप्ताह के भीतर सभी को राशि का भुगतान कर दिया जाएगा. संजूत सहाय ने बताया कि प्रति सीएचओ का एक साल का बकाया 1 लाख 80 हजार है, जबकि यूनियन के दबाव के बाद किसी को 23 हजार तो किसी को 26 हजार ही दिया गया. सीएचओ का कहना है कि जबतक पूरा पैसा नहीं मिलेगा, वे लोग आंदोलन करेंगे. फिलहाल एक सप्ताह का समय दे रहे हैं.

**खास बातें**

- सीएचसी में दुर्व्यवहार से लोगों में आक्रोश देखा गया
- सीएचसी प्रभारी के खिलाफ जमकर की गई नारेबाजी

#### परीक्षा केंद्रों पर लागू रहेगी धारा 144

**धनबाद ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी. अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है. अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 2 अप्रैल तक जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनिडीह, डीएवी पब्लिक स्कूल सीएफआरआई, इंडियन स्कूल ऑफ़ लर्निंग कतरास मोड़, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल बनियाहीर, धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, सरस्वती शिशु मंदिर कतरास, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, किड्स गार्डन झरिया, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल बैंक मोड़, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच में परीक्षा आयोजित की जाएगी.

## धनबाद के मंदिर में चोरी, जांच शुरू

संवाददाता । धनबाद

धनबाद में चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है. रविवार की देर रात सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीसिद्ध नागेश्वर शिव साईं धाम में चोरों ने दान पेटी को निशाना बनाया. दान पेटी में रखे लगभग 5 हजार से ज्यादा की चोरी कर ले गए. घटना की जानकारी मंदिर की देखरेख कर रहे संजय मालाकार को सोमवार की सुबह मिली. इसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी दी. जानकारी मिलते ही धनबाद सदर थाना की पुलिस उक्त स्थल पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई. घटना के संबंध में संजय मालाकार ने बताया कि चोरों ने पहले मंदिर परिसर के बिजली के तार को काटा और फिर मंदिर परिसर के अंदर के गेट का ताला तोड़ा. मंदिर में प्रवेश कर तीन दान पेटी का ताला तोड़ कर लगभग 5 हजार से ज्यादा की चोरी कर ली. उन्होंने कहा कि चोरों का आतंक धनबाद में लगातार



बढ़ता जा रहा है. प्रत्येक दिन कहीं ना कहीं चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है. पुलिस से आग्रह है कि पुलिस चोरों पर नकेल कसने का काम करे.

धनबाद में इन दिनों चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह भगवान के घर को भी नहीं बख़्श रहे हैं. पिछले कुछ दिनों में धनबाद के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदिरों में चोरी की यह चौथी घटना है.

**इन मंदिरों में हो चुकी है चोरी :** धनबाद के पोलटेक्निक रोड स्थित शिव मंदिर में चोरों ने दान पेटी पर हाथ साफ कर हजारों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं. रणधीर बर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमानजी के डेढ़ लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है. यह वह इलाका है जहां काफी भीड़भाड़ व पुलिस मौजूदगी रहती है. नागनगर में भी शिव मंदिर में भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है. जिले में लगातार हो रही इस घटना से लोगों में पुलिस के प्रति काफी नाराजगी है. लोगों का कहना है कि पुलिस अगर सही से गश्ती करे तो इस पर अंकुश लग सकता है.

#### सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या

**धनबाद ।** कोयला नगर में कार्यरत सीआईएसएफ जवान डीके सरकार ने सोमवार को दोपहर के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. डीके सरकार धनबाद के नूतनडीह, कृष्णा नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे. उनके बारे में बताया जा रहा है कि वे कुछ दिनों से मानसिक अवसाद से ग्रसित थे. सीआइएसएफ जवान की पत्नी दोपहर में अपने बच्चों को लाने के लिए स्कूल गई थी, वापस लौटने पर देखा कि पति ने फांसी लगा ली. ये देखकर पत्नी दहाड़ मार रोने लगी और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों को मामले की खबर हुई.

**AFFIDAVIT**

I, Aditi Poddar Narsaria daughter of Sri Ashok Poddar and wife of Sri Rahul Ram Narsaria aged 31 years, residing at Vrindavan, Near Kali Mandir, Burdwan Compound, Ranchi - 834001, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as under :

1. That my maiden name is Aditi Poddar
2. That I got married to Sri Rahul Ram Narsaria on 07/05/2021 at Swarnabhumi Banquet Hall, Dangratoli, Ranchi.
3. After marriage my name is Aditi Poddar Narsaria and all the records have the same name.
4. I state that Aditi Poddar and the Aditi Poddar Narsaria is the name of one and the same person and that is myself.

I am executing this declaration to be submitted to the concerned authorities for the change of name. I hereby state that whatever is stated herein above are true to the best of my knowledge. Solemnly affirmed at Ranchi on this 15th day of Feb 2024.

Aff. No. 1100/15-02-24

### लोस चुनाव 2024 | सार्वजनिक उपक्रम के पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

# स्वीप के माध्यम से मतदान के लिए करेंगे जागरूक

संवाददाता । धनबाद

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर), आईआईटी आईएसएम, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिम्फर) सहित अन्य सार्वजनिक संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय के सभागार में बैठक की. इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि बैठक का उद्देश्य सार्वजनिक उपक्रमों को स्वीप



गतिविधियों में शामिल कर उपक्रम में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है. उपायुक्त ने कहा कि टाटा स्टील के साथ एक हाफ मैराथन दौड़ प्रस्तावित है. इसी प्रकार सभी उपक्रम में 2500 से 3000 लोगों को शामिल करते हुए बड़े पैमाने पर स्वीप गतिविधि आयोजित की जाएगी. लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय में मतदान संबंधी बैनर, पोस्टर लगाकर और कंपनी की कॉलोनी में नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक करे.

**उम्रदराज, दिव्यांग, धात्री व गर्भवती महिलाओं के लिए बनेगा ग्रीन चैनल**

स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान उम्रदराज, दिव्यांग, धात्री व गर्भवती महिलाओं के सुगम व सरल मतदान के लिए हर बूथ पर ग्रीन चैनल बनाया जाएगा . नगर निगम क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों की साफ-सफाई की जाएगी और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा . साथ ही मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी . साथ ही कहा कि इस बार नगर निगम ने अपने सभी सफाई कर्मियों को मतदान करने के बाद ही घर जाने की अपील की है . वहीं सभी मॉल, मार्केट, सिनेमा हॉल, हाट बाजार तथा महत्वपूर्ण चौक - चौराहों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बैनर पोस्टर लगाए जाएंगे .

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषी मुर्मू, सदर अस्पताल के नोडल डॉ राजकुमार सिंह, बीसीसीएल के सुरेंद्र भूषण, सेल के वाय के पासवान, उदय कुलकर्णी मौजूद थे.

## निगम पेयजल की समस्या से निपटने की तैयारी में जुटा

संवाददाता । धनबाद

गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने की तैयारी में नगर निगम जुट गया है . नगर निगम पेयजलापूर्ति के लिए आठ नए पानी के टैंकर की खरीदारी करेगा . इसमे पांच हजार लीटर के लिए तीन एवं दो हजार लीटर के पांच टैंकर की खरीदारी की जाएगी . जिससे पेयजल की समस्या वाले इलाकों में आपूर्ति की जाए . आने वाले गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने के नगर आयुक्त ने 27 फरवरी को एक बैठक बुलाई है. जिसमे जलापूर्ति से संबंधित सभी योजनाओं में लगे एजेंसी एवं



अधिकारियों को मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है . मालूम हो कि इससे पहले खराब चापाकलों की मरम्मती के लिए निविदा निकाल दी गई है.

इसमे नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी 55 वार्डो में खराब चापाकलों की सूची मांग कर उसके अनुसार करीब एक हजार खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए निविदा निकाली गई है.



कसमार, पेटरवार, जरीडीह, गोमिया में रतजगा कर रहे हैं ग्रामीण

# जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिला स्थित गोमिया प्रखंड के झुमरा पहाड़, लुगु पहाड़ से लेकर पेटरवार, कसमार एवं जरीडीह प्रखंड के पहाड़ी इलाकों में बसे गांव में दो दशकों से हाथियों का आतंक जारी है. हर साल इन चारों प्रखंडों में औसतन चार से पांच लोग हाथियों के हमले में जान गंवा बैठते हैं, वहीं घर, चहारदीवारी से लेकर फसलों की क्षति का तो आकलन करना संभव ही नहीं है.

### जमकर उत्पात मचाया

25 फरवरी की सुबह गोमिया प्रखंड के कोदवाटांड़ एवं अन्य गांव में झुंड से बिछुड़े एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया और हमला कर एक बुजुर्ग समेत दो महिलाओं को मार डाला. इस घटना के बाद बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र में फिर हाथियों की दहशत कायम हो गयी है. अब अधिकतर गांवों में ग्रामीण रतजगा करते गुए भय के माहौल में रात गुजारने को विवश हैं.

### फसलों को बर्बाद कर दिया

दो दिन पूर्व ही कसमार प्रखंड एवं जरीडीह प्रखंड के कई गांवों में झुंड से बिछड़े दो हाथियों ने स्कूल की चहारदीवारी, घर से लेकर एमडीएम का अनाज एवं कई किसानों के खेतों में लहलहाती फसलों को बर्बाद कर दिया. हर साल पूस महीने के बाद बसंत ऋतु के आगमन से लेकर महुआ के मौसम में हाथियों का उत्पात जारी रहता है. इन चारों प्रखंडों में अब तक कई लोगों की मौत हाथियों के हमले में हो चुकी है.

### उत्पात रोकने में वन विभाग असफल

बोकारो जिले में हाथियों का उत्पात को रोकने को लेकर वन विभाग हमेशा बड़े बड़े दावे तो करता रहा है, लेकिन उसका दावा हमेशा असफल साबित हुआ है. वन विभाग अक्सर तब उन गांवों में पहुंचता है, जब हाथियों का झुंड तबाही मचाकर वापस जंगल चला जाता है. वन विभाग के पास हाथी भागने की टीम भी है, लेकिन वो उतनी दक्ष नहीं है. विशेष परिस्थितियों में बोकारो वन विभाग को हाथी भगाने के लिए पश्चिम बंगाल की टीम की मदद लेनी पड़ती है.

### गांव में वन सुरक्षा समिति गठित

कसमार, जरीडीह, गोमिया से लेकर पेटरवार के ग्रामीण क्षेत्रों में कई दशक से हर गांव में वन सुरक्षा समिति गठित है, लेकिन समितियां हाथियों के उत्पात को रोकने की दिशा में कारगर साबित नहीं है. वन विभाग हाथी प्रभावित गांवों में न तो टॉर्च, केरोसिन, मशाल से लेकर पटाखे व अन्य सामग्री मुहैया करा पा रही है, न ही वन विभाग के आला अधिकारियों को इसकी फिक्र है. नतीजतन हर बार घटना में मारे गये लोगों के पास संवेदना व्यक्त करने एवं मुआवजा राशि देने के लिए विभाग की टीम एवं जनप्रतिनिधियों की टीम पहुंचती है.

नशा कारोबार के खिलाफ चतरा पुलिस की कार्रवाई

# 40 एकड़ में लगी पोस्ते की उलव को किया नष्ट

संवाददाता। चतरा



नशा मुक्त जिला बनाने की दिशा में चतरा पुलिस लगातार प्रयासरत है. इसी क्रम में पुलिस ने 40 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट किया है. एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर रविवार को सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में अफीम विनष्टीकरण के लिए गठित विशेष टीम ने हेठ बेरीयो, बेरीयो, गम्हारतरी और नरायणतरी क्षेत्र (20 एकड़) में लगी अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया. साथ ही चतरा पुलिस ने अन्य थाना क्षेत्रों में करीब 20 एकड़ पर लगी पोस्ता की खेती को भी नष्ट किया. चतरा पुलिस का यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक की चतरा जिला को पूरी तरह से अफीम मुक्त नहीं कर दिया जाता है.

**लौट रही पुलिस पर टीपीसी ने किया था हमला:** बता दें कि बीते सात फरवरी को सदर थाना क्षेत्र के बेरीयो के पास जंगल में नक्सली संगठन टीपीसी ने पोस्ता (अफीम) की खेती नष्ट कर लौट रहे पुलिस बल पर घात लगा कर हमला किया था. इस नक्सली हमले में दो जवान शहीद हो गये थे.

## ब्रीफ खबरें

### डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया

**बोकारो।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर के रूप में चिह्नित सेक्टर 8 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल का अपर नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया ने निरीक्षण किया. मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे.

### थाना प्रभारी का किया स्वागत किया गया

**मधुबन।** मधुबन थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में सोमवार को जयप्रकाश कुमार ने पदभार ग्रहण किया. इस दौरान बांसजोडा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के महा सचिव समीर कुमार लाला (राजा लाला), फुलारीटाड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिलीप विश्वकर्मा, मधुबन पंचायत के मुखिया बिरजू महतो,महेशपुर पंचायत के मुखिया संध्या देवी,महेशपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरी साव, सिनीडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू चौहान ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ दे कर उनका स्वागत किया.

### न्याय मिलने तक आंदोलन : योगेंद्र

**बोकारो।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई एवं न्याय की मांग को लेकर झामुमो गोमिया प्रखंड कमेटी की ओर से सोमवार को सिमराबेड़ा कंडेर में न्याय यात्रा निकाली गयी, जिसमें झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो एवं पूर्व विधायक बबीता देवी मुख्य रूप से शामिल हुईं. इस दौरान न्याय यात्रा के तहत हजारों लोगों के साथ दोनों नेताओं ने पैदल मार्च किया एवं केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की.

### खनन पदाधिकारी किस्कू ने योगदान किया

**साहिबगंज।** जिला के 22 वें खनन पदाधिकारी के रूप में सोमवार को कृष्णा कुमार किस्कू ने योगदान किया. निवर्तमान खनन पदाधिकारी कुणाल कौशल ने नवनियुक्त जिला खनन पदाधिकारी कृष्णा कुमार किस्कू को पदभार दिया. वही नवनियुक्त जिला खनन पदाधिकारी कृष्णा कुमार किस्कू ने साहिबगंज जिला में 2017 में रह चुके हैं.वहीं 2017 में उनका कार्यकाल अच्छा रहा.वही पूर्व खनन पदाधिकारी ने नवनियुक्त जिला खनन पदाधिकारी कृष्णा कुमार किस्कू को कार्यालय के क्लर्क गोतम कुमार के द्वारा पुष्प गुच्छ, फूल माला पहनाकर सॉल बुके देकर स्वागत किया.

### मतदान करने के लिए दिलाई गई शपथ

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को स्वीप कोषांग अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा वेदांता इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड कारखाना परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें जिला श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार एवं जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित किया और शपथ भी दिलाई.

तुपकाडीह नहर गेट एनएसएच 45 की आधारशिला रखी गई

# रेल योजनाओं का पीएम ने किया ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास

संवाददाता। बोकारो

बोकारो रेलवे स्टेशन में सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बोकारो क्षेत्र में आरओबी तथा आरयूबी का ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर डीईई शशि कांत तथा संचालन स्टेशन प्रबंधक ए के हलदर ने किया. इस दौरान पीएम मोदी ने बोकारो रेलवे स्टेशन के आसपास क्षेत्र के एलएचएस (लिमिटेड हाइट सब-वे), टीबी 20 व 19 इस्पात नगर, बांधडीह टीबी 9, 10, शिबुटांड़ 23, एनएचएस (नॉर्मल हाइट सब-वे) मानगो एमआर 47 का उद्घाटन किया गया. वहीं तुपकाडीह नहर गेट एनएसएच 45 की आधारशिला रखी गई.



### बच्चों को पुरस्कृत किया गया

इसके अलावा शिबुटांड़ आरओबी 28 ए, सियालगजरा आरओबी 11ए, अलकुशा आरओबी 9ए, बिजुरिया आरओबी 4 ए का उद्घाटन किया गया. वहीं इसके साथ ही निबंधन तथा चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया. इनमें निबंधन प्रतियोगिता में कक्षा 11 की वंशिका मिश्रा, नुर फातिमा तथा कक्षा 9 के अभिनव कुमार दुबे को क्रमश: प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. चित्रकला में कक्षा 8 की समरीन कौशर, सूरज वाग तथा कक्षा 9 की प्रज्ञा सिंह को क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सभी बच्चे केंद्रीय विद्यालय थ्री के विद्यार्थी है.

### कार्यक्रम में ये थे मौजूद

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र पुरी, विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, विस्थापित क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि भाजपा नेता सुनील गोस्वामी, रानीपोखर मुखिया मिलन आश, केंद्रीय विद्यालय थ्री के प्राचार्य केके सिन्हा सहित आरपीएफ ओसी राजकुमार साव, बालीडीह थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार, जीआरपी थाना प्रभारी संतोष कुमार व सैंकड़ों रेलवे कर्मी मौजूद थें.

बच्ची अपनी नानी के घर पर रहकर जीवन यापन कर रही थी

# सब्जी बेचकर लौट रही नाबालिग की नदी से लाश, हत्या की आशंका

संवाददाता। गोड्डा/ पौडेयाहाट



जिले के पौडेयाहाट प्रखंड अंतर्गत सोउरी नदी से सोमवार की सुबह एक नाबालिग लड़की की लाश बरामद की गई है. मामला पौडेयाहाट थाना अंतर्गत ग्राम मचखार से सटे सोऊरी गांव का है. बताया जाता है कि सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीणों द्वारा शौच जाने क्रम में नदी के किनारे लड़की के शव को देखा गया. इस बात की सूचना पुलिस को दिए जाने के बाद सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में पौडेयाहाट थाने की पुलिस ने पहुंचकर लाश को नदी से बाहर निकाला और आवश्यक जांच पड़ताल की. मृतका की पहचान कर ली गई है.

हाल के दिनों में अपनी नानी के घर रह रही थी. घटना के संबंध में अगल बगल के ग्रामीणों ने बताया कि बीते रविवार की संध्या लड़की अपने घर से सब्जी बेचने के लिए मछखार हटिया गई हुई थी.

देर संध्या घर लौटने के क्रम में एक वृद्ध महिला ने बच्ची से अपने घर पर ही रुक जाने को भी कहा था. घटना को लेकर सदर एसडीपीओ ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल की है. आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म किए जाने के बाद अपनी पहचान छुपाने के लिए अपराधियों ने बच्ची की विभत्स तरीके से हत्या कर लाश को नदी में फेंक दिया है. घटना को लेकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है.

# दो आरोपी गिरफ्तार, छेड़छाड़ करने पर कर दी थी हत्या

संवाददाता। गिरिडीह



मंजय शर्मा हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें खेमलाल महतो और महिला अंजु देवी शामिल हैं. मंजय शर्मा हमेशा खेमलाल महतो की पत्नी को परेशान करता था और उसको छेड़ता था. जिसकी वजह से दोनों ने उसकी हत्या कर दी थी. गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी है.

**शव को प्लास्टिक के बोरा में बांधकर फेंका:** एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि बीते 23 फरवरी को डुमरी थाना क्षेत्र के प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के पीछे प्लास्टिक के बोरा में शव बरामद किया गया था. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआईटी का गठन किया गया था. एसआईटी टीम की जांच में खुलासा हुआ है कि मंजय शर्मा आरोपी खेमलाल की पत्नी को अकेले पाकर छेड़छाड़ और परेशान करता था. इसी कारण पति-पत्नी ने अपने घर में मंजय शर्मा की पहले कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी. इसके बाद शव को प्लास्टिक के बोरा में बांधकर स्कूल के पीछे फेंक दिया.

### डीसी ने समस्याओं की जानकारी ली, दिए निर्देश

**बैठकपाकुड़।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कोल कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उपायुक्त . मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने जिला में स्थित कोल कंपनियों द्वारा किए जा रहे खनन कार्यों के सुचारू संचालन, चिलगो मौजा का आर एंड आर, परिवहन व्यवस्था, विधि व्यवस्था एवं अवैध खनन इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की. उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने विभिन्न कोल कम्पनियों से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली, और संबंधित कोल कम्पनियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उपायुक्त ने कोल कम्पनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि कौशल विकास अंतर्गत जो सर्वे किया गया है.

बोकारो के सेक्टर 5 स्थित पुस्तकाल मैदान में रोजगार सृजन मेला

# ऑन स्पॉट 706 युवाओं को नियुक्ति पत्र

बोकारो

बोकारो के सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में सोमवार को रोजगार सृजन मेले का आयोजन किया गया. जिसमें जिसमें विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा ऑन स्पॉट 706 युवक युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया. मेले का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर डीडीसी संदीप कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन ने संयुक्त रूप से किया. मेले का आयोजन जेएसएलपीएस, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना द्वारा किया गया था. मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए रोजगार सृजन मेले का आयोजन किया गया है. इसका उद्देश्य जिले के युवक युवतियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार मुहैया कराना है.

- 21 कंपनियों ने जिले के युवक युवतियों को दिया रोजगार
- उप विकास आयुक्त ने सांकेतिक रूप से ऑन स्पॉट सौंपा नियुक्ति पत्र



### महिलाओं को जोड़ा जा रहा है

डीडीसी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है. रोजगार सृजन मेले से आज सैकड़ों युवक युवतियां अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटेंगें. लेकिन,वैसे अभ्यर्थी जिनका किसी कारण चयन नहीं हो सका, वह निराश नहीं होंगे. पुन: रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा. रोजगार सृजन मेले में लगाए गए 21 कंपनियों के स्टॉलों का डीडीसी संदीप कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन ने निरीक्षण किया. रोजगार सृजन मेले में उप विकास आयुक्त एवं जेएसएलपीएस डीपीएम ने सांकेतिक रूप से ऑन स्पॉट दर्जन भर चयनित युवक युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र सौंपा. मेले में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 4,205 युवक युवतियों ने निबंधन कराया.

### शिवरात्रि पूजा समिति का गठन, लिए कई निर्णय

**पीड़टांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड के खुखरा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शिव शक्ति समिति (चेथरुडीह), खुखरा की बैठक सुखदेव प्रासाद वर्णवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पूजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई .हर वर्ष की भांति महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया.वहीं बैठक में पूजा समिति का गठन किया गया.

### तिसरी अंचल के राजस्व कर्मचारी घूस लेते गिरफ्तार

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी अंचल के राजस्व कर्मचारी रामनरेश चौधरी को अंचल कार्यालय से ही भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने सोमवार को जमीन म्यूटेशन के नाम पर 5000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा है . बताया जाता है कि जमीन म्यूटेशन करने के एवज में कर्मचारी राम नरेश चौधरी ने गुमगी निवासी भाजपा नेता नरेश यादव से 15000 रुपये की मांग की थी. जिसके बाद नरेश यादव ने भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय सदस्य सह भाजपा के तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा की मदद से एसीबी टीम से इसकी शिकायत की. जिसके उपरांत एसीबी की टीम ने आज कर्मचारी रामनरेश चौधरी को रंगे हाथों 5000 रुपए घूस लेते धर aदबोच लिया .जिसके बाद अंचल कार्यालय में लोगों की काफी भीड़ लग गई, लोगों ने एसीबी जिंदाबाद और तिसरी सीओ मुर्दाबाद के नारे भी जोर-शोर से लगाये गये.



साहिबगंज | जिले में स्वीप गतिविधियों से संबंधित बैठक आयोजित

# जागरूकता के लिए स्वीप प्लान पर चर्चा

संवाददाता। साहिबगंज

सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनज़र उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की चर्चा की गई. बैठक में सभी नौ प्रखंडों के स्वीप नोडल के साथ मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप प्लान पर चर्चा की गई.

जिसमें तिथि वार स्वीप गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि ज़िले में 60% से कम वोटर टर्न आउट को बढ़ावा देने हेतु ऐसे जगहों को चिह्नित कर बूथवार विभिन्न गतिविधियां आयोजित करनी है। 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं का शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर खेल संबंधित एवं अन्य रोचक गतिविधियां आयोजित करने की बात कही गई. साथ ही हमारा घर मेरा मत के तहत सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाने, पीडीएस डीलर द्वारा खाद्यान्न आपूर्ति के दिन वोट जरुदा जोमाय जरुदा अभियान चला कर सभी को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए जागरूक की बात कही गई.



### अन्य कई कार्यक्रम आयोजित होंगे

इसके अलावे रात्रि चौपाल लगाने, साइकिल रैली का आयोजन करने के लिए ह्यूमेन चैन बनाने, विभिन्न स्थानों पर चित्रांकन एवं क्विज प्रतियोगिता हस्ताक्षर अभियान चलाने, डेमोक्रेसी वाल का निर्माण करने, जिले के माइग्रेट लेबर, बाहर रहने वाले छात्र तथा बाहर नौकरी करने वाले नौकरी पेशा लोगों को मतदान से जोड़ने के लिए गतिविधियां आयोजित करने एवं फॉलो अप लेने,आई एम वाटर सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया. स्वीप के तहत 12 फरवरी से ही विभिन्न गतिविधियां जिले के विभिन्न प्रखंडों में चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत चुनाव संवाद,स्पेशल चुनाव पाठशाला, न्यू वोटर रजिस्ट्रेशन कैंपेन चलाया जा रहा है.

WORLD NGO DAY

Parvatiya Durgam Shiksha Vikash
DOMAIN. Agriculture. Education & Literacy. Health & Family Welfare. Land Resources.
Address. Shashi Vihar, Cheshair Home Road, Bariyatu, Ranchi-9, Jharkhand

NBJK
Nav Bharat Jagriti Kendra
Amritnagar, P.O. Korrah
Dist. Hazaribag-825301 (Jharkhand)
Telefax : 06546-26332, E-mail : nbjkco@gmial.com

Er. Satish Girija
Secretary
Mob : 9431140508

भारतीय लोक कल्याण संस्थान
सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 21/1860 के अंतर्गत
झारखण्ड सरकार से निबंधित
सामाजिक, कला, सांस्कृतिक
खेल-कूद, शैक्षणिक, स्वास्थ पब्लिकेशन
व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान
राजनगर, पावर हाउस, चुटिया, राँची

Chotanagpur Sanskritik Sangh
Estd.1968
HI-98, Harmu Housing Colony
Doranda Ranchi-834002
Phone - 9504900583

Dr. Sachi Kumari
Chief Executive
Chotanagpur Sanskritik Sangh

NACO TI-FSW/MSM/TG
National AIDS Control Organisation
India's Voice against AIDS
ISACS
Funded By
Jharkhand State AIDS Control Society
Project Office : H/O Mrs. Reshmi Ghosh
By Lane, Opposite Student Girls Hostel
Peace Road, Lalpur, Ranchi-834001
TI PARTNER
JHARKHAND SWABHIMAN
A NGO Registered Under Society Registration Act. 21, 1860
Registered Office : B-34, Baldeo Sahay Lane, Church Road, Ranchi-834001

### गरीब और कमजोर तबके के साथ प्रतिष्ठित सीधे-सादे लोगों की जमीन पर भू-माफियाओं की पड़ी है गिद्ध नजर

# जमीन कब्जाने के लिए महिला गैंग का इस्तेमाल कर रहे माफिया

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में जमीन माफियाओं का बोलबाला हो गया है. हालात ये हैं कि इनलोगों की वक्र दृष्टि जिस भी जमीन पर पड़ी, उस जमीन के मालिक के बुरे दिन शुरू हो गए. खासकर गरीब और कमजोर तबके के लोगों की जमीन पर भू-माफिया गिद्ध नजर जमाए रहते हैं. अब तो प्रतिष्ठित और सीधे-साधे लोगों की जमीन पर भी कब्जा करने की जुगत में हैं. वैसी जमीन, जिसपर किसी कारण से विवाद है या फिर जो जमीन इन्हें जंच गई, वहां विवाद उत्पन्न करा दिया जा रहा है. जमीन कब्जा करने के लिए हर तरीके का इस्तेमाल कर रहें हैं.



**माफिया राज**

- जबरन विवाद उत्पन्न कर जमीन हड़पने की कोशिश
- धमकी से मारपीट तक हर तरीके कर रहे अख्तियार

### मटवारी का कृष्णापुरी मोहल्ला बना हॉट स्पॉट

मटवारी का कृष्णापुरी मोहल्ला जमीन माफियाओं के लिए हॉट-स्पॉट बना हुआ है. यहां लगभग चार-पांच अलग-अलग लोगों की जमीन पर माफियाओं ने दावा ठोक दिया है. वे भाड़े की महिलाओं को लेकर जमीन पर पहुंच जा रहे हैं. ये महिलाएं संबंधित जमीन मालिकों के साथ गाली-गलौज, मारपीट, धमकी और बलात्कार के केस में फंसा देने की बात करती हैं, जिससे जमीन मालिक डरे-सहमे रहते हैं. कुछ तो अपने गांव भी भाग गए हैं.

### आम से खास तक की जमीन पर पड़ी वक्र दृष्टि

भू-माफिया के चक्रव्यूह में फंसनेवालों में रेलवे आरपीएफ के डिप्टी सेक्रेट्री अनुप प्रसाद गुप्ता भी शामिल हैं. कृष्णापुरी गली नंबर 05 में 34 डिसमिल जमीन पर इनका दखल है.

**केस -1** 1968 में इनकी मां ने रैयती जमीन ली थी. तबसे रसीद कट रहा है. इसमें 3 डिसमील जमीन बदलैन द्वारा लिया गया, जो कि कागजात के द्वारा लिखा पढ़ी से हुआ. कृष्णापुरी में जमीन का रेट कई गुना बढ़ गया है, तो जमीन माफियाओं द्वारा पुरानी चहारदीवारी को तोड़ कर तीन डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया गया.

कृष्णापुरी लोचन पथ में भुवनेश्वर महतो की आठ डिसमिल जमीन का भी यही हाल है. पिछले रविवार को महिला गैंग को उनके घर में प्रवेश करा कर जमीन पर कब्जा कर लिया गया.

**केस -2** उन्होंने बताया कि उक्त भू-खंड 1987 से उनके कब्जे में हैं. 2024 तक आठ डिसमिल जमीन का रसीद अप टू डेट है. उनके घर के ताले को तोड़ दिया गया. लगभग एक दर्जन महिलाएं उक्त भू-खंड में रहती है. वो रात को वहीं सोती हैं. वहां पर जाने पर फंसाने की धमकी देती हैं. इसके कारण फिलहाल वह अपने गांव सिलवार में रह रहे हैं.

**पुलिस का रवैया असहयोग्यात्मक**

जमीन मालिकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर वे कई बार थाने का चक्कर लगा चुके हैं. लेकिन मदद करने की बजाय बार-बार उनके मामलों को टाल दिया जाता है. टालमटोल की नीति अपनायी जा रही है. और तो और जमीन मालिकों को बोला जाता है कि लड़ाई मत किजिएगा, नहीं तो आप लोगों पर एफआईआर कर दिया जाएगा. कम से कम थाना नियमसंगत कार्रवाई तो करे. थाने से लेकर जिले के बड़े अधिकारियों तक दौड़ लगाई, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. पुलिस के असहयोगात्मक रवैया के कारण जमीन मालिक परेशान हैं, जबकि जमीन मापफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है.

# प्राप्त आवंटन का शत-प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करें: नैंसी सहाय

संवाददाता। हजारीबाग

उपायुक्त नैंसी सहाय ने कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की समीक्षा की. उन्होंने समेकित बिरसा विकास ग्राम सह कृषक पाठशाला, केसीसी ऋण माफी योजना, मत्स्य संपदा योजना, तालाब निर्माण, पशुधन योजना आदि की प्रगति की जानकारी ली. इस क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध एवं किए गए कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चत करें.

वहीं, अपेक्षाकृत कम व्यय करने वाले कार्यालयों को सख्त निर्देश देते हुए समय रहते शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने को कहा. योजना संबंधी लंबित अनुमोदन के मामले में शीघ्र संचिका के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त करते हुए योजना के क्रियान्वयन



**विभागीय कवायद**

- उपायुक्त ने की कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा
- योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए

में प्रगति लाने के निर्देश दिए. बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी थे.

## ब्रीफ खबरें

### भेल पतरातू के स्टॉक यार्ड में श्रमिक की मौत

**रामगढ़।** भेल पतरातू के स्टॉक यार्ड में बीएचईएल के कंट्रेटर आरवीपीआर के अधीनस्थ कार्यरत श्रमिक की हाइड्रा पलटने से मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पीवीयूएन के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद काफी लोग घटनास्थल के आसपास पहुंच गए. इस बीच विधायक अंबा प्रसाद भी पहुंची और मृतक के परिवार को संवेदना देते हुए सुनिश्चित किया की एजेंसी मृतक के परिजन को जितना जल्द से जल्द हो सके, मुआवजा देगी. इसके साथ ही मृतक के परिवार से एक व्यक्ति को रोजगार देने के लिए भी कहा गया. बड़कागांव विधायक के कहने पर एजेंसी के अधिकारियों ने मृतक के परिजन को जल्द से जल्द मुआवजा तथा एक आश्रित को रोजगार देने का आश्वासन दिया.

### प्रशासन-जनप्रतिनिधियों ने रुकवाया बाल विवाह

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत चौपदार बलिया पंचायत के खरांटी गांव में पुलिस प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों द्वारा बाल विवाह रुकवाया गया. प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी और महिला पर्यवेक्षिका अनुराधा कुमारी के अलावा ग्रामीणों ने नाबालिग बच्ची के घर जाकर उसके घरवालों को समझाया. बता दें कि लड़की की उम्र 12 वर्ष है. 3 मार्च को उसकी शादी लखनऊ के एक प्रौढ़ व्यक्ति से होने वाली था. गुप्त सूचना पर समय रहते इस शादी को रुकवाया गया. बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने नाबालिग के घर वालों को समझाते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चियों का शादी करना कानूनन अपराध है.

### विधायक ने किया मंदिर के निर्माण में सहयोग

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम चोरका में हनुमान मंदिर के निर्माण के लिए स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद द्वारा निजी मद से सामग्री दान स्वरूप दी गई. विधायक के भाई सह इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को निर्माण सामग्री प्रदान किया. उन्होंने कहा कि विकास की राह पर हम सभी पूरे जज्बे के साथ चल रहे हैं. पंचायत उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद ने कहा कि विधायक द्वारा सरकारी मद के साथ साथ निजी मद से विभिन्न क्षेत्र में अनेकों सामाजिक कार्य कराए जा रहे हैं. मंदिर निर्माण के लिए सामग्री प्राप्त होने पर ग्राम वासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया.

### शराबियों का सेफ जोन बना कॉलेज रोड, अवैध रूप से बिक रही शराब

# झाड़ियों में सज रही महफिल

संवाददाता। हजारीबाग

मयखाने से शराब से साकी से जाम से, अपनी तो जिंदगी शुरु होती है शाम से... पंकज उधास की मशहूर गजल की लाइनें इन दिनों जिले के शराबियों के जीने का शगल बन चुकी है. जिला मुख्यालय को कोडरमा, चतरा, और रामगढ़ से जोड़ने वाला मुख्यपथ इन दिनों शराबियों की पहली पसंद बन गया है. यहां न सिर्फ खुलेआम शराब बेची जा रहे हैं, बल्कि यहां शराब परोसने के साथ हर क्वालिटी के चखना की भी मुकम्मल व्यवस्था है.

जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित डिस्ट्रिक मोड़ और संत कोलंबस कॉलेज रोड के बगल वाला इलाका इन दिनों अचानक सुर्खियों में है. दरअसल यहां अचानक से मछली व चखना आइटम्स की दर्जनों दुकानें खुल गई है. दुर्भाग्य की बात तो यह है कि मछली बिक्री के उद्देश्य से खोली गई इन दुकानों में मछली बिक्री से ज्यादा यहां नशेड़ियों के बीच चखना की आपूर्ति की जा रही है.

साफ शब्दों में कहा जाए तो डिस्ट्रिक मोड़ और संत कोलंबस कॉलेज रोड का इलाका इन दिनों नशेड़ियों और शराबियों का सेफ जोन बन चुका है. यहां कच्चा मछली की बिक्री के अलावा फ्राई फिश और अन्य चखना की भी सुविधा दी जाती है. इतना ही नहीं दुकानों के पीछे जंगल-झाड़ी में शराब की भी बिक्री की जा रही है. शराबी पहले मांस-मछली खरीदते हैं और फिर मौके पर ही फ्राई करवा कर चखना के रूप में इस्तेमाल करते हैं.

दुकानों के पीछे झाड़ियों में शराबियों की महफिल जमती है. घंटों बैठकी का दौर चलता है. ऐसे में इस इलाके में किसी अप्रिय वारदात के घटने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. लोगों का कहना है कि अगर इस इलाके में अपराध का ग्राफ बढ़ता है और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है, तो इसका जिम्मेवार कौन होगा? क्योंकि शराबी आए दिन आने-जाने वाले लोगों से दुर्व्यवहार करते रहते हैं.



- शराब के साथ चखना की भी भरपूर व्यवस्था
- पुलिस की कार्यशैली पर उठाये जा रहे सवाल

संत कोलंबस कॉलेज के किनारे झाड़ियों में जमी शराबियों की महफिल.

**पुलिस को सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं**

संत कोलंबस कॉलेज होकर जाने वाले विद्यार्थियों ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि झाड़ियां के बीच दर्जन भर से ज्यादा तंबू लगाकर दुकान चल रहे हैं और यहां शराब बिक्री का गोरखधंधा चल रहा है. इतना ही नहीं, कई महिलाएं भी इन दुकानों के पीछे झाड़ियां में खुलेआम शराब परोसती दिख जाएंगी. भविष्य में अगर कोई बड़ा घटना हो, तो उसके लिए जिम्मेवार कौन होगा? दर्जनों बार पुलिस से इसकी शिकायत की गई, लेकिन पुलिस कार्रवाई करने के बजाय मौन व्रत धारण किए हुए है. शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर लोग पुलिस की भी सांठगांठ की आशंका व्यक्त कर रहे हैं.

> अवैध शराब बिक्री को लेकर समय-समय पर उत्पाद विभाग द्वारा जांच की जाती है. अवैध शराब बिक्री की सूचना आपके द्वारा मिल रही है. इस मामले की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.
> – सुनील कुमार चौधरी, सहायक उत्पाद आयुक्त, हजारीबाग.

**कहां-कहां अवैध रूप से हो रही शराब की बिक्री**

हजारीबाग शहर के झील जेल रोड, डिस्ट्रिक मोड़, संत कोलंबस रोड, बड़कागांव रोड, कटकमसांडी रोड, रांची-पटना रोड के अलावा अब ग्रामीण इलाके के बाजारों में भी अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार फल फूल रहा है. इन इलाकों में दोपहर बाद से ही झाड़ियों और कोने में शराबियों की महफिल सजने लगती है. इससे आसपास रहने वाले लोगों को हमेशा अप्रिय घटना का भय सताता रहता है. शराब पीन के बाद शराबियों की जुबान बहकती है और आते-जाते राहगीरों, विशेष कर महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां कसने से भी ये लोग बाज नहीं आते हैं. ऐसे में पुलिस को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है.

### अब आईसेक्ट विश्वविद्यालय में एलएलबी और एलएलएम की भी होगी पढ़ाई

# बीसीआई से आईसेक्ट को मान्यता

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की ओर से एलएलबी कोर्स के लिए मान्यता प्रदान की गई है. सत्र 2024-25 से ही विश्वविद्यालय में एलएलबी (तीन वर्षीय) व एलएलएम (दो वर्षीय) कोर्स की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी. उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी.

उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरुआती दिनों से ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है. एमसीए, एमबीए, डी फार्मा और इंजीनियरिंग की मान्यता मिलने के बाद एलएलबी कोर्स की मान्यता विश्वविद्यालय को मिलने से ना सिर्फ आसपास के विद्यार्थी ही लाभान्वित होंगे बल्कि हजारीबाग के साथ-साथ चतरा, कोडरमा, गिरीडीह, रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी इससे अधिक लाभ होगा. वहीं कुलपति डॉ. पीके नायक ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न कोर्सों के साथ-साथ एलएलबी और एलएलएम के लिए भी विद्यार्थियों को उत्तम व्यवस्था प्रदान की जाएगी.

**प्रबंधन हर्षित**

- सत्र 2024-25 के लिए नामांकन की प्रक्रिया जल्द
- छात्र-छात्राओं को देंगे पढ़ाई की बेहतर व्यवस्था : वीसी

मान्यता मिलने पर डीन एडमिन डॉ एस रथ, एआर एकेडमिक माधवी मेहता, एआर परीक्षा विभाग ललित मालवीय, डीन एकेडमिक एमके मिश्रा, सीएसआईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, डॉ राजकुमार, डॉ दिवाकर निराला, डॉ प्रीति व्यास, डॉ आलोक कुमार, डॉ श्वेता सिंह, डॉ एसपी विश्वकर्मा, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ सोनी मेहता, डॉ बिनिता कुमारी, डॉ पूनम चंद्रा सहित सभी प्राध्यापकों व कर्मियों ने बीसीआई को धन्यवाद दिया.

### लोस चुनाव को लेकर जेबीकेएसएस की बैठक

**टाटीझरिया।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति टाटीझरिया प्रखंड इकाई की बैठक सोमवार को बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में हुई. अध्यक्षता हुलास महतो व संचालन बालेश्वर महतो ने किया. बैठक में मांडू विधानसभा पर्यवेक्षक पनेश्वर कुमार, संजय महतो, महेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश सिंह पटेल, मुकेश महतो, माही पटेल, नकुल महतो, मिथिलेश मेहता, किशोर कुमार, अनुराग कुमार उपस्थित हुए. इस दौरान चुनाव के मद्देनजर टाटीझरिया प्रखंड के लिए प्रभारी बालेश्वर महतो, पर्यवेक्षक शंकर प्रसाद, सह प्रभारी देवगंगा प्रसाद, संयोजक भुनेश्वर महतो, मीडिया प्रभारी निरंजन पटेल और महेंद्र भारती को बनाया गया है.

# एनटीपीसी केरेडारी के मेडिकल कैंप में 769 लोगों ने कराई जांच

संवाददाता। केरेडारी

एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा ग्राम बसरिया में मेगा मेडिकल कैंप आयोजित किया. इसमें 5 विशेषज्ञ नेत्र, ईएनटी, जनरल फिजिशियन, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, दंत चिकित्सा, ऑर्थोपेडिक के डॉक्टर शामिल थे. इस कैंप में 769 लोगों ने जांच व इलाज कराया. केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने बताया कि एनटीपीसी जन स्वास्थ्य के कार्यों में सैदव तत्पर रहती है.

परियोजना द्वारा समय-समय पर जन कल्याण के कार्य किए जाते हैं, जिससे ग्रामवासी काफी खुश हैं.



उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के इस मेडिकल कैंप से लोगों को बहुत लाभ मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा. कैंप को सफल बनाने में परियोजना के अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु, अलबर्ट कुल्लु, निशित कुमार एवं सीएसआर की अधिकारी अल्का पांडा के अलावा ग्रामीणों का अहम योगदान रहा.

### कोयला परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को एनटीपीसी दे रहा प्रशिक्षण

# संस्थान के लिए सुरक्षा अहम : पंकज

संवाददाता। हजारीबाग/बड़कागांव

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को दिये जा रहे 3 माह के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 38 नामांकित युवाओं के बीच प्रशिक्षण में उपयोग होने वाली सामग्री का वितरण किया गया. इन सामग्रियों में तकनीकी किताबें, बैग, आवश्यक औजार, सेफ्टी हेलमेट, सेफ्टी जैकेट, सेफ्टी शूज जैसी आवश्यक चीजों शामिल थीं.

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक भू-अर्जन विभाग पंकज ध्यानी ने विशिष्ट अतिथि सतीश लाल लीगल डिपार्मेंट एवं उप महाप्रबंधक एसके सेनापति के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि ने कौशल विकास के महत्व को समझाते हुए सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी. यह भी बताया कि सुरक्षा किसी भी संस्थान के लिए कितनी महत्वपूर्ण है. उन्होंने अपने भाषण में एनटीपीसी के कई सेफ्टी नियमों की जानकारी दी और अपने अनुभव को साझा किया. साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

अपने उद्बोधन में उप महाप्रबंधक एसके सेनापति ने बेस्ट इंडस्ट्री प्रैक्टिस के तहत प्रशिक्षण संचालन की बात कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने किया. मौके पर संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी संदीप मौर्य, नामांकन प्रभारी प्रदीप कुमार, फिटर ट्रेड से श्रीनाथ, वेल्डर ट्रेड से विकास चौरसिया, तरुण रंजन, इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से मुकेश कुमार व उपेंद्र कुमार मौजूद रहे.



**तकनीकी प्रशिक्षण**

- 38 नामांकित युवाओं को प्रशिक्षण संबंधी सामग्री बांटे
- एनटीपीसी के कई सेफ्टी नियमों की दी गई जानकारी

### अवैध स्क्रैप लदी दो पिकअप वैन जब्त की

**विष्णुगढ़।** पुलिस ने रविवार की देर शाम अवैध स्क्रैप लदे दो बोलेरो पिकअप को जब्त किया है. इस संबंध में बताया गया कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि गोमिया की ओर से अवैध स्क्रैप लदे दो बोलेरो पिकअप वाहन आ रहे हैं, जिनका गंतव्य बगोदर है. सूचना मिलने पर विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद की अगुवाई में पुलिस का एक दल जमुनिया डैम के पास घात लगाकर बैठ गया. देर शाम गोमिया की ओर से आ रहे दोनों वाहन के चालक पुलिस को देख वाहन छोड़ कर अंधेरे का लाभ उठा भाग गए. मौके से दोनों वाहनों (जेएच 09 0833 व जेएच 05 बीएच 5087) को जब्त कर पुलिस थाने ले आई. वाहनों पर लगभग दो टन एंगल के टुकड़े लदे थे. इस बावत विष्णुगढ़ थाना में वाहन मालिकों तथा चालकों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है. छापेमारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी राम नारायण सिंह और थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे.

### वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने वाले बच्चों को डीसी ने किया सम्मानित

# लक्ष्य प्राप्ति को कड़ी मेहनत जरूरी

संवाददाता। रामगढ़

सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने एवं मेहनत व लगन से पढ़ाई कर वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा मनोबल बढ़ाया जा रहा है. इस कड़ी में उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा लिए गए निर्णय के उपरांत सोमवार को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त प्राप्त करनेवाले कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इस दौरान गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त चंदन कुमार स्वयं शामिल हुए. वहीं जिले के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित कुल 30 सरकारी विद्यालयों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया. इन विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने वाले कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया. गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे उपायुक्त ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया.

उन्होंने बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को पहचानते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया. कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले बच्चों को ब्लेजर से सम्मानित करने का उद्देश्य, केवल सम्मानित करना ही नहीं, बल्कि अन्य बच्चे को भी उन बच्चों से प्रेरणा लेकर मेहनत कर जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित करना है. इस दौरान उपायुक्त ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी.



**बढ़ाया मनोबल**

- जिलेभर के सरकारी विद्यालयों में किया गया था आयोजन
- प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले बच्चों को दिया गया ब्लेजर

### बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय मैदान में युवा जोहार महासम्मेलन, माले विधायक विनोद सिंह ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

# रोजगार से बेदखल कर युवाओं को हिंसक बना रही केंद्र सरकार

संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड मैदान में आयोजित युवा जोहार महासम्मेलन में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए. सम्मेलन की शुरूआत किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई. महासम्मेलन को संबोधित करते हुए माले विधायक विनोद सिंह केंद्र की मोदी सरकार पर खूब बरसे. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने सबसे ज्यादा युवाओं को छलने का काम किया है.

सभी नियुक्तियों को कॉन्ट्रैक्ट में तब्दील कर रोजगार पर ही ताला लगा दिया गया. पीएम आवास योजना राज्य में बंद है. एमडीएम, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, पोषण सखी योजना में वादाखिलाफी की गई. अब केंद्र सरकार के मातहत सरकारी उपक्रमों में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत रोजगार देने का नियम लागू नहीं होगा. माले विधायक ने कहा कि बालू हो या ढिबरा, अब केंद्र की अनुमति से उठाव करना होगा. 10 बार कोडरमा से भाजपा को जिताने वाले ढिबरा मजदूरों पर केंद्र ने नया नियम थोप कर जीना मुश्किल कर दिया है.



**लोकतंत्र बचाना युवाओं का पहला काम : राजकुमार यादव**

पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि देश में अच्छे दिन का माहौल कतई नहीं है. देश के युवाओं, छात्रों को दंगाई बनाया जा रहा है. आज देश और देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाना युवाओं का पहला काम है. किसानों का आंदोलन देश के हर आवाम की लड़ाई है. वहीं महिला नेत्री जयंती चौधरी ने कहा कि युवाओं की जिंदगी बर्बाद करने वाली केंद्र सरकार के 10 साल का हिसाब देश के युवाओं को करना होगा. वहीं, इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि देश के तानाशाह ने हसीन सपने दिखाए थे, पर ये सपने आज तक पूरे नहीं हुए. हिंसा और नफरत के माहौल के खिलाफ 28 फरवरी को दिल्ली में यंग इंडिया कार्यक्रम में युवा केंद्र सरकार से जवाब-तलब करेंगे.

**'जांच हुई तो बाबूलाल और भाजपा नेता जाएंगे जेल'**

माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आयुष्मान कार्ड देश में लागू नहीं होता है. एनएच और जीटी रोड से टोल टैक्स की उगाही की जाती है, लेकिन कंपनियों की लापरवाही से सड़क दुर्घटना में मौत के लिए कंपनियों को दंडित नहीं किया जाता है. जेपीएससी, मनरेगा घोटाला की जांच सीबीआई और ईडी से भाजपा नहीं कराती है. जांच हुई तो बाबूलाल मरांडी समेत कई भाजपा नेता जेल जाएंगे. भाजपा का कमल भ्रष्टाचार की कीचड़ में ही खिलता है. 10 वर्षो में धनबाद-कोडरमा से मुंबई और दक्षिण भारत के लिए कोई ट्रेन शुरू नहीं हुई. ओबीसी आरक्षण में राज्यपाल ही अडंगा पैदा कर रहे हैं. लाल झंडे का एक भी प्रतिनिधि जीतकर लोकसभा में गया, तो झारखंड की सड़कों की आवाज लोकसभा में उठेगी.

**युवाओं को सड़कों पर लाकर रख दिया : नीरज कुमार**

नौजवान सभा के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार ने कहा कि इस दौर को भाजपा अमृत काल कह रही है, पर देश के युवाओं को अमृत के बजाए अबतक विष ही परोसा गया है. देश की गद्दी पर भाजपा सरकार को नैतिक तौर पर बैठने का आधिकार नहीं हैं. युवाओं को रोजगार लेनेवाला बनने के बजाय रोजगार देनेवाला बनाने की बात कहने वाले मोदी सरकार ने देश के युवाओं को सड़कों पर लाकर रख दिया है. सभा की अध्यक्षता संदीप कुमार जायसवाल और जबकि संचालन सोनू पांडेय ने किया.

# पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता। रामगढ़

लोकसभा आम निर्वाचन में पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आवश्यक सेवाओं में कार्यरत व्यक्ति, ऐसे अधिकारी/ कर्मी जो मतदाता सूची में नामांकित हैं और जिन्हें मतदान की



तिथि पर ड्यूटी पर होने के लिए प्रमाणित किया जाएगा, वे आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं (अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विस) के रूप में डाक मत पत्र द्वारा अपना वोट डालने के पात्र होंगे. इस दौरान उपायुक्त ने आवश्यक श्रेणी में आने वाले विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### संबंधित छात्राओं को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान करेंगे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

# वीमेंस यूनिवर्सिटी का प्रथम दीक्षांत समारोह 2 मार्च को

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर

राजभवन के निर्देश के अनुसार जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह अब एक के बजाय दो मार्च को होगा. समारोह के अन्य कार्यक्रम यथावत रहेंगे. झारखंड के राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. समारोह में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की सत्र 2021-2023 की स्नातकोत्तर मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, बीएड, एमएड, बीपीएड में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा. प्रथम दीक्षांत समारोह में कुल 28 छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा. मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन संबंधित छात्राओं को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान करेंगे.




**छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए ड्रेस कोड :** दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली छात्राएं गाउन और हैट नहीं पहनेंगी. उनके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से ड्रेस कोड तय किया गया है. लाल दुपट्टे के साथ सफेद सलवार कुर्ता या सफेद साड़ी लाल बॉर्डर या क्रीम कलर की साड़ी रेड बॉर्डर निर्धारित किया गया है. शिक्षकों के लिए क्रीम साड़ी लाल बॉर्डर एवं सफेद शर्ट के साथ क्रीम कलर की पैंट ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है. सभी कमेटियां दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटी हैं, ताकि सफलतापूर्वक समारोह का आयोजन किया जा सके.

**खास बातें**

- 28 छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल
- छात्राएं गाउन और हैट नहीं पहनेंगी, तैयारी पूरी
- यूनिवर्सिटी ने तय किया ड्रेस कोड

**इन छात्रों को मिलेगा गोल्ड मेडल**

बांग्ला-ब्यूटी चक्रवर्ती, अर्थशास्त्र-सिमरन साह, अंग्रेजी-श्रेया गुहा, भूगोल-सुरभि जे मिंज, हिंदी-तहसीन परवीन, इतिहास-किरण दीप कौर, गृह विज्ञान-सुनीता मुंडरी, संगीत-अपूर्व श्रीवास्तव, ओड़िया-नर्मदा कुमारी महापात्र, दर्शनशास्त्र-उर्मिला माडी, राजनीति शास्त्र-अनुप्रिया, मनोविज्ञान-नेहा शर्मा, संस्कृत-मनीषा महतो, उर्दू-सगुफ्ता तरन्नुम, वनस्पति शास्त्र-स्वाति कुमारी, रसायन शास्त्र-महुआ दास, गणित-मनीष शुक्ला, भौतिक-खुशबू कुमारी, जंतु विज्ञान-निशा मांझी, वाणिज्य-श्वेता कुमारी पटेल, बायोटेक्नोलॉजी-जरा हयात अंसारी, एमबीए-शालिनी कुमारी, एमसीए-मेघनाथ पत्तने, लाइब्रेरी साइंस-पामेला दत्ता, एमएड-रितिका सिंह, श्रेया चटर्जी, बीएड-रक्षा सिंह, बीपीएड-प्रीति कुमारी.

## रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन चुनावी फंडा : डॉ परितोष

**जमशेदपुर ।** गोविंदपुर रेलवे ब्रिज समेत पूरे देश में हो रहे रेलवे ओवरब्रिज के उद्घाटन को छोटा गोविंदपुर के जिला परिषद डॉ परितोष सिंह सह कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने भाजपा का चुनावी फंडा बता जनता को दिग्भ्रमित का वोट लेने का आरोप लगाया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ परितोष सिंह ने कहा कि विगत 4 वर्षों से स्थानीय सांसद गोविंदपुर की जनता को छलावा देने का काम कर रहे हैं. विगत 3 वर्ष पूर्व ग्राम सभा की गई थी मगर उसके अनुशंसाओं को नहीं गया और 2 वर्ष से ज्यादा होने से ग्राम सभा अमान्य हो जाती है. तो अभी वर्तमान स्थिति में ना ग्राम सभा हुई है, ना हीं भूमि अर्जन करने के लिए कोई नोटिफिकेशन हुआ है, ना ही पथ निर्माण विभाग के द्वारा रेलवे ओवरब्रिज तक एप्रोच रोड को लेकर कोई बात हुई है, तो कैसे गोविंदपुर रेलवे ओवरब्रिज का शिलान्यास किया जा रहा है. ये सिर्फ और सिर्फ जनता को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए लॉलीपॉप देने का कार्य किया जा रहा है.

## बिजली अफसर ऋषि नंदन का निधन, मुख्यालय में शोक



विशेष संवाददाता । रांची

जेबीवीएनएल के जीएम सह चीफ इंजीनियर कॉमर्शियल ऋषि नंदन का रुड़की में हार्ट अटैक से निधन हो गया. वे लगभग 54 साल के थे और अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं. जेबीवीएनएल अफसरों के अनुसार वे पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए रुड़की गए हुए थे. उनके निधन पर पूरा ऊर्जा मुख्यालय मर्माहत व दुखी है. अंतिम संस्कार मंगलवार को हरिद्वार में होगा. ऊर्जा मुख्यालय धुर्वा में बिजली अफसरों ने उनके आसमायिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया. मुख्यालय परिसर में बिजली अफसरों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस मौके पर निदेशक केके वर्मा, जीएम समीर मुंडू, सुनील दत्त खाखा, संजय कुमार सिंह, अजीत कुमार, संजय कुमार सहित सभी मुख्यालय स्तर, क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर, एरिया बोर्ड स्तर और सर्किल स्तर के इंजीनियर व अफसर शामिल थे. ऊर्जा विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जेबीवीएनएल से एक मजबूत स्तंभ का यूं जाना खल रहा है. उनके आकस्मिक निधन से जो गहरा खालीपन है, वो भर नहीं पाएगा.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** केतु चंद्र रोग भाव में है. शारीरिक कष्ट की आशंका है. भावना में बहकर कोई निर्णय न लें. कुसंगति से हानि होगी. आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी. तनाव रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी. धन का आगमन होगा.

**वृषभ** प्रेम में धोखा मिल सकता है. पर जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा. भाइयों का साथ रहेगा. सभी कार्य पूर्ण सफल होंगे. प्रसन्नता रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. किसी कार्य को लेकर प्रमाद न करें.

**मिथुन** मेहनत के बल पर धन प्राप्ति सुगम होगा. समय का लाभ लें. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी.

**कर्क** किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा. पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है. लगन व उत्साह से कार्य कर पाएंगे. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा. निवेश शुभ रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**सिंह** शिक्षा में सुधार होगा. धनहानि की आशंका है. भावना में न बहकर विवेक का प्रयोग करें. लाभ होगा. कोई शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें. थकान व कमजोरी रह सकती है. भागदौड़ रहेगी. आय में निश्चितता बनी रहेगी.

**कन्या** मेहनत का फल प्राप्त होगा. असहाय लोगों की मदद करने की इच्छा रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. अन्न दान करें.

**तुला** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे. प्रसन्नता रहेगी. पुराने मित्रों से मुलाकात होगी. किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. विवाद से बचें. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा.

**वृश्चिक** काफी समय से कोई बड़ा रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है. सफलता प्राप्त होगी. प्रसन्नता का माहौल रहेगा. आय में वृद्धि नए कार्य के साथ हो सकती है. निवेशादि में जल्दबाजी न करें. भाग्य की अनुकूलता का लाभ लें.

**धनु** कोई बड़ा खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. कुसंगति से हानि होगी. विवेक का प्रयोग करें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है. नौकरी में किसी से विवाद हो सकता है. क्रोध न करें.

**मकर** रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है. यात्रा लंबी हो सकती है. पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में नए काम मिल सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**कुंभ** योजना फलीभूत होगी. आय में वृद्धि होगी. कार्यकारी नए अनुबंध हो सकते हैं. प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा.

**मीन** जीवनसाथी से बहस हो सकता है. किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. धन प्राप्ति के प्रयास भरपूर करें. अधिक लाभ की संभावना है. चारों तरफ से सहयोग प्राप्त होगा.

## पीठा छाकाव मेले का हुआ समापन

**घाटशिला ।** प्रखंड के फुलपाल में तीन दिवसीय पीठा छाकाव मेला का समापन सोमवार को हुआ. इस मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू मौजूद थीं. मुर्मू ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया. पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती मुर्मू ने कहा कि मेला संस्कृति से हर वर्ग में भाईचारा बढ़ता है. फुलपाल का पीठा छाकाव मेला क्षेत्र का प्रसिद्ध मेला है. यह 60 वर्ष के गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है. परंपरा और संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी अब युवा पीढ़ी पर है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नही है. पारंपरिक खेलकूद मनोरंजन और प्रतिभा तराशने का उचित माध्यम है.

### कतरास पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की

# कतरास में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने की डेढ़ लाख की छिनतई

संवाददाता। कतरास

बैखौफ बाइक सवार दो अपराधियों ने दिनदहाड़े गौशाला पुल के समीप सोमवार को जमुआटांड़ निवासी राजकुमार मंडल से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई कर ली. वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी तेजी से बाइक चलाकर राजगंज की ओर भाग निकलें. खबर की सूचना पाकर कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह घटनास्थल पहुंच कर भुक्तभोगी से जानकारी लेकर छानबीन में जुट गए. वहीं, घटना के बाद भुक्तभोगी राजकुमार मंडल का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था. राजकुमार के अनुसार वह कतरास गढ़ बैंक ऑफ इंडिया से डेढ़ लाख रुपए की निकासी कर पैसे को एक थैले में रखकर बाइक से घर जा रहे थे कि तभी पीछे से गौशाला पुल के समीप एक बाइक में सवार दो अपराधियों ने रुपये से भरा थैला झपट्टा मार ले भागे. वे कुछ समझ पाते, कि तब तक अपराधी उनके नजरों से ओझल हो चुके थे.

उन्होंने बताया कि अपराधियों की संख्या दो थी. बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि दुसरे युवक का चेहरा खुला था, जिसे देखने से वे उसे पहचान सकते हैं. इधर, देर शाम भुक्तभोगी ने कतरास पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की तहकीकात की जा रही है.



## हाउसिंग कालोनी के दो घरों में लाखों की चोरी

धनबाद । हाउसिंग कालोनी के रहने वाले अनुजय कुमार गुप्ता ने सोमवार को धनबाद थाने में अपने और किराएदार राज कुमार भट्टाचार्य के घर चोरी होने की शिकायत की है. बताया है कि रविवार की रात वे अपने दूसरे घर में सोने के चले गए थे. सुबह लौटने पर देखा कि उनके घर और किराएदार का ताला तोड़ दिया है. चोरों ने उनके घर से करीब पचास हजार रुपये नगद, चांदी के जेवरात कपड़ा और सीसीटीवी का डीवीआर चुरा लिया है. जबकि किराएदार के घर से 70 हजार के सोने के जेवरात, बीस हजार रुपये के चांदी के जेवरात, इंडक्शन चूल्हा आदि चोर ले गए हैं.

## उग्रवादियों की फायरिंग से जेसीबी ऑपरेटर जख्मी



**लोहरदगा ।** सोमवार की देर शाम कुड़ू में उग्रवादियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया. उग्रवादियों के द्वारा की गई फायरिंग में सड़क निर्माण में लगी जेसीबी के ऑपरेटर के हाथ में गोली लगी. इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क रोजगार योजना के तहत लोहरदगा जिले के कुड़ू प्रखंड के ब्लॉक मोड़ कुड़ू से सुंदरू होते हुए बंदुवा मोड़ तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. इसी दौरान सोमवार शाम को तीन हथियारबंद उग्रवादी पहुंचे और फायरिंग करने लगे. इसमें जेसीबी ऑपरेटर के बाएं हाथ में गोली लगी है. उग्रवादियों ने पर्चा छोड़ते हुए घटना की जिम्मेदारी ली है. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है.

## परिजनों ने रची थी सुलेखा के अपहरण की कहानी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के मानगो उलीडीह ओपी अंतर्गत सुभाष कॉलोनी निवासी सुलेखा कुमारी के अपहरण के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है. दरअसल सुलेखा का अपहरण नहीं हुआ था वह अपनी मर्जी से अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई. मामले का खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने सुलेखा को घाटशिला से बरामद किया. इसकी जानकारी परिजनों को भी थी पर परिजनों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए अपहरण की कहानी रच डाली. वहीं सुलेखा की सहेली ने भी इसमें परिजनों का खूब साथ दिया.

### धुर्वा विधानसभा मैदान में आज होगी संकल्प सभा

# झामुमो का उपवास जारी



विशेष संवाददाता । रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को लेकर झामुमो का उपवास 12 वें दिन भी जारी रहा. पार्टी अब 27 फरवरी को धुर्वा विधानसभा मैदान में संकल्प सभा का आयोजन करेगी. जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित पार्टी के कई नेता, मंत्री, सांसद और विधायक हिस्सा लेंगे. सोमवार को 12 दिन रांची के मोरहाबादी मैदान के गांधी वाटिका के समक्ष झामुमो का हेमंत सोरेन को फंसाए जाने के विरोध में उपवास जारी रहा. 12 वें दिन रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ. मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक मंशा से जो कार्रवाई की विपक्षी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है. वह पूरे देश की जनता के सामने है. इसी का परिणाम है कि झारखंड की जनता ने अब मन बना लिया है कि हेमंत सोरेन के समर्थन मे आगामी चुनावों मे भाजपा को जवाब देना है. इस मौके पर नंदकिशोर मेहता, सुशीला एक्का, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, डॉ हेमलाल मेहता, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जनक नायक, रामानंद बेदिया, अंतू तिर्की, तालकेश्वर महतो, अरुण वर्मा, बबलू राम, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, जुल्फिकार खान, रामशरण तिर्की, आफताब आलम, संजय राय, अरुण वर्मा, महावीर विश्वकर्मा, कैथरीना तिर्की, अजीजुल, सुजित, रतीश द्विवेदी, नयन तारा उरांव, सालो देवी आदि मौजूद थे.

# भाजपा 4 मार्च को करेगी हर प्रखंड में प्रदर्शन : पंकज सिंह

संवाददाता । लातेहार

भारतीय जनता पार्टी, जिला लातेहार इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी चार मार्च को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में झारखंड सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भय, भूख और भ्रष्टाचार बढ़ी है. हत्या और अपहरण धंधा बन गया है. दिन दहाड़े ज्वेलरी दुकानों में डाका पड़ रहा है और सरकार व प्रशासन आंखें मूंदे बैठी है. इससे पहले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नंद प्रसाद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, अवधेश सिंह चेरो, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजू लता, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा समेत जिले के सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे. मंच संचालन जिला महामंत्री बंशी यादव ने किया.



**सूरते हाल**

### इचाक डहर नाम से खतियान में दर्ज सड़क का 2012-13 में हुआ था निर्माण, अल्प अवधि में दुर्दशा

# पुल के अभाव में पीएमजीवाई के तहत बनी सड़क हो गई बेकार

राजेन्द्र कुमार दुबे । विष्णुगढ़

प्रखंड मुख्यालय से चेडरा पंचायत अंतर्गत चलंगा गांव को जोड़ने वाली सड़क एक पुल के अभाव में बेकार हो गयी है. इचाक डहर नाम से खतियान में दर्ज इस सड़क का निर्माण 2012-13 में हुआ था. इकरारनामे की शर्तों के मुताबिक, 5 वर्षों तक इसका रखरखाव निर्माता एजेंसी को करना था, पर वैसा हुआ नहीं. नतीजतन, घटिया निर्माण तथा रखरखाव के अभाव में अल्प अवधि में ही सड़क की दुर्दशा हो गयी.

कई जगहों पर तो सड़क का कालीकरण हुआ ही नहीं है. जैसे-तैसे सड़क तो बन गयी, लेकिन इस सड़क में पड़ने वाली जमुनिया नदी पर पुल नहीं बना. कायदे से सड़क के साथ-साथ पुल का भी निर्माण होना चाहिए था. पुल के न होने से वाहनों के जरिये इस सड़क पर सफर नहीं किया जा सकता है. गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं होने की वजह से कई जगह सड़क लापता हो गयी है. कहीं कहीं इसके अवशेष जरूर दिखते हैं. अब तो यह सड़क पगडंडी की शक्ल अख्तियार कर चुकी है. ऊपर से अतिक्रमण की मार अलग है.



## पैसे डकारने के लिए बनती हैं पीएमजीवाई की सड़कें

वैसे इस सड़क की कोई जरूरत इसलिए भी नहीं थी, क्योंकि चलंगा को एनएच 522 जोड़ने वाली पीसीसी सड़क पहले से मौजूद थी. अगर नदी में पुल होता तो, विष्णुगढ़ से विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज में पढ़ाई करने जाने वाले छात्र-छात्राओं को कम से कम एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ती. दरअसल पीएमजीवाई के तहत बनने वाली सड़कों का निर्माण ग्रामीणों की सहूलियत के नजरिए से होता ही नहीं है. इसका मकसद अभियंताओं और ठीकेदारों का हित साधना होता है. ठीकेदार पहले ग्रामीण सड़कों का चुनाव करते हैं, फिर निविदा करवाते हैं. निविदा के साथ ही लूटपाट की पटकथा भी लिख दी जाती है. ज्यादातर पीएमजीवाई सड़कों की यही यथार्थ है. ईमानदारी से जांच हो, तो इन सड़कों की काली सच्चाई सामने आ जाएगी.

**पेज 1 का शेष...**

## दुनिया को अलविदा कह गए 'चिट्ठी आई है' गाने वाले पंकज उधास

**बचपन से शुरू हुआ था म्यूजिकल करियर**

पंकज के म्यूजिकल करियर की शुरुआत 6 साल की उम्र से हो गई थी. उनके घर में संगीत का माहौल था. इसी को देखते हुए वो भी संगीत की दुनिया में आए और हमेशा से लिए उसके होकर रह गए थे. पंकज उधास बताते थे कि संगीत का पहला एक्सपोजर स्कूल में प्रार्थना करने से शुरू हुआ. उनके संगीत की शुरुआत स्कूल में होने वाली प्रेयर से हुई थी. संगीत का पहला एक्सपोजर स्कूल में प्रार्थना करने से शुरू हुआ. 1980 में उनका पहला एल्बम आहट आया था. इसमें कई गजलें उन्होंने गाई थीं. पंकज उधास अपनी गजल गायिकी के लिए फेमस हुए. उनके फेमस गानों में जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके..., 'चिट्ठी आई है..., चांदी जैसा रंग है तेरा, सोने जैसे बाल..., ना कजरे की धार, ना मोतियों के हार... शामिल हैं.

**शोक संवेदनाओं का लगा तांता**

पंकज उधास के निधन से हर कोई दुखी है. बॉलीवुड से लेकर राजनीति के गलियारे तक सभी तरफ से शोक संवेदनाएं भेजी जा रही हैं. लोकप्रिय गायक और म्यूजिक कंपोजर शंकर महादेवन सदमे में हैं. उन्होंने पंकज उधास के निधन को संगीत जगत का बड़ा नुकसान बताया है. उन्होंने कहा कि इसकी भरपाई नहीं हो सकती. वहीं, सोनू निगम ने भी पंकज उधास के निधन पर इमोशनल पोस्ट लिखा है. सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर लिखा है, मेरे बचपन का महत्वपूर्ण हिस्सा आज खो गया है. पंकज उधास जी, आप हमेशा याद आएंगे. आप नहीं रहे, यह देख कर मेरा दिल भर आया है. ओम शांति'.

**पड़ोसी के घर में फरीदा को पहली बार देखा और दिल दे बैठे थे**

पंकज की फैमिली की बात करें तो इनकी लव स्टोरी के किस्से भी काफी चर्चा में रहे. कहा जाता है ये एक फिल्मी कहानी की तरह थी. जब पंकज ने अपने पड़ोसी के घर में फरीदा को पहली बार देखा था, तो बस देखते ही रह गए. पहली नजर का ये प्यार शादी तक पहुंचा, लेकिन इस दौरान भी काफी कुछ हुआ. तब पंकज ग्रेजुएशन कर रहे थे और फरीदा एयर होस्टेस थीं. दोनों में दोस्ती हुई और फिर वे मिलने-जुलने लगे. धीरे-धीरे वे एक-दूसरे के करीब आ गए थे. अंततः दोनों ने शादी कर ली. पंकज उधास ने साल 1980 में अपना पहला एल्बम 'आहट' रिलीज किया था. पहला एल्बम के साथ ही उन्हें बॉलीवुड से सिंगिंग के ऑफर मिलने लगे. पंकज ने साल 1981 में एल्बम 'तरन्नुम' और फिर 1982 में 'महफिल' लॉन्च किया और इस तरह उन्होंने लगभग 40 एल्बम बनाए.

**पीएम मोदी ने जताया शोक**

हम पंकज उधास जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, जिनके गायन ने भावनाओं को व्यक्त किया और जिनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं. वह भारतीय संगीत के प्रकाश स्तंभ थे, जिनकी धुन ने हर पीढ़ी के लोगों को मंत्रमुग्ध किया. मुझे उनके साथ हुई अपनी विभिन्न बातचीत याद है. उनके जाने से संगीत की दुनिया में एक ऐसा शून्य पैदा हुआ है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकता. उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना.

## प्रतिव्यक्ति आय 1 लाख के पार

**पशु और मुर्गा पालन में भी उछाल :** झारखंड में 2.36 करोड़ पशु और 2.48 करोड़ मुर्गे हैं. दूध उत्पाद 26.29 लाख टीएम तक बढ़ गया, जिसमें अंडे, मांस, ऊन और मछली उत्पादन में वृद्धि हुई, जो क्षेत्र के आर्थिक और आहारिक महत्व को रेखांकित करता है. आहार और पोषण सुरक्षा के तीन स्तम्भों, अर्थात् अनाज उपलब्धता, अभिगम्यता और उपयोग में सुधार देखा गया है. झारखंड में साक्षरता दर में इजाफा : झारखंड में साक्षरता दर में पिछले कुछ वर्षों में इजाफा हुआ है. वर्ष 2017-18 में राज्य की लगभग 72 प्रतिशत आबादी साक्षर थी. वर्ष 2022-23 तक साक्षरता दर लगभग 79 तक प्रतिशत बढ़ गई है. महिलाओं की साक्षरता दर, हालांकि पुरुषों से कम है, किन्तु इस अवधि में पुरुषों के अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ी है. इस कालखंड में महिलाओं की साक्षरता दर 3 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ी है, पुरुषों की दर 13 प्रतिशत की दर से बढ़ी है. राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की साक्षरता दरों में भी अंतर कम हो गया है.

**उच्च शिक्षण के संस्थानों में 14 हजार शिक्षक कार्यरत :** राज्य में उच्च शिक्षा के संस्थानों में लगभग 14 हजार शिक्षक कार्यरत हैं. इनमें से अधिकांश शिक्षक लेक्चरर या असिस्टेंट प्रोफेसर्स के रूप में काम कर रहे हैं. महिलाओं और एससी और एसटी समुदायों के लोगों का पेशेवर शिक्षा (उच्च शिक्षा) में प्रतिनिधित्व, पूरे समाज में उनके कुल प्रतिनिधित्व के अनुपात में काफी कम है. झारखंड के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात हमेशा राष्ट्रीय औसत से अधिक रहा है. राज्य में छात्र-शिक्षक अनुपात के अधिक होने का प्रमुख कारण शिक्षकों की अनियमित नियुक्ति है.

## मजबूत रेलवे से ही पूरा होगा नए भारत का संकल्प: मोदी

**आने वाले दिनों में लोगों को मिलेगी राहत**

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नामकुम स्टेशन पर मौजूद रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह सपना साकार हो रहा है. देश के हजारों स्टेशन आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं जो नए भारत की तस्वीर दिखाता है. वहीं कार्यक्रम में मौजूद रांची के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची रेल मंडल की 26 परियोजनाओं का शिलान्यास किया है, जिससे राजधानी समेत राज्य के लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलेगी.

**धनबाद में मौजूद रहीं अन्नपूर्णा और पीएन सिंह**

इस अवसर पर शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक बिनोद कुमार सिंह और धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा हजारीबाग रोड स्टेशन पर, सांसद पशुपति नाथ सिंह धनबाद-पाथरडीह रेलखंड में रेल अंडरपास पर, सांसद जयंत सिन्हा बरकाकाना-भुरकुंडा रेलखंड में रेल अंडरपास पर, विधायक समरी लाल टोकिसुद-हेन्देगीर रेलखंड में रेल अंडरपास पर और मंडल के विभिन्न खंडों के रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास पर भी अन्य गणमान्य, मंडल के अधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे. धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा ने कहा कि धनबाद रेल मंडल में 20 योजनाओं का पीएम मोदी ने ऑनलाइन उद्घाटन किया. 2 रोड ओवर ब्रिज और 18 रोड अंडरपास बनाने में 226 करोड़ 71 लाख खर्च हुए हैं. 2047 के विकसित भारत का विकसित रेल विषय पर आधारित कविता, निबंध, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूलों के बच्चों के बीच किया गया था. इन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पीएम ने ऑनलाइन सम्मानित किया.

## मायूस युवा करें तो क्या करें!

ऐसे वक्त में जब देश भर के किसान अपनी फसलों के लिए सम्मानजनक न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग पर दिल्ली कूच कर रहे हैं और वकील व सिविल सोसायटियां ईवीएम से वोट न कराने के लिए प्रदर्शन कर रही हैं, भारतीय जनता पार्टी की चुनौती इस मायने में और भी बढ़ती नजर आ रही है कि अब देश में चरम पर पहुंच चुकी बेरोजगारी की आंच युवाओं और छात्रों को झुलसाने लगी है. नरेन्द्र मोदी का आविर्भाव और उनके तेजी से भारतीय राजनीति पर छा जाने के लिए बडी भूमिका युवा, किसान व छात्रों की ही थी. आज वही वर्ग उम्र के इस मुकाम पर खड़ा है, जहां वह महसूस कर रहा है कि अगर अगले एक-दो वर्षों में उसे नौकरी और एमएसपी न मिली तो उसके सामने आजीवन बेरोजगार रहने का खतरा है. विपक्ष के कुछ नेताओं ने रोजगार का मसला उठाकर उस तालाब में कंकड़ नहीं, बल्कि बड़ा सा पत्थर फेंक दिया है, जिससे युवाओं-छात्राओं की उनींदी आंखें खुलती सी दिख रही हैं. दूसरी ओर भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है. मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऐसे कम-से-कम 100 भारतीय नौजवान रूसी सेना में नौकरी कर रहे हैं. उनमें से कम-से-कम तीन को रूस ने मोर्चे पर तैनात किया है. यानी वे रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे हैं. इसके अलावे एक लाख भारतीय बेरोजगारों को मजदूरी के लिए इजराइल भेजने की योजना है. युद्ध क्षेत्र में भारतीय युवाओं की मौजूदगी राजनीतिक और आर्थिक तौर पर भारत की एक ऐसी हकीकत का बयान है, जिसके बारे में मीडिया में बातें नहीं होती हैं. स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह संभवतः पहला मौका है, जब भारतीयों के सामूहिक रूप से भाड़े के सैनिक बनने की खबर आई है. सामने आईं जानकारियों के मुताबिक रूस की सेना ने दुबई के जरिए इन भारतीयों को अनुबंधित किया. रूस गए नौजवानों के परिजनों का दावा है कि इन लोगों की नियुक्ति रूसी सेना की सहायता के लिए की गई थी, लेकिन यूक्रेन सीमा के पास ले जाकर उन्हें बताया गया कि उन्हें लड़ाई भी लड़नी है. मुद्दा उछलने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार रूस की सेना के साथ संपर्क में है. विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध से अपने आपको दूर रखें, लेकिन यह सलाह बेमतलब है. जब ये नौजवान रूस चले गए, तब वहां के हालात उनके अपने हाथ में नहीं होंगे. इसलिए विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय नौजवान विदेशों में कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? आखिर खुद भारत सरकार ने युद्ध-ग्रस्त इजराइल में मेहनत-मजदूरी करने के लिए हजारों युवाओं को भेजने का करार किया है. धारणा बनी है कि 'यहां भूखों मरने से बेहतर वहां काम करते हुए मरना है.' असल मुद्दा युवाओं में समा गई यही मायूसी है.

> विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध से अपने आपको दूर रखें, लेकिन यह सलाह बेमतलब है. जब ये नौजवान रूस चले गए, तब वहां के हालात उनके अपने हाथ में नहीं होंगे.

### सुभाषित

**अजातमृतमूर्खाणां वरमाद्यौ न चान्तिमः।**
**सकृद् दुखकरावाद्यावन्तिमस्तु पदे पदे।।**

जो उत्पन्न ही नहीं हुआ है, अथवा उत्पन्न होकर मर गया है और मूर्ख-इन तीनों में से पहले दो तो कुछ अच्छे हैं, परन्तु अन्तिम (मूर्ख) पुत्र तो कभी अच्छा नहीं है, क्योंकि प्रथम दो पुत्र तो एक ही बार दुःख देते हैं, परन्तु अन्तिम तो सदा दुःखदाई होता है.

# सियासी निजाम का नया तौर तरीका

**पिछली बार छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी.' शिवराज सिंह को 6 दिसंबर के बाद से आज तक छिन्दवाड़ा में दोबारा पैर रखने की ज़रूरत नहीं पड़ी. वहां की सीट मोदी की जादू की छड़ी से ही भाजपा की झोली में टपकने को बेचैन हो उठी. कमलनाथ प्रसंग पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने बाद में खुलासा किया कि जांच एजेंसियों का जिस तरह का दबाव अन्य नेताओं पर है वैसा ही कमलनाथ पर भी है. समूचा कमलनाथ प्रसंग इसी अहंकार की उपज था कि सांप्रदायिक विभाजन और चुनाव जीतने के कामों में सब कुछ जायज़ है.**



**देश-काल**



श्रवण गर्ग

भाजपा ने अंतिम क्षणों में अपने आप को बचा लिया! कांग्रेस ख़ुद को नहीं बचा पाई! कमलनाथ अपनी पुरानी पार्टी में ही बने रहेंगे! हो सकता है लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाक़ात के नए चित्र मीडिया में नज़र नहीं आएँ. कमलनाथ को किन कारणों से कांग्रेस में ही रुकना पड़ा उसका खुलासा आसानी से नहीं हो पाएगा.

प्रधानमंत्री और भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों ने सोचा नहीं होगा कि कमलनाथ प्रसंग से पार्टी की छवि को अंदर और बाहर दोनों ओर से इतना बड़ा धक्का लगेगा! इतनी थू-थू के लिए मध्य प्रदेश के पन्ना-प्रमुखों के स्तर तक पूर्व-तैयारी नहीं थी.

भाजपा ने समझा होगा जैसे महाराष्ट्र के 'आदर्श' पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को तुरत-फुरत भर्ती करवा कर उनका नाम राज्यसभा के लिए तय कर दिया गया वैसे ही 'ऑपरेशन कमलनाथ' भी शांतिपूर्वक संपन्न हो जाएगा. वैसा नहीं हुआ. राजस्थान के 'पायलट प्रोजेक्ट' की विफलता के बाद राजनीति में शुचिता का उपदेश देने वाली पार्टी के लिए इसे दूसरा बड़ा सदमा माना जा सकता है.

कल्पना की जा सकती है कि भाजपा के लिए छिन्दवाड़ा सहित ज़रूरी एमपी की सभी 29 सीटों पर केंद्रित इस ऑपरेशन के फ्लॉप होनेसे सबसे ज़्यादा प्रसन्नता 'महाराज' को ही हुई होगी. भाजपा ने उन्हीं के नेतृत्व में कमलनाथ (सरकार) को आंदोलनों के लिए सड़कों पर ला पटका था. अगर कमलनाथ भी भाजपा में भर्ती हो जाते तो ग्वालियर और छिन्दवाड़ा को साथ मिलकर कांग्रेस की हिंदुत्व-विरोधी ताक़तों का मुक़ाबला करना पड़ता. विधानसभा चुनाव परिणामों के तुरंत बाद कमलनाथ ने शिवराज सिंह से भेंट कर उन्हें बधाई दी थी. चुनाव परिणामों के बारे में दोनों ही नेताओं को शायद पहले से पता था.

इसमें दो मत नहीं कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के निमित्त पीएम के लिए ज़रूरी हो गया है कि लोकसभा चुनावों में पार्टी 370 के आंकड़े को प्राप्त करके देश को दिखा दें. एमपी में पिछली बार सिर्फ़ छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी. कमलनाथ के भाजपा-प्रवेश के बाद वह सीट भी निश्चित हो जाती. कमलनाथ को अब वह सीट कांग्रेस के खाते में जीतना पड़ेगी.

विधानसभा चुनावों में पार्टी को ज़बर्दस्त तरीक़े से जीत दिलाने के तुरंत बाद उत्साह से लबरेज़ शिवराज सिंह छिन्दवाड़ा पहुंच गए थे. वहां उन्होंने घोषणा कर दी थी कि आज से हम मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे हैं. इसका मतलब मध्य प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों से है. पिछली बार छिन्दवाड़ा की सीट रह गई थी.' शिवराज सिंह को 6 दिसंबर के बाद से आज तक छिन्दवाड़ा में दोबारा पैर रखने की ज़रूरत नहीं पड़ी. वहां की सीट मोदी की जादू की छड़ी से ही भाजपा की झोली में टपकने को बेचैन हो उठी.

कमलनाथ प्रसंग पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने बाद में खुलासा किया कि जांच एजेंसियों का जिस तरह का दबाव अन्य नेताओं पर है वैसा ही कमलनाथ पर भी है. समूचा कमलनाथ प्रसंग इसी अहंकार की उपज था कि सांप्रदायिक विभाजन और चुनाव जीतने के कामों में सब कुछ जायज़ है. दूसरे यह कि चुनाव जीतने के काम में पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण के मुक़ाबले जांच एजेंसियों का इस्तेमाल ज़्यादा प्रभावकारी साबित होता है.

कमलनाथ की तरह ही अपने को कांग्रेस का वफ़ादार सिपाही बताने वाले अशोक चव्हाण के पलटी मारने के पीछे मुख्य कारण संसद के बजट सत्र के आख़िरी दिन मोदी सरकार द्वारा मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार पर पेश किया गया 'श्वेत पत्र' बताया गया था. 'श्वेत पत्र' में मुंबई की आदर्श बिल्डिंग सोसाइटी के उस घोटाले का भी उल्लेख था जिसके कारण अशोक चव्हाण को 2010 में मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा था. आदर्श सोसाइटी घोटाले की सीबीआई जांच के बाद आरोप लगाया गया था कि सेना के सेवा-निवृत्त लोगों के लिए निर्मित बिल्डिंग में अपने संबंधियों को आवंटन के लिए चव्हाण ने अतिरिक्त फ़्लेट्स के निर्माण की अनुमति दी थी. चव्हाण द्वारा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने के तत्काल बाद देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि ऐसे कई नेता जिनका कांग्रेस में दम घुट रहा है भाजपा के संपर्क में हैं. माना जा सकता है कि फडनवीस का इशारा कमलनाथ की तरफ़ रहा होगा.

अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ते ही भाजपा में पुरस्कृत होने की सत्तारूढ़ दल के निष्ठावान कार्यकर्ताओं पर क्या प्रतिक्रिया हुई उसका भी फडनवीस को तत्काल पता चल गया. महाराष्ट्र भाजपा के 69-वर्षीय उपाध्यक्ष माधव भंडारी के पुत्र चिन्मय द्वारा सोशल मीडिया पर जारी की गई एक पोस्ट चर्चा का विषय बन गई. चव्हाण को राज्यसभा में भेजे जाने से व्यथित चिन्मय ने अपनी मार्मिक पोस्ट मेंअपने पिता का शुमार उन लोगों में किया जिन्हें पार्टी की दशकों से की जा रही निस्वार्थ सेवा के बावजूद कभी अपेक्षित सम्मान प्राप्त नहीं हुआ.

'भ्रष्टाचारियों' का कांग्रेस में दम घुट रहा है और 'ईमानदार' भाजपा ने उनके लिए अपने दरवाज़े खोल रखे हैं. जिन निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने भाजपा को 2 से 303 बनाने में अपनी सांसें झोंक दीं और पिछले दस सालों से जिनके पार्टी में प्राण निकले जा रहे हैं उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है. उनकी नई ज़िम्मेदारी यही बची है कि प्रधानमंत्री कि तीसरी, चौथी और पांचवी पारी पूरी होने तक वे विपक्षी दलों से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का भगवा दुपट्टों से स्वागत करते रहें.

निष्ठावान कार्यकर्ताओं को इस चिंता से भी मुक्त हो जाना चाहिए कि तपे-तपाए कार्यकर्ताओं और अन्य दलों से सत्ता तापने आने वाले अवसरवादी नेताओं के बीच वैचारिक संसर्ग से जो वर्णसंकर नस्लें जन्म लेंगी वे संघ और भाजपा को हिंदू राष्ट्रवाद के किन शिखरों पर पहुंचाएंगी! सवाल यह भी है कि सत्ता की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए ली जा रही राजनीतिक नैतिकता की बलि के क्षणों में देश को पहले मुक्ति किससे मिलना चाहिए? कांग्रेस से या भाजपा से? क्या सवाल का जवाब लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी,वसुंधरा राजे या शिवराज सिंह चौहान से प्राप्त किया जा सकता है आप चाहें तो और नाम भी जोड़ सकते हैं.

**बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## मधु बिन्दु

मैंने एक कथा सुनी...एक व्यक्ति घने जंगल में अंधेरे से भागा जा रहा था कि एक कुएं में गिरने को हुआ. गिरते-गिरते उसके हाथ में कुएं पर झुके वृक्ष की ड़ाल आ गई. वहां कुछ प्रकाश भी था. उसने नीचे झांका तो कुएं में चार विकराल अजगर मुंह फाड़े ऊपर ताक रहे थे. वे उसके गिरने का इन्तज़ार ही कर रहे थे. उसने आसपास देखा तो, जिस डाल को पकड़ वह लटक रहा था, दो चूहे, एक काला एक सफेद, उसी डाल को कुतर रहे थे. इतने में एक विशाल हाथी कहीं से चला आया और अपनी सूंड़ से वृक्ष के तने को पकड़ कर हिलाने लगा. वह व्यक्ति डर से सिहर उठा. ठीक ऊपर की शाखा पर मधुमक्खी का छत्ता था, हाथी के हिलाने से मक्खियां उडने लगी. छत्ते से शहद-बिंदु टपकने लगा. एक बिंदु टपककर उसकी नाक से होता हुआ होठों तक आ पहुंचा. उस व्यक्ति ने प्यास से सूख रही अपनी जीभ को होठों पर फेरा, एक छोटे से मधु बिन्दु में अनंत आनन्द भरा मधुर स्वाद था. उसे लगा जैसे जीवन में मुझे इसी मिठास की तलाश थी, यही मेरा चीर-प्रतिक्षित उद्देश्य था. उसने मुंह ऊपर किया, कुछ क्षणों बाद फ़िर मधु-बिन्दु मुंह में टपका. वह मस्त हो गया. बेताबी से अगली बूंद का इन्तजार करता. और फिर रसास्वादन कर प्रसन्न हो उठता. आस पास खड़ी विपत्तियों को भूल चुका था. हवा में लटका, हाथी पेड़ गिराने पर आमादा, चूहे डाल कुतरने में व्यस्त और नीचे चार अज़गर उसका निवाला बना देने को आतुर. किन्तु वह तो एक एक बिन्दु का स्वाद लेने में मस्त था. उसी जंगल से शिव-पार्वती अपने विमान से गुज़र रहे थे. पार्वती ने उस मानव की दुखद स्थिति को देखा और शिव से उसे बचा लेने का अनुरोध किया. भगवान शिव ने विमान को उसके निकट ले जाते हुए हाथ बढाया और उस व्यक्ति को कहा- मैं तुम्हें बचाना चाहता हूं, आओ, विमान में आ जाओ, मैं तुम्हें तुम्हारे इच्छित स्थान पर छोड दूंगा. उस व्यक्ति ने कहा- ठहरिए भगवन् एक शहद बिन्दु चाट लूं तो चलूं. एक बिन्दु फिर एक बिन्दु. हर बिन्दु के बाद, अगले बिन्दु के लिए उसकी प्रतीक्षा प्रबल हो जाती. उसके आने की प्रतीक्षा में थक कर आखिर, भगवान शिव ने विमान आगे बढ़ा दिया. इस कथा में घने जंगल का अंधेरा अज्ञान का प्रतीक है और डाली आयुष्य का. काले-सफेद चूहे दिन रात हैं. चार अज़गर चार गति, हाथी घमंड, मधु बिन्दु संसार-सुख, शिव कल्याण और पार्वती शक्ति तथा पुरुषार्थ प्रेरणा के प्रतीक हैं.

# आत्मपरीक्षण से बनेगा भविष्य का रास्ता

**विमर्श**

एन. बनर्जी

विश्व बैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2010 और 2020 के बीच, भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या 26 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गई. सीएमआईई के एक अनुमान में कहा गया है कि 2022 तक महिला श्रम बल की भागीदारी घटकर नौ प्रतिशत रह गई थी. श्रम बाजार संकट के दौर से गुजर रहा है. नई सरकारी नौकरियां कम हैं. मांग-आपूर्ति का अंतर बढ़ रहा है.यह समझना मुश्किल है कि सरकार रोजगार सृजन पर चुप क्यों है जबकि वह साल-दर-साल बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड खर्च का लगातार दावा कर रही है. नयी नौकरी चाहने वालों के लिए अवसर लगातार कम हो रहे हैं. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोज़गारी का लगातार बढ़ना चिंता का कारण बनता जा रहा है. वर्तमान में, देश का वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद विस्तार बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक हो सकता है, लेकिन स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले बेरोजगारी के आंकड़ों को देखते हुए यह रोजगारहीन आर्थिक विकास की तरह दिखता है, जबकि बुनियादी ढांचे पर होने वाला खर्च सीधे तौर पर रोजगार से जुड़ा होता है. सरकार ने देश के सतत विकास के लिए, 2019 से 2023 तक पांच साल की अवधि में बुनियादी ढांचे पर 14 खरब डॉलर खर्च करने की अपनी योजना के बारे में अक्सर बात की थी. इस तरह के बुनियादी ढांचे के खर्च से देश में स्वचालित रूप से लाखों नौकरियां पैदा होनी चाहिए थीं. यदि हां, तो सरकार बुनियादी ढांचे के खर्च से जुड़े रोजगार सृजन पर चुप्पी क्यों साधे हुए है? केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने वार्षिक बजट में रोजगार सृजन के आंकड़ों को क्यों छोड़ दिया? आर्थिक मामलों के विभाग के तहत वित्त मंत्रालय की बुनियादी ढांचा नीति और योजना प्रभाग, रेलवे, परिवहन विभाग, राजमार्ग और एक्सप्रेस वे के साथ-साथ सरकार के समग्र बुनियादी ढांचे के खर्च में सीधे शामिल है. रोजगार सृजन पर मंत्रालय की लंबी चुप्पी एक बड़ा रहस्य बनी हुई है.रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार, भारत के 2030 तक सात वित्तीय वर्षों में बुनियादी ढांचे पर लगभग 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की संभावना है, जो 2017 और 2023 के बीच पिछले सात वित्तीय वर्षों में खर्च किए गए 67 लाख करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है. हालांकि, इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड आवंटन और परियोजनाओं के समय पर निष्पादन के बीच बहुत अंतर है. ऐसा प्रतीत होता है कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर तथाकथित बजट आवंटन और उनके कार्यान्वयन से संबंधित जानकारी में कुछ गंभीर गड़बड़ी है.2023-24 के आखिरी पूर्ण बजट में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का पूंजी निवेश परिव्यय 33प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये (122 अरब डॉलर) कर दिया गया था. सरकार का रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास पर 2.40 लाख करोड़ रुपये ($29बिलियन) खर्च करने का इरादा है, जो अब तक का सबसे अधिक परिव्यय और 2013-14 के आवंटन का लगभग नौ गुना होने का दावा किया गया है. अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए लगभग 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 75,000 करोड़ रुपये ($9बिलियन) के निवेश के साथ प्राथमिकता पर लेने के लिए पहचाना गया था, जिसमें निजी स्रोतों से 15,000 करोड़ रुपये (1.8बिलियन डॉलर) भी शामिल थे. इनका उद्देश्य बंदरगाह, कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचाना है. इसके अतिरिक्त, सरकार ने 50 और हवाई अड्डों, हेलीपोर्टों, जल हवाई अड्डों और उन्नत लैंडिंग मैदानों को पुनर्जीवित करके क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बनाई है. उम्मीद तो यह थी कि सरकार 2024-25 के वोट-ऑन-अकाउंट (लेखानुदान) बजट में आम आदमी और विशेष रूप से करदाताओं को जानकारी देगी तथा रोजगार पर उनके प्रभाव के बारे में परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक पूरी रिपोर्ट प्रदान करेगी.विश्व बैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2010 और 2020 के बीच, भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या 26 प्रतिशत से घटकर 19 प्रतिशत हो गई. सीएमआईई के एक अनुमान में कहा गया है कि 2022 तक महिला श्रम बल की भागीदारी घटकर नौ प्रतिशत रह गई थी. और जीवन की बेहतर गुणवत्ता बुनियादी ढांचे के विकास के कुछ प्रमुख लाभ हैं. सरकार का बड़ा बुनियादी ढांचा निवेश देश के आम नागरिकों के रोजगार सृजन और जीवन की गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शन से मेल खाने में विफल रहता है.

> वर्तमान में, देश का वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद विस्तार बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक हो सकता है, लेकिन स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले बेरोजगारी के आंकड़ों को देखते हुए यह रोजगारहीन आर्थिक विकास की तरह दिखता है, जबकि बुनियादी ढांचे पर होने वाला खर्च सीधे तौर पर रोजगार से जुड़ा होता है.

# पारदर्शी चुनावी फंडिंग पर बहस

**चुनाव**

कल्याणी शंकर

भविष्य में चुनावों में धन के प्रभाव को रोकने के लिए, हमें दान, खर्च सीमा, सार्वजनिक धन और प्रकटीकरण के लिए नियमों की आवश्यकता है. सरकार चुनाव सुधार के विकल्प तलाश रही है। हमारे पास कई रिपोर्टें हैं जो हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं, इसलिए हमें उन्हें फिर से देखने की जरूरत है. हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे.भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं. ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है. चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है. 2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था. तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी. हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी. पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया. इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है.शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि 'चुनावी बांड' नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं. मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, 'मतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है.' सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक को इन बांडों को जारी करने से रोकने और भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया है. यह फैसला पांच जजों के समूह ने दिया.न्यायाधीशों ने जांच की कि क्या चुनावी बांड योजना ने संवैधानिक नियमों को तोड़ा है, मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने से रोका है, दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए गुप्त दान की अनुमति दी है, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डाला है?पहले, राजनीतिक दलों को 20,000 रुपये से अधिक का योगदान देने वाले दानदाताओं की पहचान का खुलासा करना आवश्यक था. हालांकि, चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दानदाताओं की पहचान उजागर किये बिना प्राप्त धन की रिपोर्ट करने की अनुमति देते हैं. इन बॉन्ड्स की रेंज 1,000 से 10 करोड़ रुपये तक होती है.लोगों को जानना चाहिए कि राजनीतिक फंडिंग पारदर्शी है या नहीं. मुख्य आलोचनाओं में से एक यह है कि इन बांडों को खरीदते समय यह पता लगाना कठिन है कि पैसा कहां से आता है, जिससे धन के स्रोत की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है.2017 से 2022 तक के एडीआर आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान निगमों द्वारा दान की गई कुल राशि 3,299.85 करोड़ रुपये थी. इस रकम का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला. चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को 406.45 करोड़ रुपये, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 109.5 करोड़ रुपये और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को 49.7 करोड़ रुपये मिले.एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजनीतिक योगदान के बारे में जानकारी छिपाना अनुचित है. करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है. पारदर्शिता की कमी जवाबदेही पर सवाल उठाती है. करदाताओं का पैसा बांड छापने में खर्च होता है और एसबीआई को उनकी बिक्री से मुनाफा होता है. इसमें दावा किया गया है कि करदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है. अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता जवाबदेही के बारे में संदेह पैदा करती है. करदाताओं के पैसे का उपयोग बांड मुद्रित करने के लिए किया जाता है, और उनकी बिक्री से एसबीआई के मुनाफे को अनुचित माना जाता है. जनता और विपक्षी दलों को इन दान के स्रोत के बारे में पता होना चाहिए, हालांकि सरकार एसबीआई से दाता विवरण प्राप्त कर सकती है.उम्मीद है कि सरकार पहले के अवसरों के विपरीत, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करेगी.

> करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है. पारदर्शिता की कमी जवाबदेही पर सवाल उठाती है. करदाताओं का पैसा बांड छापने में खर्च होता है और एसबीआई को उनकी बिक्री से मुनाफा होता है. इसमें दावा किया गया है कि करदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है.

### मीडिया में अन्यत्र

## बेहतर अनुपालन की जरूरत

**सर्वोच्च** न्यायालय ने सुधार का एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार को निर्देश दिया है कि वह वनों की व्यापक 'शब्दकोश परिभाषा' के लिए सन 1996 में सर्वोच्च न्यायालय के ही दो सदस्यीय पीठ की परिभाषा का पालन करे. ताजा निर्णय तीन सदस्यीय पीठ ने वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) में संशोधन के खिलाफ दाखिल की गई कई याचिकाओं पर सुनाया है. उक्त संशोधन 2023 में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए थे. इन संशोधनों के मुताबिक एफसीए केवल अधिसूचित वन क्षेत्र और उस भूमि पर लागू होगा, जिसे सरकारी रिकॉर्ड में 'वन' के रूप में परिभाषित किया गया हो. इन संशोधनों की घोषित वजह यह बताई गई थी कि सन 1996 के निर्णय ने एफसीए के प्रावधानों को उन दर्ज किए गए वनों पर लागू किया गया था, जिन्हें गैर वन उपयोग के लिए रखा गया था. यह बुनियादी क्षेत्र के मंत्रालयों, खासकर सड़क और राजमार्ग मंत्रालय की लंबे समय से लंबित मांग थी. परंतु संशोधन का विरोध करने वाले याचियों का कहना था कि इसके परिणामस्वरूप लाखों हेक्टेयर वन भूमि का वन के रूप में वर्गीकरण समाप्त हो जाएगा.ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि इन संशोधनों की बदौलत चिड़ियाघर और सफारी वनों के भीतर बनाए जाने का रास्ता निकल आया. इसके परिणामस्वरूप हरियाणा ने अरावली के वनों के बीच एक वन्य पशु सफारी पार्क बनाने की योजना तैयार कर ली. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में यह भी कहा गया कि ऐसी सभी योजनाओं को अदालत की मंजूरी की आवश्यकता होगी. वनों की सन 1996 की परिभाषा की ओर वापस लौटते हुए अदालत ने सरकार से यह भी कहा कि वह देश के हर प्रकार के वन क्षेत्र का रिकॉर्ड तैयार करे. इसका अर्थ यह हुआ कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सन 1996 के अदालती फैसले के तहत गठित विशेषज्ञ समितियों द्वारा पहचाने गए वनों का रिकॉर्ड जमा करना होगा. सरकार के पास ये आंकड़े जमा करने के लिए 15 अप्रैल तक का समय है.यह निर्णय उन कई निर्णयों में से एक है जिसके तहत न्यायपालिका पर्यावरण कानूनों को कमजोर किए जाने को लेकर कुछ संतुलन कायम करना चाह रही है. इन कानूनों को विकास के नाम पर कमजोर किया गया है. एक निर्णय जो सर्वोच्च न्यायालय में अपील के लिए लंबित है, वह है उन कंपनियों को पुरानी तारीख से मंजूरी प्रदान करना, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने के लिए शर्तों का पालन नहीं किया. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आरंभ/प्रारंभ

**उस** नाटक के प्रारंभ में ही चौंकानेवाली घटना दिखायी गयी है. जब तक पूजा आरंभ हुई श्रद्धालुओं का दल वहां पहुंच चुका था. इन दोनों वाक्यों में हमें शुरू या शुरुआत के अर्थ में दो शब्द मिलते हैं-आरंभ और प्रारंभ. दोनों शब्द प्रचलन में हैं और इनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है. लेकिन यह सवाल भी है कि किस शब्द का प्रयोग सबसे अधिक उपयुक्त है. ये दोनों शब्द तत्सम हैं. आरंभ शब्द में जब 'प्र' उपसर्ग लगता है तो प्रारंभ शब्द की व्युत्पत्ति होती है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार आरंभ का मतलब है शुरू, प्रारंभ, श्रीगणेश, किसी कार्य या व्यापार आदि का प्रारंभिक रूप, वहीं प्रारंभ का अर्थ है किसी काम या बात का आरंभ, किसी बात का पहला अंश. हिंदी शब्दसागर में आरंभ और प्रारंभ का अर्थ एक ही बताया गया है. इससे स्पष्ट है कि दोनों समानार्थी शब्द हैं. लेकिन इनके बीच कुछ तो अंतर है. इसलिए कि कई स्थानों पर आरंभ की जगह पर प्रारंभ शब्द का प्रयोग खटकता है. कुछ भाषाविदों का मानना है प्रारंभ शब्द का प्रयोग हम पहले किसी काम को पुनः करने के लिए करते हैं. इसी को अंग्रेजी में रीस्टार्ट भी कहते हैं. आरंभ का प्रयोग पहली बार कोई काम करने के संदर्भ में होता है. इसको अंग्रेजी में स्टार्ट या बिगनिंग भी कहते हैं. जैसे अब हम पूजा आरंभ करेंगे. जैसे उनसे मिलने के बाद एक नये जीवन का प्रारंभ हुआ. तब जब वे जा चुके हैं तो यह समझना असंभव-सा लग रहा है कि पुनः जीवन का प्रारंभ किस प्रकार किया जाये. मतलब यह कि आरंभ और प्रारंभ में वही अंतर है, जो शुरू और शुरुआत में है. आरंभ का प्रयोग किसी कार्य का पहली बार शुरू होना है. वहीं प्रारंभ का मतलब शुरुआत से है. यानी किसी कार्य की पहली अवस्था या समयबिंदु को दर्शाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जब वह कार्य आरंभ (शुरू) हुआ था.

# जी का जंजाल हुआ मुआ बाजरा!

**तीर-तुक्का**

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

एक लोकगीत में एक स्त्री जब-जब बाजरा फटकने, बीनने, कूटने, पीसने, गूंथने या बेलने बैठती है तो जी हल्का करने के लिए वह अपनी पड़ोसन से कहती है – हाय पड़ोसन बाजरा अल्ला कसम बाजरा जी का जंजाल हुआ मुआ बाजरा. भले ही वह पकाने के लिए जी का जंजाल ही क्यों न हो, जाड़ों में बाजरे की रोटी लगती बड़ी स्वादिष्ट है. किन्तु इस समय, मेरे प्यारे पाठको, मैं बाजरे और उसकी रोटी की बात न करके 'जी'के जंजाल की बात कर रहा हूं. पुराने ख्याल का आदमी हूं. पत्नी का नाम नहीं लेता. सबके सामने उसका नाम लेकर पुकारना अच्छा नहीं लगता. ऐसा भी नहीं है कि पत्नी ऊंचा सुनती हो. फिर भी 'अजी, सुनती हो,' कहता हूं, काम चला लेता हूं. हमारी संस्कृति में पत्नी को संबोधित करने का यह एक मुहावरा है. जी हां, "अजी सुनती हो" में जो 'जी' लगा है, उसी की बात कर रहा हूं. ज़ाहिर है, यह एक सम्मानसूचक 'जी' है. किसी नाम या पद को संबोधित करते हुए उसके आगे जब "जी" लगाते हैं, जैसे, मनसुख लाल जी, आचार्य जी आदि और आदर देते हैं. हम हिन्दी-भाषी अंग्रेज़ी के शब्दों में भी जी लगाने से नहीं चूकते - टीचर जी. पापा जी, मम्मी जी. हम जिसे अपनी बड़ी बहन मानते हैं उसे तो दुगनी इज्ज़त देते हुए दुहरे जी से पुकारते हैं – जीजी. जीजी का पुलिंग क्या है? हमारी अपनी भाषा हिन्दी में स्त्रीलिंग और पुल्लिंग का निर्णय कर पाना बड़ा मुश्किल है. लेकिन मुझे लगता है की 'जीजी' का पुल्लिंग यदि 'जीजा' किया गया है तो ठीक ही होगा. सिर्फ जीजा कहने में भला क्या इज्ज़त ? इसलिए सभी सालियां जीजा न कहकर जीजाजी कहती हैं. क्या बात है! जीजाजी बेचारे आगे पीछे दोनों तरफ से 'जी जी' से जकडे हुए हैं. 'जा'ओगे कहां बच्चू! मराठी में बड़े और छोटे में भेद भाव ज़रा कम ही है. वहां नौकरानी को भी बाई पुकारते हैं और बाई भी अपनी मालकिन को बाई ही कहती है. मालकिन को अतिरिक्त आदर प्रदर्शित करने हेतु वह उन्हें बाई न कहकर 'बाई-साहब' कह देती है. 'बाई' के साथ 'साहब' संबोधन बड़ा अजीब लगता है. बाई स्त्रीलिंग और साहब पुल्लिंग. यह अगर गलत है तो गलत ही सही. हमारी बाई, 'बाई साहब' भले हो जाएं ज़ाहिर है, 'बाई जी' कहकर उनकी दुर्गति नहीं की जा सकती. पंजाबी भाषा में तो और भी कमाल है. वैसे तो पापा के साथ 'जी' लगाना ही गलत लगता है, अंग्रेज़ी के साथ गैर अंगरेजी संबोधन- लेकिन पंजाबी में तो पापाजी न कहकर संक्षेप में "पाजी" ही कह दिया जाता है! यह बड़ा प्यारा शब्द है. पाजी में दुत्कार भी है और दुलार भी. जी हां, हमारे अधिकतर रिश्तों में यही उभय-भाव (एम्बीवलैंस) साफ़ देखा जा सकता है.





**जैसे आप घर में अलेक्सा को कोई गाना सुनाने की आदेश देते हैं, या कोई सवाल पूछते हैं, वैसे ही कार में बैठ कर कार में लगे डिवाइस से कहिए कि मुझे पतरातू वैली, न्यूक्लियस मॉल या मेन रोड या डोरंडा के किसी पार्क ले चलो. यह बोल कर चाहें तो गाने सुने या यूं ही आंखें बंद कर ड्राइविंग सीट पर आराम करें. कुछ समय बात आप अपनी मंजिल पर होंगे. जी हां, ये ख्वाब नहीं बल्कि कुछ सालों बाद की हकीकत है. इस बाबत देश की कई सड़कों पर ड्राइवरलेस कारों की टेस्टिंग चल रही है और सबकुछ सही रहा तो जल्द ही झारखंड की सड़कों पर भी बिना ड्राइवर की कार सरपट दौड़ती देखेंगी.**

# झारखंड की सड़कों पर भी दौड़ेगी ड्राइवर लेस कार!

*भारत का ऑटो सेक्टर दिन प्रतिदिन नए प्रतिमान गढ़ रहा है. पेट्रोल डीजल के बाद सीनएनजी और अब छोटे-छोटे शहरों की सड़कों पर ई-कार की बढ़ती रफ्तार सफलता कई नई कहानी गढ़ रही हैं. इसी कड़ी में अगली पेशकश होगी बिना ड्राइवर की सड़क पर सरपट दौड़ती कार. जी हां, ड्राइवर लेस कार की चर्चा यूं तो पिछले कुछ सालों से अपने देश में हो रही है, लेकिन हाल ही टोयोटा की एक ऐसी कार की तस्वीर वायरल हो रही है जो ड्राइवरलेस कार की तरह नजर आ रही है. खास बात यह है कि टेस्टिंग मॉडल पर ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानी एआरएआई का स्टीकर भी लगा हुआ है. इन टेस्टिंग कारों को देखकर लगता है कि अगर सब कुछ सही रहा तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड की सड़कों पर भी बिना ड्राइवर की कार सरपट दौड़ती नजर आएगी.*

## क्या है एआरएआई

एआरएआई का फुल फॉर्म है ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया. यह उद्योग मंत्रालय और भारत सरकार के साथ ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की एक सहकारी औद्योगिक अनुसंधान संघ है. इस एसोसिएशन का उद्देश्य इंडस्ट्री के लिए ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में रिसर्च और डेवलपमेंट, प्रोडक्ट डिजाइन और डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव डिवाइसेज का मूल्यांकन, मानकीकरण, तकनीकी सूचना सेवाएं, आधुनिक टेक्नोलॉजी के एक्जक्यूशन और उनके प्रयोग सहित विशेष टेस्ट करना है.

## यहां हो रही टेस्टिंग

ऑटोमोबाइल वेबसाइट रशलेन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर टोयोटा आरएवी 4 एसयूवी की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. ऑटो मोबाइल फील्ड के दिग्गजों की माने तो इस कार के टेस्टिंग मॉडल को पुणे के सड़कों पर स्पॉट किया गया है. इस एसयूवी पर कुछ ऐसे डिवाइसेज लगे हुए देखे गए हैं जिनसे अंदाजा लगाया जा रहा है कि, संभवतः ये सेल्फ-ड्राइविंग कार की टेस्टिंग हो रही है. बता दें कि वर्ष 2020 से अब तक कंपनी ने ऐसी कई टेस्टिंग की है.

## ऐसे चलेंगी ड्राइवरलेस कार

फुल ऑटोनॉमस कारों में इंटीग्रेटेड कस्टम सेंसर, कैमरे और रडार होंगे. कार में में सेंसर और एल्गोरिदम लगे होंगे जिससे मिलने वाले डेटा का यह इस्तेमाल करेगी. यह सिस्टम सड़क की घुमाव, गड्ढों, मार्गों और गलियों पर नजर रखेगा. वाहन में लगे सेंसर से आपातकालीन डायवर्जन, रोडब्लॉक, जाम ट्रैफिक, कोहरे के मौसम की स्थिति, भारी वर्षा जैसी असंख्य बाधाओं की पहचान हो सकेगी. ये सेंसर इतने सशक्त होंगे कि वे स्कूटरों या टैक्सियों के झुंड की पहचान भी कर सकते हैं जो लेन से अलग हो कर चलते हैं. झारखंड की सड़कों पर जो हम सवारी की खोज में जहां तहां ऑटोरिक्शा को रूकते-ठमकते देखते हैं, इन कारों के सेंसर उनकी भी पड़ख कर सकता है. यहां तक कि यह सड़कों के बीच में हाथ से खींची जाने वाले ठेले, खोमचे और रिक्शों की भी पहचान कर सकता है. सेंसर की मदद से चालक रहित कार किसी सामान्य स्थिति की तुरंत पहचान कर सकती है और लगभग 500 मीटर की दूरी भी तय कर सकती है. ऐसी कारें 50 फीसदी गूगल मैप्स पर और बाकी कंपनी के सेंसर्स पर निर्भर होंगी.



## क्या होता है लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग

यह एक ऑप्टिकल तकनीक है जिसे अक्सर ऑटोनॉमस कारों के लिए दूरी संवेदन (डिस्टेंस सेंसिंग) यानी कि ऑब्जेक्ट की दूरी पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है यह दूरी को एक छोटी लेजर पल्स भेजकर और बाहर जाने वाली लाइट पल्स और रिफ्लेक्टेड (पीछे बिखरी हुई) लाइट पल्स का पता लगाने के बीच के समय अंतराल को रिकॉर्ड करके मापा जाता है. सेंसर बेस्ड ये तकनीक मुख्य रूप से सेल्फ ड्राइविंग कारों की टेस्टिंग के दौरान आसपास की वास्तविक स्थिति और वस्तु इत्यादि का पता लगाने के लिए इस्तेमाल की जाती है. लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग सेंसर दूर की वस्तुओं या ऑब्जेक्ट को ट्रैक करता है और कार में दिए गए मल्टीपल कैमरों के माध्यम से इमेज क्रिएट करता है.

## टेस्टिंग मॉडल पर लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग सेंसर

पुणे की सड़कों पर टोयोटा आरएवी 4 एसयूवी की जो टेस्टिंग मॉडल दौड़ती नजर आई हैं, उनमें कई लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग यानी एलआईडीएआर सेंसर लगे हुए दिखे हैं. आमतौर पर ये सेंसर ड्राइवरलेस कारों या ऑटोनॉमस ड्राइविंग वाली कारों की टेस्टिंग के लिए लगाए जाते हैं. एसयूवी में कुल 4 सेंसर लगे हुए दिखे हैं. जो कि एसयूवी के छत, साइड पैनल्स और पिछले हिस्से में लगे हैं. इनमें से जो एलआईडीएआर सेंसर कार की छत पर लगा था वो ज्यादा बड़ा और प्रभावी नज़र आ रहा है. इसके अलावा कार के पिछले विंडशील्ड पर ₹ऑन टेस्ट बाई एआरएआई, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया₹ का स्टीकर भी लगा हुआ पाया गया है.

## क्या मिलेगी सरकार की हरी झंडी

सवाल है कि क्या अपने देश में बिना ड्राइवर की कारों को सरकार सड़कों पर दौड़ने की अनुमति देगी! सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के पिछले दिनों दिए गए कुछ बयानों से तो इसमें संदेह ही नजर आता है. टेक्नोलॉजी और ग्रीन-एनर्जी जैसे विषयों को सपोर्ट करने वाले नितिन गडकरी कई बार खुले मंच से ड्राइवरलेस कारों को भारत में न लाने की बात कही है. एक कार्यक्रम में तो यहां तक कहा कि, ₹जब तक मैं मंत्री हूं भारत में बिना ड्राइवर के चलने वाली ऑटोनॉमस कारों को लॉन्च करने की अनुमति नहीं होगी. इससे 70 से 80 लाख ड्राइवरों का रोजगार खत्म हो जाएगा और मैं ऐसा नहीं होने दूंगा."

# सड़क पर आई 2.92 लाख की कीमत की नई बाइक, जानिए क्या है खास

***स्वीडिश मोटरसाइकिल निर्माता हुस्कवर्ना ने भारतीय बाजार में पिछले दिनों दो बाइक हुस्कवर्ना विटपिलेन 250 और हुस्कवर्ना स्वार्टपिलेन 401 लॉन्च की है. हुस्कवर्ना विटपिलेन 250 की कीमत 2.19 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) और 2024 हुस्कवर्ना स्वार्टपिलेन 401 की 2.92 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है. आइए, इसके डिजाइन, इंजन आदि के बारे में जानकारी लें.***

### डिजाइन

हुस्कवर्ना स्वाट्रपिलेन 401 का बेस नई पीढ़ी की केटीएम 390 ड्यूक के साथ साझा किया गया है. इसका लुक बेहद शक्तिशाली नजर आता है. इसमें साइड पैनल में सूक्ष्म अपडेट और एक नया वाइजर शामिल है. इसमें साइड-माउंटेड एग्जॉस्ट दिया गया है, जो पुराने मॉडल में देखी गई अंडरबेली यूनिट की जगह लेता है.





### इंजन स्पेसिफिकेशन

स्वार्टपिलेन 401 में नया 398 .6 सीसी सिंगल-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन है, जो 46 बीएचपी का पावर आउटपुट और 39 एनएम का टॉर्क देने में सक्षम है. इंजन 6-स्पीड गियरबॉक्स से जुड़ा है और इसमें बाई-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर दिया जाएगा. हार्डवेयर की बात करें तो स्वार्टपिलेन 401 में सस्पेंशन ड्यूटी के लिए एडजस्टेबल यूएसडी फ्रंट फोर्क्स और पीछे एक मोनोशॉक दिया गया है.

बार्बी ब्रांडेड फ्लिप फोन

# यह फोन ही छुड़ाएगा स्मार्टफोन की लत!

कभी बेहद लोकप्रिय मोबाइल नोकिया बनाने वाली कंपनी एचएमडी अब बार्बी ब्रांडेड फ्लिप फोन के साथ एक बार फिर सामने आई है. मोबाइल वर्ल्ड कॉन्ग्रेस में कंपनी ने इस नए स्मार्टफोन की झलक दिखलाई और इसके शीघ्र लॉन्चिंग का इरादा जाहिर किया है. बता दें कि मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2024 का इवेंट स्पेन के बार्सोलोना में आयोजित किया जा रहा है. आम जनता के लिए इस इवेंट की शुरुआत 26 फरवरी से हुई है, लेकिन उससे पहले ही एचएमडी ग्लोबल कुछ फोन को लॉन्च कर दिया है.

### कैसा होगा बार्बी फ्लिप फोन?

बार्बी फ्लिप फोन सामान्य एंड्रॉइड फोन से अलग है, जो एक रेट्रो फीचर फोन जैसा दिखता है. हालांकि, अभी तक इस फोन के डिजाइन और ऑपरेटिंग सिस्टम की डिटेल सामने नहीं आई है. इस फोन का टीज़र दिखाया गया है, जिसे देखकर लगा फोन पिंक कलर का हो सकता है.

### बार्बी फिल्म से प्रेरित?

बार्बी फिल्म पिछले साल जुलाई में आई थी और इस फिल्म ने अरबों डॉलर कमाए थे. ऐसा लगता है कि एचएमडी ग्लोबल एक साल बाद बार्बी प्लान को कामयाब करने की कोशिश कर रही है. इस फोन के बारे में एमएमडी ग्लोबल ने दावा किया है कि यह फोन काफी स्टाइलिश होगा, इससे यूज़र्स को पुराने जमाने की याद आएगी और स्मार्टफोन की लत छूटने में भी मदद मिलेगी.

### एचएमडी फ्यूजन को भी किया गया पेश

मोबाइल वर्ल्ड कॉन्ग्रेस में कंपनी ने एचएमडी फ्यूजन के बारे में भी जानकारी दी है और कहा कि इस फोन को जुलाई 2024 में लॉन्च किया जाएगा और इसमें हार्डवेयर को कस्टमाइज़ करने वाले फीचर्स होंगे. यूज़र्स अपनी जरूरतों के हिसाब से फोन की शेल को स्विच आउट कर सकेंगे, फिर चाहे वो स्टैंडर्ड कवर हो, कार्ड स्लॉट हो या फिर कैमरा कंट्रोल के साथ कवर हो. एचएमडी ग्लोबल ने यूज़र्स को डिज़ाइन फाइल्स और सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन को समझाने के लिए एक टूलकिट भी पेश किया है.



ऑनर मैजिक 6 प्रो

# हाथ व्यस्त हैं तो चिंता छोड़िए, अब आंखों से कीजिए फोन ऑपरेट

*स्मार्टफोन की दुनिया दिन प्रति दिन अपडेट हो रही है. कंपनियां नए फीचर्स के साथ लगातार सामने आ रही हैं. मोबाइल वर्ल्ड कॉन्ग्रेस (2024) में ऐसे ही कुछ अनोखे फीचर्स के साथ सामने आयी स्मार्ट फोन कंपनी ऑनर. कंपनी के नए स्मार्ट फोन मॉडल ऑनर मैजिक 6 प्रो ने मोबाइल चलाने के लिए हाथ लगाने की बाध्यता खत्म कर दी है. अब मोबाइल हाथ की जगह आंखों के इशारे से काम करेगा.*

### इशारे से स्वीगी-जोमैटो से ऑर्डर

चाहे कंप्यूटर पर काम कर रहे हों या किचन में कलछी पकड़ रखी हो, कई बार मोबाइल चलाना इनके साथ परेशानी भरा होता है. ऑनर मैजिक 6 प्रो मोबाइल हमारी इसी परेशानी से निजात दिलाएगा. हमारी आंखों के इशारे से फोन का लॉक ओपन होगा, कॉन्टैक्ट लिस्ट खुलेगी, स्पीकर ऑन होगा और इच्छित व्यक्ति से हम बात कर सकेंगे. आंखों के इशारे से ही कोई ई मार्केटिंग एप खुल जाएगा और पसंद की चीजें ऑर्डर भी कर सकेंगे. स्वीगी-जोमैटो से खाना ऑर्डर करने के लिए भी अब हाथों को तकलीफ उठाने की दरकार नहीं. आंखों का एक इशारा ही इसके लिए काफी होगा.

### आंखों से ऐप होंगे कंट्रोल

मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2024 में हॉनर ने ऑनर मैजिक 6 प्रो में कुछ मैजिकल फीचर पेश किए हैं. यह एआई बेस्ड फीचर हैं, जिसकी मदद से आपकी आंखों के मूवमेंट को ट्रैक किया जा सकता है. यह फ्यूचरिस्टिक फीचर आपके ऐप को ओपने करने से लेकर उसके कंट्रोल करने में मदद करता है. इसके लिए हाथ का नहीं आंखों का इस्तेमाल किया जा सकता है.

### मिलेंगे ये मैजिकल फीचर

ऑनर मैजिक 6 प्रो में एआई बेस्ड आई ट्रैकिंग फीचर और सुपर साउंड कूल फीचर दिया गया है. फोन को बिना टच किए यूजर्स फोन में आने वाले नोटिफिकेशन को देख पाएंगे. इवेंट, एड्रेस, मैप और कलेंडर को स्पॉट किया जा सकेगा. ऑनर फोन फोटो को वीडियो में बदलने का फीचर पेश कर सकता है. बहरहाल यह फीचर्स रियल लाइफ में कितने इफेक्टिव होंगे, यह तो आने वाले दिनों में मालूम हो सकेगा. यही नहीं, ऑनर मैजिक 6 प्रो को भारत में लॉन्च किया जाएगा या नहीं, फिलहाल इस बारे में भी कोई जानकारी मौजूद नहीं है. हालांकि फोन का इंटरनेशनल मार्केट में डेब्यू हो गया है, जहां ऑनर ने अपनी डेमो में आई ट्रैकिंग फीचर को दिखाया है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

# सरजमीं पर बादशाहत कायम 'बैजबॉल' हुआ बेअसर



संवाददाता।रांची

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली. जीत के लिये 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था. सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिये 84 रन जोड़े. दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया.

भारत ने श्रृंखला में 3.1 की विजयी बढत बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच सात मार्च से धर्मशाला में खेला जायेगा. भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से हारी थी. उसके बाद से अपनी मेजबानी में भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं.

**नाकाम साबित हुई 'बैजबॉल' शैली :** इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया. पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है. ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है. भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही.

| टीम | लगातार घरेलू टेस्ट सीरीज | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| भारत | 17 | फरवरी 2013 | अभियान जारी |
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | नवंबर 1994 | नवंबर 2000 |
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | जुलाई 2004 | नवंबर 2008 |
| वेस्टइंडीज | 08 | मार्च 1976 | फरवरी 1986 |
| वेस्टइंडीज | 07 | मार्च 1998 | नवंबर 2001 |
| साउथ अफ्रीका | 07 | मई 2009 | मई 2012 |

### 17 घरेलू टेस्ट सीरीज की जीत के आंकड़े

**1. ऑस्ट्रेलिया:** भारत ने 4-0 (4) से जीती सीरीज (फरवरी 2013) **2. वेस्टइंडीज:** भारत ने 2-0 (2) से जीती सीरीज (नवंबर 2013) **3. साउथ अफ्रीका:** भारत ने 3-0 (4) से जीती सीरीज (नवंबर 2015) **4 .न्यूजीलैंड:** भारत ने 3-0 (3) से जीती सीरीज (सितंबर 2016) **5. इंग्लैंड:** भारत ने 4-0 (5) से जीती सीरीज (नवंबर 2016) **6. बांग्लादेश:** भारत ने 1-0 (1) से जीती सीरीज (फरवरी 2017) **7. ऑस्ट्रेलिया:** भारत ने 2-1 (4) से जीती सीरीज (फरवरी 2017) **8. श्रीलंका:** भारत ने 1-0 (3) से जीती सीरीज (नवंबर 2017) **9. अफगानिस्तान:** भारत ने 1-0 (1) से जीती सीरीज (जून 2018) **10. वेस्टइंडीज:** भारत ने 2-0 (2) से जीती सीरीज (अक्टूबर 2018) **11. साउथ अफ्रीका:** भारत ने 3-0 (3) से जीती सीरीज (अक्टूबर 2019) **12. बांग्लादेश:** भारत ने 2-0 (2) से जीती सीरीज (नवंबर 2019) **13. इंग्लैंड:** भारत ने 3-1 (4) से जीती सीरीज (2020-2021) **14. न्यूजीलैंड:** भारत ने 1-0 (2) से जीती सीरीज (2021) **15. श्रीलंका:** भारत ने 2-0 (2) से जीती सीरीज (2022) **16 .ऑस्ट्रेलिया:** भारत ने 2-1 (4) से जीती सीरीज (2023) **17. इंग्लैंड:** भारत 3-1 (5) से आगे (एक मैच बाकी).

### जो रूट ने तोड़ी साझेदारी

श्रृंखला में जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े. आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. उसके बाद बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया. स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा. अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सकारात्मक शुरूआत की. रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा. रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाये.

### बशीर ने लिए 8 विकेट

श्रृंखला में रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नौ हजार रन भी पूरे कर लिये. दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया. एंडरसन ने बैकवर्ड प्वाइंट पर डाइव लगाकर उनका शानदार कैच लपका. स्टोक्स ने इसके बाद बशीर और हार्टली से गेंदबाजी कराई. गिल स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पा रहे थे और रोहित भी दबाव में आ गए जिसे रनगति पर अंकुश लगा. हार्टली ने भारतीय कप्तान का कीमती विकेट लिया जो विकेट के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे. इंग्लैंड के लिये बशीर ने अपने दूसरे टेस्ट में आठ विकेट चटकाये.

### भारत का शानदार प्रदर्शन

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार तीन जीत दर्ज की. भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया. जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाये. चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की.

---

## हनुमा को आंध्र की टीम से इस्तीफा देना पड़ा था

# हनुमा विहारी ने अपनी चुप्पी तोड़ी

भाषा।नयी दिल्ली

रणजी ट्राफी 2024 में आखिर में आंध्र क्रिकेट टीम सोमवार को क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई. आंध्र को क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के हाथों 4 रन से हार का सामना करना पड़ा. इस हार के बाद ऑलराउंडर हनुमा विहारी ने अपनी चुप्पी तोड़ी. उन्हें सीजन के पहले मैच के बाद ही कप्तानी से हटा दिया गया था. विहारी ने कहा कि एक खिलाड़ी पर चिल्लाने की वजह से कप्तानी गंवानी पड़ी क्योंकि उसके पिता पॉलिटिशियन हैं. उनकी जगह रिकी भुई को बचे हुए टूर्नामेंट के लिए आंध्र की कमान सौंपी गई थी. विहारी ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि हमने अंत तक कड़ा संघर्ष किया लेकिन ऐसा होना तय नहीं था. आंध्र के साथ एक और क्वार्टर हारने से निराश हूं.

हनुमा विहारी ने कहा कि यह पोस्ट कुछ तथ्यों के बारे में है जिन्हें मैं सामने रखना चाहता हूं. मैं, बंगाल के खिलाफ पहले मैच में मैं कप्तान था. उस गेम के दौरान मैं 17वें खिलाड़ी पर चिल्लाया और उसने अपने पिता (जो एक पॉलिटिशियन हैं) से शिकायत कर दी. इसके बाद, उसके पिता ने एसोसिएशन से मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा. हालांकि, हमने पिछले साल फाइनलिस्ट बंगाल के खिलाफ 410 रन का पीछा किया था लेकिन मुझे बिना किसी गलती के कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया.



### मैं अब आंध्र के लिए कभी नहीं खेलूंगा

उन्होंने कहा कि मुझे शर्मिंदगी महसूस हुई लेकिन इस सीजन में खेलना जारी रखने का एकमात्र कारण यह था कि मैं गेम और अपनी टीम का सम्मान करता हूं. दुखद बात यह है कि एसोसिएशन को लगता है कि वो जो भी कहे, खिलाड़ी को उसे सुनना पड़ेगा क्योंकि खिलाड़ी उनकी वजह से ही वहां हैं. मुझे अपमान और शर्मिंदगी महसूस हुई लेकिन मैंने इसे आज तक व्यक्त नहीं किया. विहारी ने कहा कि मैंने फैसला किया है कि मैं आंध्र के लिए कभी नहीं खेलूंगा, जहां मैंने अपना आत्मसम्मान खो दिया है. मुझे टीम से प्यार है. जिस तरह से हम हर सीजन में बढ़ रहे हैं, मुझे वो पसंद है लेकिन एसोसिएशन नहीं चाहती कि हम आगे बढ़ें.

### भारत की सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल टीम घोषित

**नयी दिल्ली ।** मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिये 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है. भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी. दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था. पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है. अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं. भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी. उसे एक मार्च को भूटान से, और सात मार्च को नेपाल से खेलना है.

### आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

**जयपुर ।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. गहलोत ने ऐसे समय में अपना पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाये का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था. सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल के मैचों की मेजबानी करनी है. गहलोत ने बयान में कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगा दिया गया.

# हॉफेनहेम ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 3-2 से हराया

भाषा।बर्लिन

बुंडेसलीगा में हॉफेनहेम ने घरेलू मैदान पर बोरुसिया डॉर्टमुंड को 3-2 से हरा दिया. 2024 में बोरुसिया डॉर्टमुंड की यह पहली हार है. हॉफेनहेम ने मैच में एक परी-कथा जैसी शुरुआत की और मैच के दूसरे मिनट में ही इहलास बेबौ ने बेहतरीन गोल कर डॉर्टमुंड को चौंका दिया. इसके बाद डॉर्टमुंड ने वापसी का प्रयास किया और 21वें मिनट में डोनियल मैलेन ने जूलियन ब्रांट के फ्लिक-ऑन कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया.

इसके चार मिनट बाद ही मेजबान टीम के लिए निको श्लोटरबेक ने मार्को रीस की फ्री किक पर बाउमन को छकाते हुए गोल कर डॉर्टमुंड को



2-1 से आगे कर दिया. हॉफेनहेम ने जूलियन रायर्सन के गलत पास का फायदा उठाते हुए मैक्सिमिलियन बेयर ने गोल कर हॉफेनहेम को 2-2 की बराबरी दिला दी.

#### मैच का मजा

### इंटर मिलान ने लेसी को 4-0 से हराया

**रोम ।** इंटर मिलान ने लुटारो मार्टिनेज को दो गोलों की बदौलत लेसी को 4-0 से हरा दिया. अपने इन दो गोलों की बदौलत मार्टिनेज ने सीरी ए में अपने कुल गोलों की संख्या 101 तक पहुंचा दी. मैच में इंटर मिलान ने तेज शुरुआत की और मैच के 15वें मिनट में मार्टिनेज ने गोल कर अपने शतक का जश्न मनाते हुए अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया. मध्यांतर तक मिलान की टीम 1-0 से आगे रही. मध्यांतर के बाद डेविड फ्रैटेसी ने 54वें मिनट में गोल कर मिलान की बढ़त 2-0 कर दी. दो मिनट बाद मार्टिनेज ने तेजी से गति पकड़ी और अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने फ्रैटेसी की सहायता से गोल कर बढ़त 3-0 कर दी. इसके बाद 67वें मिनट में स्टीफन डी व्रिज ने फेडरिको डिमार्को के पास पर हेडर से गोल कर स्कोर 4-0 कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ. एक मैच हाथ में होने के बावजूद, इंटर अभी भी दूसरे स्थान पर मौजूद जुवेंटस से नौ अंक से आगे है, जिसने फ्रोसिनोन पर कड़ी टक्कर में 3-2 से जीत दर्ज की.

# भारत की डब्ल्यूटीसी तालिका में स्थिति मजबूत

भाषा।दुबई

भारत ने सोमवार को रांची में चौथे टेस्ट में बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली. रोहित शर्मा की अगुआई वाली मेजबान टीम ने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है.

कड़े मुकाबले में जीत के बाद भारत का अंक प्रतिशत 59.52 से बढ़कर 64.58 हो गया है. भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55 प्रतिशत अंक) और बांग्लादेश (50 प्रतिशत अंक) पर मजबूत बढ़त बना ली है. इंग्लैंड 19.44 प्रतिशत अंक के साथ आठवें स्थान पर है. श्रीलंका नौवें स्थान पर है जिसने अभी खाता नहीं खोला है.

भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक आठ टेस्ट खेले हैं. जिनमें से पांच में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है. ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है. टीम ने नौ में से अब तक केवल तीन मैच जीते हैं. जबकि पांच में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला ड्रॉ रहा. न्यूजीलैंड 75 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है लेकिन उसने अब तक केवल चार टेस्ट खेले हैं. टेस्ट मैच जीतने पर 12 अंक, टाई पर छह और ड्रॉ के लिए चार अंक दिए जाते हैं. अंकों के प्रतिशत के अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है. शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी. डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है. टीम उद्घाटन चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी जबकि दूसरे सत्र में टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी.

### रांची के दिग्गज क्रिकेटर सिद्धार्थ बनर्जी का निधन

**राची ।** रांची क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सिद्धार्थ बनर्जी (सुब्रो) का



बीते रविवार की रात निधन हो गया. वे 62 वर्ष के थे. सोमवार को उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में कर दिया गया. पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य की समस्या से ग्रसित थे. तीन दिन पहले उन्हें दिल का दौरा पड़ने पर सैंटाविटा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था. सुब्रो ने रांची कॉलेज, आरएंडडी सेल व रांची ज़िला क्रिकेट टीमों का प्रतिनिधित्व किया था.

---

**पुरुष हॉकी**

## भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण में आयरलैंड को 4-0 से हराया था

# भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज

भाषा।राउरकेला

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया. भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की. फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा. रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था. भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है. हरमनप्रीत ने



**टीम मजबूत**

- भारत को फ्रांस के खिलाफ एक जीत मिली थी
- भारत ने स्पेन पर 4-1 की जीत के साथ शुरुआत की

रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं. हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया. जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए. मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया. प्रो लीग के घरेलू चरण में भारत ने भुवनेश्वर में स्पेन पर 4-1 की जीत के साथ शुरुआत की. इसके बाद नीदरलैंड को शूट आउट में 4-2 से हराया. भारत हालांकि ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार गया लेकिन राउरकेला आने से पहले उन्होंने आयरलैंड को 1-0 से हराया. हरमनप्रीत से सहमति जताते हुए उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने इन भुवनेश्वर और राउरकेला दोनों जगह हुए मुकाबलों में बहुत अच्छा जज्बा दिखाया.

हमने मैच दर मैच अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपने डिफेंस में काफी सुधार किया. उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक की हमारी तैयारियों के लिए ये मैच महत्वपूर्ण थे और अब हम बैठकर विश्लेषण करेंगे कि हम यहां से अपने प्रदर्शन में कैसे सुधार कर सकते हैं. भारत 22 मई से बेल्जियम में मेजबान टीम और अर्जेंटीना के खिलाफ मैचों के साथ अपनी प्रो लीग प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाएगा और फिर एक जून से लंदन में जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगा.

# हम एशियाई देशों के संपर्क में हैं: सुमित

भाषा।नयी दिल्ली

भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने सोमवार को कहा कि वह इस खेल को पैरा एशियाई खेलों में शामिल कराने का पूरा प्रयास कर रहा है. आईडीसीए भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद का संस्थापक सदस्य है, जिसे बीसीसीआई का सहयोग हासिल है. आईडीसीए अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि हम काम कर रहे हैं. हम एशियाई देशों के संपर्क में हैं. हमने हांगकांग दौरा किया है जो आईडीसीए के साथ पहला एशियाई मैच कराने को तैयार है.



फिलहाल हमारा फोकस विश्व कप पर है. उन्होंने कहा कि हमें सारे सरकारी सर्टिफिकेशन मिल गए हैं और कुछ प्रक्रिया में हैं जो जल्दी ही मिल जायेंगे. अभी प्रक्रिया चल रही है और हम काफी प्रयास कर रहे हैं. बीसीसीआई से मान्यता और सहयोग मिलने के बावजूद आईडीसीए को देश के क्रिकेट बोर्ड से कोई वित्तीय सहायता नही मिलती है, लेकिन भविष्य में उसे यह मिलने की उम्मीद है. आईडीसीए की सीईओ रोमा बलवानी ने कहा कि बीसीसीआई फिलहाल हमें डीसीसीआई के तहत मान्यता देता है. उससे हमें किट्स और अन्य क्रिकेट उपकरण मिलते हैं लेकिन वित्तीय सहायता नहीं. उम्मीद है कि भविष्य में वह भी मिलेगी. भारत की 15 सदस्यीय बधिर क्रिकेट टीम शारजाह में छह से 12 मार्च तक होने वाले बधिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टी20 चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में भाग लेगी. इसमें भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें खेलेंगी.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**कटिहार।** कटिहार में बेलगाम ट्रक ने एक साइकिल सवार को कुचल दिया. हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गयी. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने कटिहार-मनिहारी सड़क जाम कर प्रदर्शन किया. टायर जलाकर विरोध प्रकट किया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है. घटना जिले के सहायक थाना क्षेत्र की है. ललियाही में बेलगाम ट्रक ने साइकिल सवार को रौंद दिया. मृतक की पहचान सुनील पासवान के रूप में हुई हैं.

### जू. डॉक्टर ने छात्राओं के साथ की छेड़खानी

**गया।** मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में पीजी डॉक्टर रोहित दुबे पर दो जूनियर डॉक्टर छात्राओं के साथ छेड़खानी का आरोप लगा है. इस घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं. उनका कहना है कि जब तक आरोपी डॉक्टर रोहित दुबे पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक काम का बहिष्कार करेंगे. हाथों में बैनर लेकर अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जूनियर डॉक्टर्स का कहना है कि जब तक आरोपी पर कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा. वहीं अधीक्षक का कहना है कि आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत प्राचार्य, जिलाधिकारी और स्थानीय थाने को दिया गया है.

### ट्रेन से गिरकर रेल कर्मी की मौत

**जमुई।** किउल-जसीडीह रेलखंड के झाझा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या चार पर झाझा पटना स्पेशल ट्रेन से गिरकर एक रेल कर्मी की मौत हो गई. जिसे रेल पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है. मृतक रेल कर्मी की पहचान झाझा रेल पीडब्ल्यूडी में कार्यरत रेलकर्मी 54 वर्षीय कृष्ण देव मंडल के रूप में की गई है. बताया जाता है कि कृष्ण देव मंडल झाझा रेल में ही पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी थे और वह बीते कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे. अपने इलाज के लिए सोमवार की सुबह झाझा पटना स्पेशल ट्रेन से इलाज के लिए रेल अस्पताल दानापुर जा रहे थे.

## प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार में रेलवे परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# 33 रेलवे स्टेशनों व 72 अन्य परियोजनाओं का होगा निर्माण

**संवाददाता।पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिजिटल माध्यम से पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) क्षेत्र के अंतर्गत बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 72 अन्य परियोजनाओं के निर्माण की आधारशिला रखी. प्रधानमंत्री ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार में रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया.

राजधानी पटना से प्रधानमंत्री के इस समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा शामिल हुए. समारोह के तुरंत बाद मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि बिहार में जिन 33 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा. ईसीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस परियोजना का लक्ष्य पूरे देश में संपर्क, व्यापार और व्यवसाय को बढ़ाना है. योजना के तहत स्टेशनों को खरीदारी स्थल, जलपान स्थल, बच्चों के खेलने के लिए विशेष क्षेत्र आदि जैसी सुविधाओं के प्रावधान के साथ पुनर्विकसित किया जाएगा. उन्होंने कि स्टेशनों पर प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार, बहुमंजिला पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्रतीक्षा कक्ष आदि का प्रावधान होगा. केंद्र की इस योजना के तहत अकेले समस्तीपुर मंडल के नौ रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा.

प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्‍घा टन किया उनमें समस्तीपुर मंडल से जुड़ी कम से कम 28 परियोजनाएं भी शामिल हैं. अधिकारी ने बताया कि चौसा, लखीसराय, नवादा और दनियावां-बिहारशरीफ, पटना-डीडीयू, पटना-गया और फतुहा-इस्लामपुर मार्गों पर सड़क पुल, अंडरपास और सीमित ऊंचाई वाले पार पथ बनाए जाएंगे. अधिकारी ने कहा, सबसे अधिक असुरक्षित माने जाने वाले पटना-गया मार्ग पर कम से कम छह सीमित ऊंचाई वाले पार पथ बनाए जाएंगे.



**इन स्टेशनों का होगा पुनर्विकास**

बरौनी, सीवान, मुंगेर, थावे, सबौर, अररिया, शिवनारायणपुर, दौरम मधेपुरा, डेहरी ऑन सोन, गुरारू, करहागोला रोड, चौसा, लहेरियासराय, बांका, सिमरी बख्तियारपुर, सुपौल, नवादा, रक्सौल, मोतीपुर, लक्खीसराय, मशरख, रफीगंज, मैरवा, पीरो, बिक्रमगंज, लाभा, जनकपुर रोड, चकिया, नबीनगर रोड, घोड़ासहन, सालमारी, एकमा और शाहपुर पटोरी शामिल हैं.

**ट्रांसफर-पोस्टिंग का मामला**

## जीतन राम मांझी ने तेजस्वी पर किया हमला, बोले-

# 50-50 लाख रुपये लेकर हजारों-करोड़ों कमा लिए

**संवाददाता।पटना**



पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर बड़ा दावा किया है. सोमवार को मांझी ने पत्रकारों से बातचीत में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर शिक्षक नियुक्ति की वो (तेजस्वी यादव) बात करते हों तो मैंने तो कहा है कि सोमवार को 21 लाख एकड़ जमीन भूदान, सीलिंग और बिहार सरकार की है. हमारे यहां मात्र 13 या 14 लाख परिवार ऐसे हैं जिनके पास एक धुर जमीन नहीं है. अगर बंटवा देते वो (तेजस्वी यादव) तब हम मानते. राजस्व विभाग उनके ही पास था, तो वो तो ट्रांसफर पोस्टिंग में पड़े थे जिसको मुख्यमंत्री ने बंद कर दिया. मांझी ने कहा कि इससे क्या साबित होता है कि मुख्यमंत्री का चलता है कि मंत्री का? इससे भी वो नहीं समझते हैं? अगर चलता तो आज सभी अंचलाधिकारी से 50-50 लाख रुपया लेकर हजारों करोड़ रुपया कमा लिए थे लोग, आज नतीजा होता कि सबकी पोस्टिंग हो जाती, लेकिन नीतीश कुमार ने रोक दिया. मुख्यमंत्री का वर्चस्व होता है. नियुक्ति में भी वही होता है.

## बिहार में पार्टी की प्रदेश कमान सौंपने की तैयारी शुरू

# कौन होंगे भाजपा के नए 'सम्राट'

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र/पटना**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का उपमुख्यमंत्री बनने के बाद सियासी गलियारों में यह चर्चा तेज है कि 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति पर चलते हुए भाजपा किसे पार्टी की कमान सौंपेगी. मतलब बिहार भाजपा के नये 'सम्राट' कौन होंगे. क्या भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस पद के लिए एक बार फिर पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्ग से आनेवाले वाले किसी योग्य व्यक्ति की तलाश करेगी या फिर किसी अगड़ी जाति या दलित वर्ग की तरफ रुख करेगी. वैसे, माना जा रहा है कि भाजपा एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष पद पर पिछड़ा - अतिपिछड़ा वर्ग के किसी व्यक्ति को बैठाना चाहेगी, तो संजीव चौरसिया का नाम सबसे आगे है. संजीव चौरसिया का आरएसएस से पुराना संबंध रहा है और वे पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद के पुत्र हैं. श्री चौरसिया वर्तमान में पटना शहर के दीघा से विधायक हैं. लेकिन, जानकारों का मानना है कि बार-बार पिछड़ा-अति पिछड़ा कार्ड खेलने से भाजपा को यह डर भी सताने लगा है कि कहीं, उसका परंपरागत अगड़ी जाति का वोट बैंक (ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत और कायस्थ) बिखर न जाये. भाजपा का यह डर उपमुख्यमंत्री के चयन में भी दिखता है. पिछली एनडीए सरकार में तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था. दोनों पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्ग से आते थे. वहीं, इस बार भाजपा कोटे से बने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कुशवाहा जाति (पिछड़ा वर्ग) और विजय कुमार सिन्हा भूमिहार (अगड़ी जाति) से आते हैं. विजय कुमार सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने यह संकेत दे दिया है कि वह अपने परंपरागत वोट बैंक को एकजुट रखना चाहती है. दूसरी बात यह कि भाजपा की ओर से पिछड़ी-अतिपिछड़ी जातियों के लिए जितना किया जाना था, वह काफी हद तक किया जा चुका है. सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री हैं. वहीं, अति पिछड़ा वर्ग से आनेवाले भीम सिंह और वैश्य समाज से आनेवाली धर्मशीला गुप्ता को राज्यसभा भेजा गया है. पिछड़ा वर्ग से आनेवाले नंदकिशोर यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है. वहीं, चंद्रवंशी समाज के डॉ. प्रेम कुमार मंत्रिपरिषद के सदस्य हैं. ऐसे में अब पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को कोई और पद देने से असंतुलन और असंतोष की स्थिति बन सकती है. जाहिर तौर पर भाजपा इससे बचना चाहेगी. इन स्थितियों में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद का नाम सामने आये, तो आश्चर्य नहीं. वैसे रेस में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी का भी नाम है.



**पूर्व राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी भी प्रदेश अध्यक्ष की रेस में**

अटकलों का बाजार गर्म है कि सुशील कुमार मोदी को न तो बिहार सरकार में कोई पद दिया गया है और न ही केंद्र की सरकार में. इस बार उन्हें राज्यसभा भी नहीं भेजा गया. ऐसे में माना जा रहा है कि सुशील कुमार मोदी को संगठन में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है. वह बड़ी जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष पद की भी हो सकती है. हालांकि वे पहले भी अध्यक्ष रह चुके हैं.

**क्या दलित चेहरा को आगे लायेगी भाजपा**

भाजपा को अपने परंपरागत वोटरों पर भरोसा है कि वह छिटक नहीं सकता. वहीं, पिछड़ा-अति पिछड़ा के लिए जितना किया जाना था, वह लगभग कर लिया गया है. ऐसे में अपने वोट बैंक के विस्तार के लिए भाजपा की नजर दलित वोटरों पर हो सकती है. दलित वोटरों को साधने का एक नायाब तरीका किसी दलित समुदाय के व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष बनाना हो सकता है. अगर भाजपा दलित चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहेगी, तो दावेदारों में सबसे आगे जनक चमार का नाम होगा. वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान, उनके बेटे गुरु प्रकाश पासवान, शिवेश राम और योगेंद्र पासवान के नाम पर भी विचार किया जा सकता है.

## मुजफ्फरपुर में ऑटो, बाइक और डंपर में टक्कर

# तीन लोगों की मौत, चार घायल

**संवाददाता।मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में रविवार देर रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए. हालांकि दो लोगों ने सोमवार सुबह दम तोड़ दिया. दरअसल, सभी लोग ऑटो से पूजा करवाने के लिए शहर में आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार एक हाइवा डंपर ने यात्री से भरे हुए सीएनजी ऑटो में टक्कर मार दी. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि अन्य लोग गंभीर रूप में घायल हो गए. वहीं, घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची जैतपुर ओपी पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया. जहां से गंभीर हालत को देखते हुए घायलों को एसकेएमसीएच में भेजा गया. जहां पर सोमवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. वहीं, इस दुर्घटना में चार अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं. मृतक की पहचान वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र निवासी उपेंद्र पासवान (45) के रूप में की गई है. जबकि अन्य मृतकों में जैतपुर ओपी क्षेत्र के चाको छपरा निवासी विजय कुमार और लखींद्र पासवान (45) शामिल हैं.

इस मामले को लेकर एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने बताया कि सरैया थाना क्षेत्र के जैतपुर ओपी क्षेत्र में रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक की मौत मौके पर हुई थी, जबकि दो अन्य की मौत इलाज के दौरान हुई है. शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. दो लोग वैशाली जिले के रहने वाले बताए गए थे.

## जन विश्वास यात्रा

### तेजस्वी यादव पर जेसीबी से बरसाए गए फूल

**अररिया ।** पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव जनता का विश्वास जीतने के लिए जन विश्वास यात्रा पर हैं. इसी कड़ी में तेजस्वी यादव सोमवार को अररिया जिला पहुंचे. जहां हजारों की संख्या में राजद के कार्यकर्ता और समर्थकों ने जेसीबी पर खड़े होकर फूलों की बारिश कर उनका हौसला आफजाई किया. मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि लोगों का प्यार व आशीर्वाद मिल रहा है. अगर इसी तरीके से आशीर्वाद मिलता रहा तो पूरी बहुमत के साथ राजद की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता.

# जहानाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से बाप-बेटे की मौत

**संवाददाता।पटना**

पटना-गया रेलखंड के जहानाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से सोमवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई. दोनों रिश्ते में बाप-बेटा थे. दोनों एक रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे. घटना टेहटा स्टेशन के पास की है. मृतकों की पहचान गया जिले के बाला बीघा गांव निवासी श्रवण कुमार और उनका बेटा जैकी कुमार के रूप में हुई है. दोनों बाप-बेटा घर से तिलक समारोह में जाने के लिए निकले थे. इसी दौरान टेहटा स्टेशन के पास रेल पटरी पार करने के दौरान ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए. दोनों बाप-बेटा की ट्रेन से कट कर मौत हो गई. जब दोनों वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी. परिजनों ने फोन कर रिश्तेदारों से पूछताछ की लेकर उनका कहीं पता नहीं चला. इसी बीच जानकारी मिली कि दोनों की ट्रेन से कट कर मौत हो गई है. जहानाबाद रेल थाना की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भेज दिया है.

## कारोबार

### लॉग9 मैटेरियल्स ने की साझेदारी

**मुंबई।** उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी कंपनी लॉग9 मैटेरियल्स ने इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ईटीओ मोटर्स के साथ साझेदारी की है. कंपनी ने सोमवार को बताया कि इसके तहत लॉग9 मैटेरियल्स ईटीओ मोटर्स के वाहन बेड़े को बैटरी समाधान प्रदान करेगी. लॉग9 मैटेरियल्स की अत्याधुनिक बैटरियों को ईटीओ मोटर्स के इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों में उनकी दो से तीन साल पुरानी बैटरियों की जगह लगाया जाएगा. लॉग9 मैटेरियल्स की इन उन्नत बैटरियों के साथ हमने वाहनों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है.

### धारावी परियोजना में सेवा कर रिफंड मिलेगा

**मुंबई।** मुंबई की सबसे बड़ी झुग्गी-बस्ती धारावी का पुनर्विकास पूरा होने के बाद स्थानीय कारोबारी इकाइयां राज्य माल एवं सेवा कर रिफंड सहित कई लाभ हासिल कर सकेंगी. अडाणी समूह और धारावी पुनर्विकास परियोजना ने कहा कि यह स्थानीय कारोबार क्षेत्रों को संगठित बनाने का एक कदम है और कर रियायतें महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए निविदा शर्तों के अनुसार हैं. डीआरपी के प्रवक्ता ने कहा कि हजारों करोड़ की पुनर्विकास परियोजना व्यवसायों की अनौपचारिक प्रकृति को बदलने के लिए तैयार है.

### एयरटेल के ग्राहकों को मिलेगी 5जी सेवा

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने सोमवार को कहा कि वह कोलकाता मेट्रो के यात्रियों को 5जी कनेक्टिविटी देने के लिए हुगली नदी के नीचे 35 मीटर की गहराई में उच्च क्षमता वाले नोड्स तैनात करेगी. हुगली नदी के नीचे एक सुरंग के जरिये हावड़ा को कोलकाता से जोड़ने वाली भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो का जून, 2024 में परिचालन शुरू होने की उम्मीद है. कंपनी ने बयान में कहा कि उच्च क्षमता वाले नोड्स लगाए जाने के बाद एयरटेल कोलकाता मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे में निर्बाध 5जी कनेक्टिविटी देने वाली पहली कंपनी बन जाएगी. यह 4.8 किलोमीटर लंबा गलियारा हावड़ा मैदान को एस्प्लेनेड से जोड़ता है.

## पिछले साल अगस्त में मुकेश अंबानी ने 100 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की थी

# सीबीजी स्थापित करने की तैयारी में रिलायंस

**भाषा ।नयी दिल्ली**

भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी किसी प्रोजेक्ट की घोषणा करने के साथ ही उसकी तैयारी में भी लग जाते हैं. अब खबर है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) में भी बड़ा दांव लगाने जा रही है. कंपनी अगले दो वर्षों में 5,000 करोड़ से अधिक की लागत से 50 से अधिक सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है. बता दें कि पिछले साल अगस्त में आरआईएल की वार्षिक आम बैठक में, अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पांच वर्षों में 100 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की थी. उस घोषणा के एक साल भी पूरे नहीं हुए और आगे की रणनीति तैयार होने लगी.

रिलायंस के एक अधिकारी ने बताया कि आरआईएल ने 50 से अधिक सीबीजी प्लांट बनाने के लिए निविदा जारी की है. ये प्लांट अगले दो साल के अंदर लगने वाले हैं. इसके अलावा जल्द ही शेष प्लांट्स के लिए निविदा जारी करेगी.

उन्होंने बताया कि यह टेंडर टेक्नोलोजी के साथ साथ इंजीनियरिंग, प्रोक्यूरमेंट और कंस्ट्रक्शन के लिए है. इस व्यक्ति ने बताया कि रिटेल से लेकर ऑयल रिफाइनिंग ग्रुप ने भी सीबीजी प्लांट की संख्या के लक्ष्य को 100 से संशोधित कर 106 कर दिया है. इस बारे में कंफर्मेशन के लिए ईटी ने आरआईएल को बीते 19 फरवरी को ही प्रतिक्रिया के लिए ईमेल भेजे गए थे, लेकिन इसका जवाब नहीं दिया गया.

बता दें कि सीबीजी अपशिष्ट या बायोमास स्रोतों से उत्पादित ग्रीन फ्यूल है. इसमें कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के समान गुण हैं. इसका उपयोग ऑटोमोटिव, औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोग के लिए किया जा सकता है.

- 50 से अधिक सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की योजना
- रिलायंस ₹5,000 करोड़ से अधिक का करेगी निवेश
- यह अपशिष्ट या बायोमास स्रोतों से उत्पादित ग्रीन फ्यूल है



**सालाना 2.5 मिलियन टन जैविक खाद का उत्पादन करने का भी लक्ष्य रखा**

आरआईएल ने अपनी सीबीजी इकाइयों के माध्यम से 5.5 मिलियन टन कृषि-अवशेषों और जैविक कचरे का उपयोग करने का लक्ष्य रखा है. कंपनी ने लगभग 2 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सालाना 2.5 मिलियन टन जैविक खाद का उत्पादन करने का भी लक्ष्य रखा है. ऐसा होता है तो आयातित लिक्विड नेचुरल गैस में प्रति वर्ष लगभग 0.7 मिलियन टन की कमी आएगी. ये सीबीजी यूनिट्स आरआईएल को शीघ्र ही जियो-बीपी के फ्यूल रिटेल शॉप पर सीबीजी और बायो-सीएनजी (बायोगैस का शुद्ध रूप) की खुदरा बिक्री बढ़ाने में मदद करेंगी. कंपनी की जियो-बीपी आउटलेट्स की स्थापना रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा की गई है, जो आरआईएल और ब्रिटिश ऊर्जा प्रमुख बीपी पीएलसी का संयुक्त उद्यम है.

# 'ट्रू-कॉलर' ने भारत में शुरू की एआई-संचालित रिकॉर्डिंग सुविधा

**भाषा।नयी दिल्ली**

कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित ऐप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की. इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा. कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी. यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी. इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी. यह महत्वपूर्ण बातचीत को दर्ज करने और उनके प्रबंधन का एक सुविधाजनक एवं कुशल तरीका मुहैया कराता है. ट्रूकॉलर ने इस सुविधा की शुरुआत की घोषणा करते हुए बयान में कहा कि कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी के आने से उपयोगकर्ताओं को जरूरी ब्योरा दर्ज करने की चिंता नहीं रह जाएगी और इससे कॉल के दौरान उत्पादकता सुधरेगी.

कंपनी ने कहा कि इस सुविधा के इस्तेमाल से समूची बातचीत का विस्तृत ब्योरा और उसका सारांश भी उपलब्ध हो जाएगा. इसके अलावा किसी भी कॉलर की बातचीत को अंग्रेजी और हिंदी में लिखित रूप में बदला जा सकेगा. यह खास सुविधा प्रीमियम प्लान के तहत ही उपलब्ध कराई जा रही है जो 75 रुपये मासिक या 529 रुपये सालाना की दर से शुरू होता है. ट्रूकॉलर के प्रबंध निदेशक और मुख्य उत्पाद अधिकारी ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि नवीनतम पहल ग्राहकों को अपनी बातचीत के प्रबंधन में अधिक नियंत्रण और लचीलापन देती है.




**कमजोर हाजिर मांग से चांदी वायदा कीमतों में गिरावट**



**नयी दिल्ली :** कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से सोमवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 329 रुपये की गिरावट के साथ 70,150 रुपये प्रति किग्रा रह गया. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 329 रुपये यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,150 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया. इसमें 18,884 लॉट का कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.58 प्रतिशत की हानि के साथ 23.06 डॉलर प्रति औंस रह गयी.

**मुनाफावसूली** सूचना प्रौद्योगिकी, धातु व टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के शेयरों में आई गिरावट

# सेंसेक्स 353 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**भाषा।मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 353 अंक के नुकसान में रहा. वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, धातु तथा टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से घरेलू बाजार में गिरावट रही. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 352.67 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,790.13 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 26 शेयर नुकसान में जबकि चार लाभ में रहे. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.65 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,122.05 अंक पर बंद हुआ. निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 नुकसान में रहे. इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले शेयरों में गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहा. सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स सर्वाधिक 3.9 प्रतिशत का नुकसान में रहा. विश्लेषकों ने आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज के पेंट बाजार में आने से घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने को लेकर चिंता जतायी है. इससे कंपनी का शेयर नुकसान में रहा.

अमेरिकी बाजार में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक, विप्रो और टेक महिंद्रा में गिरावट जारी रही. इसके अलावा नुकसान में रहने वाले अन्य शेयरों में टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और मारुति शामिल हैं.

**हाल की तेजी के बाद बाजार में सुस्ती**



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, हाल की तेजी के बाद बाजार में सुस्ती रही. निवेशकों की नजर अब कंपनियों के तिमाही परिणाम से आर्थिक संकेतकों की ओर है. उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद), यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति तथा अमेरिका में बेरोजगारी के आंकड़े महत्वपूर्ण है. केंद्रीय बैंक इन्हीं आंकड़ों के आधार पर ब्याज दर के बारे में निर्णय करेगा. इससे अल्पकाल में बाजार को दिशा मिलेगी. बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.38 प्रतिशत नीचे आया जबकि बीएसई 0.06 प्रतिशत के नुकसान में रहा. एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे. हालांकि, जापान का निक्की लाभ में रहा. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रुहा. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.11 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को शुद्ध लिवाल रहे. उन्होंने 1,276.09 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे.

# यात्री वाहन क्षेत्र की वृद्धि अगले वित्त वर्ष में 7% रहेगी : क्रिसिल

**एजेंसी।मुंबई**

यात्री वाहन (पीवी) क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में पांच से सात प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है. क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड की अगुवाई में यात्री वाहन क्षेत्र लगातार तीसरी बार नया शिखर छूएगा. एजेंसी ने कहा कि इसे चालू वित्त वर्ष में कारों और निर्यात की मांग सुस्त बनी रहने के बावजूद छह से आठ प्रतिशत की अनुमानित दर से बढ़त मिल सकती है. रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उपभोक्ता प्राथमिकता में एक महत्वपूर्ण बदलाव ने एसयूवी की मांग को बढ़ा दिया है, जिससे इस वित्त वर्ष में इसकी बाजार हिस्सेदारी दोगुनी होकर कुल घरेलू मात्रा का लगभग 60 प्रतिशत हो गई है. वित्त वर्ष 2018-19 में कोविड-19 महामारी से पहले एसयूवी खंड की घरेलू बाजार हिस्सेदारी लगभग 28 प्रतिशत थी. एजेंसी ने कहा कि पिछले तीन-चार साल में वाहनों की लागत में वृद्धि हुई है क्योंकि विनिर्माता प्रीमियम वाहनों की कीमतें बढ़ा रहे हैं और उन्हें सुरक्षा और उत्सर्जन पर अधिक कड़े नियमों का पालन करना पड़ रहा है. निर्यात के मामले में भी स्थिति ऐसी ही है. यात्री वाहन निर्यात की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2018-19 में लगभग 17 प्रतिशत की तुलना में चालू वित्त वर्ष में धीमी होकर 14 प्रतिशत रहने का अनुमान है. अगले वित्त वर्ष में भी यही रुझान रहने की संभावना है.




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले-
# विकसित भारत के लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र का बड़ा योगदान

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा. मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है. 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है. मोदी ने कहा कि हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है. विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं. विशेष रूप से, भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है. इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है. उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है.

## ब्रीफ खबरें

### ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष सोमवार को भी पेश नहीं होंगे. केंद्रीय जांच एजेंसी ने सातवीं बार समन भेजकर केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था. हम ने इस समन पर भी सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ईडी के दफ्तर नहीं जाएंगे. पार्टी ने कहा कि चूंकि अभी मामला अदालत में लंबित है.

### पूर्व विधायक सहित 12 पर मुकदमा दर्ज

**चंडीगढ़ ।** दिल्ली से सटे हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी और एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने सोमवार को हरियाणा के एक पूर्व विधायक और 11 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. राठी और पार्टी कार्यकर्ता जय किशन की रविवार को हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.

### संदेशखाली में तृणमूल नेता को किया गिरफ्तार

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने ग्रामीणों की जमीन हड़पने के आरोप में उत्तरी 24 परगना जिले के अशांत संदेशखाली से टीएमसी नेता अजीत मैती को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि फरार शाहजहां शेख के करीबी सहयोगी माने जाने वाले मैती को रविवार शाम को एक व्यक्ति के आवास से हिरासत में लिया गया, जहां उन्होंने ग्रामीणों द्वारा पीछा किए जाने के बाद खुद को चार घंटे से अधिक समय तक बंद कर रखा था.

### फलस्तीन के प्रधानमंत्री शतायेह ने इस्तीफा दिया

**यरूशलम।** फलस्तीन के पीएम मोहम्मद शतायेह ने सोमवार को बताया कि उनकी सरकार इस्तीफा दे रही है. उनके इस कदम से फलस्तीनी प्राधिकरण में अमेरिका समर्थित सुधारों का रास्ता खुल सकता है. राष्ट्रपति महमूद अब्बास को अभी यह तय करना होगा कि वह शतायेह और उनकी सरकार का सोमवार को दिया गया इस्तीफा स्वीकार करते हैं या नहीं. यह कदम पश्चिमी समर्थित फलस्तीनी नेतृत्व द्वारा उस बदलाव को स्वीकार करने की इच्छा का संकेत देता है.

### पीएम ने 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बोले-
# लीकेज-घोटालों को रोकने से रेलवे के विस्तार को मिली गति

**भाषा। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया. लीकेज और घोटालों को रोकने को अपनी सरकार की उपलब्धि के तौर पर गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजटीय आवंटन अधिक होने पर भी लीकेज से विकास बाधित होता है. 2014 से पहले की तुलना में नई रेलवे लाइनें बिछाने की गति दोगुनी हो गई है. युवाओं को आधुनिक परियोजनाओं का शीर्ष लाभार्थी मानते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे.

'विकसित भारत' युवा आकांक्षाओं का भारत है. वे युवाओं से कहना चाहते हैं,उनकी आकांक्षाएं ही मेरा संकल्प हैं! मेरे संकल्प के साथ आपके सपने और कड़ी मेहनत ही 'विकसित भारत' की गारंटी है. आधुनिक ढांचागत सुविधाओं को निवेश के लिए जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में हजारों स्टेशनों के आधुनिक होने पर भारतीय रेल की क्षमता बढ़ेगी और निवेश की एक बहुत बड़ी क्रांति आएगी.

### भारत सपनों को जल्द से जल्द साकार करने की ओर बढ़ चुका है

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को नये भारत की कार्यशैली का प्रतीक बताया और कहा कि अब भारत अभूतपूर्व स्तर पर अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है. छोटी-छोटी आकांक्षाओं से अलग होकर आज का भारत बड़े सपने देखने और उन सपनों को जल्द से जल्द साकार करने की ओर बढ़ चुका है. अपनी सरकार की वापसी पर विश्वास जताते हुए प्रधानमंत्री ने अगले कार्यकाल में विकास की गति को और अधिक विस्तार और गति देने का वादा किया. उन्होंने कहा कि इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है लेकिन अभी से जिस स्तर और गति से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है.



### 40 हजार करोड़ की परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतरीं

**खास बातें**
- बोले-परियोजना आने से रोजगार के अवसर आएंगे
- कड़ी मेहनत ही विकसित भारत की गारंटी है
- भारतीय रेल की क्षमता बढ़ेगी, निवेश बढ़ेगा

प्रधानमंत्री ने सोमवार को 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास किया. इसमें 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी शामिल हैं. 40 हजार करोड़ की परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेलवे में अभूतपूर्व कार्य हुआ है. कभी कल्पना में जिन बातों को सोचा जाता था, आज वे हकीकत बन रही हैं. एक दशक पहले तक अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी. एक दशक पहले तक नमो भारत जैसी शानदार रेल सेवा के बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं था. बीते 10 वर्षों में नई रेलवे लाइन बिछाने की गति दोगुनी हो गई है. जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक भारतीय रेल पहुंच रही है.

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दिया आदेश
# पूजा जारी रखने की दी अनुमति

**भाषा। प्रयागराज**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर व्यास जी के तहखाने का वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को 'रिसीवर' (प्रभारी) नियुक्त करने और तहखाने में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी के जिला न्यायाधीश के निर्णयों के खिलाफ दायर अपील सोमवार को खारिज कर दी.

न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 15 फरवरी को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था. न्यायमूर्ति अग्रवाल ने कहा कि व्यास जी के तहखाना में पूजा-अर्चना जारी रहेगी. ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली

**ज्ञानवापी का मामला**



अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के दोनों निर्णयों के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी. दोनों ही अपील को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति अग्रवाल ने कहा, इस मामले के संपूर्ण रिकॉर्ड को देखने और संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत को वाराणसी के जिला जज द्वारा पारित निर्णय में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला.

अदालत ने कहा कि इन दो आदेशों (वाराणसी की अदालत के) के खिलाफ दायर अपील में मस्जिद कमेटी अपने मामले को सिद्ध करने और जिला अदालत के आदेश में किसी प्रकार की अवैधता दर्शाने में विफल रही है. इसलिए इस अदालत द्वारा किसी तरह का हस्तक्षेप वांछित नहीं है. न्यायमूर्ति अग्रवाल ने कहा कि उस स्थान पर पूजा पहले ही प्रारंभ हो चुकी है और जारी है इसलिए उसे रोकने का कोई औचित्य नहीं है.

### मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने तीन दिनों में 4 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया

**मुंबई ।** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने तीन दिनों के भीतर नौ अलग-अलग मामलों में 4.06 करोड़ रुपये का 7.57 किग्रा से अधिक सोना और एक आईफोन जब्त किया है. बरामद किया गया सोना यात्रियों के पहने हुए कपड़ों, शरीर पर और उनके हैंडबैग में छुपाया था. कस्टम सूत्रों के अनुसार उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही है. पिछले तीन दिनों में अलग-अलग नौ मामलों में कस्टम की टीम ने विभिन्न देशों से आए यात्रियों की तलाशी ली. इन सभी ने क्रॉकरी के बॉक्स, पहने हुए कपड़े, हैंड बैग के फ्रेम में सोना छुपाया था, जिसे बहुत तकनीकी तरीके से तलाशी लेकर पकड़ लिया गया है.

## जौनपुर में बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर, छह मजदूरों की मौत

**भाषा। जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद में रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से छह मजदूरों की मौत हो गई है. इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं. यह हादसा सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज इलाके में हुआ. अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने सोमवार को यह बताया कि रविवार देर रात्रि करीब 11.15 बजे सिकरारा अंतर्गत समाधगंज बाजार के पास जौनपुर-प्रयागराज हाईवे पर मकान की छत ढालने वाले मजदूर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर जा रहे थे. इस दौरान प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस की टक्कर ट्रैक्टर ट्राली से हो गई और वह असंतुलित होकर पलट गई. हादसे में ट्राली पर सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मछली शहर भेजा गया. शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. एएसपी ने बताया कि हादसे की तस्वीरें देखने से पता चल रहा है कि वाहन तेज रफ्तार में थे. दुर्घटना में पांच की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि इलाज के दौरान एक की मौत हो गई. इस तरह से इस हादसे में कुल छह लोगों की मौत हुई है. घटना में विधिक कार्रवाई की जा रही है.

### राहुल-थरूर के खिलाफ सीपीआई ने उतारे कैंडिडेट

**नयी दिल्ली ।** इंडिया ब्लॉक को झटका देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने सोमवार को केरल में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपने चार उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की. सीपीआई ने तिरुवनंतपुरम से पन्नियन रवींद्रन और वायनाड से एनी राजा को मैदान में उतारा है. वीएस सुनील कुमार त्रिशूर से और अरुण कुमार मावेलिकारा से चुनाव लड़ेंगे. बता दें कि सीपीआई राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, फिर भी उसने केरल में उन दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं, जहां से कांग्रेस के दो बड़े नेता वर्तमान में सांसद हैं. कांग्रेस के शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से और राहुल गांधी वायनाड से सांसद हैं.

## मरयम बनीं पाक के पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम

**भाषा। लाहौर**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी व मरयम नवाज सोमवार को पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं. पीएमएल-एन की 50-वर्षीया वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरयम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' -समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता. मरयम पीटीआई-समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के राणा आफताब को हराकर



राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री बनीं. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की आबादी 12 करोड़ है. मुख्यमंत्री पद के चुनाव के लिए पंजाब प्रांत के विस पहुंचने से पहले अपनी मां कुलसूम नवाज की जाति उमरा स्थित कब्र पर गईं. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिये पीएमएल-एन ने जानकारी दी कि मरयम ने अपने दादा-दादी की कब्र का भी दौरा किया.

### बंगाल में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में 49 वर्षीय तृणमूल कांग्रेस नेता (टीएमसी) की जमीन विवाद को लेकर लोगों के एक समूह ने गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि टीएमसी नेता की पहचान बिजन दास के रूप में की गई है. बिजन दास पर यह हमला तब हुआ जब वह पार्टी के एक सहयोगी के घर गए थे. पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुमा एक पंचायत के उप मुखिया दास को नजदीक से दो बार गोली मारी गई, एक गोली उनके सिर में लगी और दूसरी उनके बाएं कान को पार कर गई. पुलिस ने बारासात मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया.

### मराठा आरक्षण आंदोलन
## महाराष्ट्र के तीन जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**भाषा। मुंबई**

मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में जारी आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महाराष्ट्र के जालना, छत्रपति संभाजीनगर और बीड जिलों में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि इन जिलों की सीमाएं भी एहतियातन सील कर दी गई हैं. एक अधिकारी ने राज्य गृह विभाग के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर अफवाहों के प्रसार के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए तीन जिलों में इंटरनेट सेवाएं सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक निलंबित कर दी गई हैं. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बीड जिले में बिना अनुमति के प्रदर्शन करने के आरोप में तीन मामले दर्ज किए गए हैं और राज्य परिवहन की एक बस को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है.

### निक्की हेली बोलीं-
### साउथ कैरोलाइना में ट्रंप से हार कहानी का अंत नहीं

**ट्रॉय (अमेरिका) ।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने अपने गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाथों हार मिलने के बाद कहा कि वह अब भी मुकाबले में बनी हुई हैं और कहानी अभी खत्म नहीं हुई है. साउथ कैरोलाइना में रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने हेली को शनिवार की हार के बाद मुकाबला से अपना नाम वापस लेने की सलाह दी लेकिन हेली इसे अनसुना कर रविवार को मिशिगन रवाना हो गईं.



### कॅरियर-काउंसिलिंग
# ज्वेलरी डिजाइनिंग पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर

भारतीय ट्रेडिशन में गहनों को पवित्र और कीमती माना जाता है. आभूषण महिलाओं के श्रृंगार का महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालांकि प्राचीन काल में इनका स्वरूप मोती मणियों के आभूषण के रूप में था, जो अब बदल कर सोने-चांदी के आभूषण हो गए हैं. इन आभूषणों को अलग-अलग तरीके से तैयार किया जाता है, सोने-चांदी के गहने तैयार करने में कापी बारीकी से काम किया जाता है. महीन कलाकृतियां भी उकेरी जाती हैं. इसके लिए ज्वेलरी डिजाइनर्स की जरूरत पड़ती है. देश-दुनिया में ज्वेलरी डिजाइनर्स की काफी डिमांड है, खासकर वैसे डिजाइनर्स की जिन्होंने ज्वेलरी डिजाइनिंग पाठ्यक्रम पूरा किया है. 20वीं सदी के दौरान ज्वेलरी की डिजाइनिंग फॉर्मेट में लगातार बदलाव हुए हैं.

### ज्वेलरी डिजाइनिंग के कौन-कौन से कोर्स

- बीडी ज्वेलरी डिजाइनिंग
- बीए ज्वेलरी डिजाइनिंग
- बीकॉम ज्वेलरी डिजाइनिंग एवं टेक्नॉलोजी
- बीएससी ज्वेलरी डिजाइनिंग एंड मैनेजमेंट
- बीबीए ज्वेलरी डिजाइनिंग एंड मैनेजमेंट
- डिप्लोमा प्रोग्राम इन ज्वेलरी डिजाइनिंग एवं टेक्नॉलोजी
- कांप्रिहेंसिव ज्वेलरी डिजाइनिंग
- बेसिक ज्वेलरी डिजाइनिंग
- ज्वेलरी डिजाइनिंग: फिनिशिंग, पॉलिशिंग एंड इलेक्ट्रोप्लेटिंग
- ज्वेलरी डिजाइनिंग: इंग्रेविंग एंड इनमेलिंग
- ज्वेलरी डिजाइनिंग: स्टोन सेटिंग
- जेमोलॉजी पाठ्यक्रम
- डायमंड ग्रेडिंग कोर्स





### ज्वेलरी डिजाइनिंग के लिए प्रवेश परीक्षा

- ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम फॉर डिजाइनिंग
- जीडी ज्वेलरी डिजाइंनिंग एप्टिट्यूट टेस्ट
- जीएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग एप्टिट्यूट टेस्ट
- पर्ल एकेडमी एंट्रेंस एग्जाम
- एनआईएफटी एंट्रेंस एग्जाम
- एआईईईडी एंट्रेंस एग्जाम

### ज्वेलरी डिजाइनिंग कोस लिए टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आर्क एकेडमी ऑफ डिजाइन, जयपुर
- महात्मा ज्योति राव फूले विश्वविद्यालय, जयपुर
- आरटीएमएनयू, नागपुर
- सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मॉस कम्यूनिकेशन, नागपुर
- जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर
- एएएफटी मीडिया और कला विश्वविद्यालय, रायपुर
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गुड़गांव
- भारतीय रत्न और आभूषण संस्थान, नई दिल्ली और मुंबई
- जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई
- भारतीय आभूषण संस्थान, मुंबई
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन, दिल्ली, जयपुर, मुंबई और नोएडा
- वोग इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, बेंगलोर में कला और डिजाइन कॉलेज

### कैसे करें आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट पर साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें, फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### विदेशी यूनिवर्सिटी

- कला विश्वविद्यालय, लंदन
- बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी
- हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय
- इंग्लैंड का पश्चिम विश्वविद्यालय
- रॉबर्ट गॉर्डन विश्वविद्यालय
- ग्रिफ़िथ विश्वविद्यालय
- एनएससीएडी विश्वविद्यालय
- क्रिएटिव आर्ट्स के लिए विश्वविद्यालय
- अल्स्टर यूनिवर्सिटी
- लासाल कॉलेज
- डंडी विश्वविद्यालय

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)